kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-280 ❑ शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रही है। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने इस सफलता में योगदान दिया है। हम एक स्वस्थ और फिट भारत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। **नरेंद्र मोदी**

बोत्सवाना ने राष्ट्रपति मुर्मु की मौजूदगी में प्रोजेक्ट चीता के तहत भारत को आठ चीते भेंट किए 11

मतदाताओं को धमकाने वाला मुखिया प्रतिनिधि गिरफ्तार 12

# बाबरी बरसी पर थी 32 कार धमाकों की साजिश

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की राजधानी को दहलाने वाली लाल किला ब्लास्ट की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों को पता चला है कि यह धमाका किसी अकेली घटना का हिस्सा नहीं था, बल्कि बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी 6 दिसंबर को देशभर में किए जाने वाले 32 कार धमाकों की श्रृंखला का आरंभ था। आतंकियों का मकसद था कि इस दिन पूरे भारत में दहशत फैलाकर बाबरी का बदला लिया जाए।

सूत्रों के अनुसार, फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े कुछ डॉक्टर इस साजिश के केंद्र में थे। इनमें डॉ. मुजम्मिल गनी, डॉ. उमर नबी और डॉ. निसार अहमद जैसे नाम शामिल हैं। इन सभी का संबंध आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से बताया जा रहा है। पुलिस ने अब तक आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से छह डॉक्टर हैं। बताया जा रहा है कि इन सफ़ेदपोश आतंकियों ने विश्वविद्यालय के कमरों को ही विस्फोटक बनाने की प्रयोगशाला में बदल रखा था। 10 नवंबर की शाम लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी एक हुंडई आई 20 कार में जोरदार धमाका हुआ। धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए। जांच में पता चला कि यह कार उन्हीं 32 कारों में से एक थी जिन्हें बम से भरकर देशभर में अलग-अलग जगहों पर पार्क किया जाना था। पुलिस का कहना है कि यह सीरियल रिवेंज अटैक का पहला वार था।

फोरेंसिक जांच में सामने आया कि विस्फोट में उपयोग किए गए रसायन अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और फ्यूल ऑयल थे–जिनका प्रयोग औद्योगिक और कृषि कार्यों में किया जाता है, लेकिन इन्हें मिलाकर अत्यधिक शक्तिशाली विस्फोटक बनाया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, जब भी विस्फोटक तैयार होते थे, तो संदेश भेजा जाता था– Shipment ready & Package delivered & इन कोडवर्ड का उपयोग उनके आतंकवादी नेटवर्क में सुरक्षित संवाद के लिए किया जाता था। पुलिस को दोनों मुख्य संदिग्धों – डॉ. उमर नबी और डॉ. मुजम्मिल गनी – के पासपोर्ट पर तुर्किये के इमिग्रेशन स्टैम्प मिले हैं। एजेंसियां यह जांच रही हैं कि क्या वे वहां किसी विदेशी हैंडलर से मिले थे। संभावना जताई जा रही है कि उन्होंने वहीं से विस्फोटक बनाने की तकनीक और एनक्रिप्टेड कम्युनिकेशन की ट्रेनिंग ली थी।

लाल किला ब्लास्ट में कार चला रहे व्यक्ति की पहचान को लेकर पहले संदेह था। लेकिन अब डीएनए परीक्षण ने साफ कर दिया कि कार चला रहा व्यक्ति डॉ. उमर नबी ही था। कार के स्टीयरिंग व्हील और एक्सीलेटर के बीच फंसे एक पैर के हिस्से से डीएनए सैंपल लिए गए, जो नबी की मां के डीएनए से मेल खाते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट में कुल 21 जैविक नमूने फॉरेंसिक साइंस लैब को भेजे गए थे। इनमें नबी का पैर भी शामिल था। इससे पहले वह कार मुंबई-एक्सप्रेसवे ● शेष पेज 11 पर

## खतरनाक इरादा

- ❑ अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों ने रची थी साजिश, 6 डॉक्टर गिरफ्तार, विस्फोटक को 'शिपमेंट' और 'पैकेज' कहा जाता था
- ❑ विस्फोटकों को शिपमेंट और पैकेज कोडवर्ड से छिपाया गया
- ❑ डीएनए जांच से पुष्टि–कार डॉ. उमर नबी ही चला रहा था
- ❑ दिल्ली, यूपी, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में फैला था आतंकी मॉड्यूल




## जांच में सामने आए तीन बड़े खुलासे

**पहला खुलासा**: जांच में पता चला कि आतंकियों ने लाल किले की रेकी जनवरी 2025 में ही कर ली थी। गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनी और विस्फोट में मारे गए डॉ. उमर नबी कई बार लाल किले के आसपास देखे गए थे। उनके मोबाइल डंप डेटा से यह भी साबित हुआ कि उन्होंने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था और भीड़भाड़ का पैटर्न बारीकी से समझा था। एजेंसियों को शक है कि पहले वे 26 जनवरी को लाल किले पर हमला करने की फिराक में थे, पर सुरक्षा व्यवस्था के कारण योजना विफल हो गई।

**दूसरा खुलासा**: साजिश का अगला लक्ष्य 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी थी। नबी चाहता था कि उस दिन दिल्ली समेत कई शहरों में धमाके हों। लेकिन डॉ. मुजम्मिल गनी की गिरफ्तारी से उनका प्लान बिगड़ गया। पूछताछ में यह सामने आया कि नबी ने दिल्ली में रेड फोर्ट के आसपास के मार्गों की कई बार वीडियो रिकॉर्डिंग भी की थी, ताकि सटीक समय और स्थान चुना जा सके।

**तीसरा खुलासा**: डॉ. मुजम्मिल गनी विस्फोटक सामग्री को फरीदाबाद में अपने किराए के कमरे में खाद की बोरी बताकर रखता था। पड़ोसियों ने जब पूछा तो उसने कहा था कि यह कश्मीर भेजने के लिए खाद है। बाद में पुलिस ने उसी कमरे से 360 किलो विस्फोटक जब्त किया। कमरे के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी पुलिस ने कब्जे में ली है। जांच एजेंसियों को आतंकियों के मोबाइल फोन से ऐसे चैट और ईमेल मिले हैं, जिनमें विस्फोटकों को शिपमेंट और पैकेज जैसे कोडवर्ड से संबोधित किया गया था। विदेशी हैंडलर्स से इनका संवाद एनक्रिप्टेड ऐप्स के ज़रिए होता था, ताकि खुफिया एजेंसियों को भनक न लगे।

# 'दोषियों को सजा दुनिया को संदेश देगी'

एजेंसी



❑ केंद्रीय गृह मंत्री शाह का बयान

अहमदाबाद/नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में हुए विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया।

शाह ने कहा, जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें कानून के कटघरे में लाया जाएगा और सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। भारत सरकार और गृह मंत्रालय इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी जताई।

गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प कि इस आतंकवादी हमले के सभी जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा दी जाएगी, निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली आतंकी हमले के दोषियों को दी जाने वाली सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि हमारे देश में कोई भी ऐसे हमले के बारे में सोचने की भी हिम्मत न करे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है और मोदी इस वैश्विक संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

## अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर गिरी गाज, रद्द हुई सदस्यता

दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार धमाके में फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े लोगों का नाम सामने आ रहा है। ऐसे में अब यूनिवर्सिटी के ऊपर भी ऐक्शन होना शुरू हो गया है। गुरुवार को भारतीय विश्वविद्यालय संघ ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी की सदस्यता को रद्द कर दिया। संघ ने एक आधिकारिक पत्र के जरिए इस निर्णय की जानकारी दी।

## संक्षेप

### राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर कल आयेंगे लखनऊ

**लखनऊ।** लखनऊ से सांसद व केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीए दौरे पर शनिवार 15 नवंबर को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार प्रातः 11:40 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सदर जाएंगे और वहां संस्कृत पाठशाला ऑडिटोरियम जायेंगे। इसके बाद शाम को 4:00 बजे राजाजीपुरम में राजकुमार चिल्ड्रन एकेडमी में ''वरिष्ठ कार्यकर्ता जन संवाद'' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उसके बाद राज्यसभा सांसद संजय सेठ के विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास जाएंगे।अगले दिन रविवार को अपराह्न 12:00 बजे सेक्टर 19 पासी चौराहा वृंदावन कॉलोनी में शहीद वीरांगना ऊदा देवी के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

### प्रवर्तन कांस्टेबल भर्ती दक्षता परीक्षा के लिए 6060 पाए गए पात्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रवर्तन कांस्टेबल के 477 पदों पर भर्ती में लिखित परीक्षा के आधार पर 6060 अभ्यर्थियों को शारीरिक मानक, शारीरिक प्रवीणता व दक्षता परीक्षा के लिए पात्र पाया है। यह परीक्षा फरवरी 2026 माह में कराने की तैयारी है। आयोग के अध्यक्ष एसएन साबत की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में कटऑफ को मंजूरी दी गई। चार अभ्यर्थियों को शर्तों के साथ इसमें शामिल किया गया है और स्वास्थता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने व विभाग के निर्णय के अधीन इनका चयन होगा।

### चीन सीमा के निकट वर्षों से बंद पड़े न्योमा एयर बेस को चालू किया भारत ने

नयी दिल्ली। भारत ने पूर्वी लद्दाख में अपनी सैन्य तैयारियों को पुख्ता करते हुए चीन के साथ 1962 की लड़ाई के बाद से बंद पड़े सामरिक रूप से महत्वपूर्ण न्योमा एयर बेस को एक बार फिर से सक्रिय रूप से चालू कर दिया है। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बुधवार को खुद वहां जाकर इसका उद्घाटन किया। एयर चीफ मार्शल वायु सेना के भारी भरकम मालवाहक विमान सी–130 जे में वहां उतरे और एयर बेस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ वायु सेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख भी थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्ष 2023 में इस एयरबेस पर निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किया था जिस पर 218 करोड़ रुपये की लागत आई है और इसे सीमा सड़क संगठन ने बनाया है। दुनिया के सबसे ऊंचे हवाई ठिकानों में शुमार न्योमा एयर बेस करीब 13 हजार 500 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। इस बेस से चीन की सीमा केवल 23 किलोमीटर दूर है। थॉयस, करगिल और लेह के बाद लद्दाख में यह वायु सेना का चौथा बेस है और इसे लड़ाकू विमानों , हेलिकॉप्टरों और मालवाहक उडानों के उतरने तथा उडान भरने में सक्षम बनाया गया है।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट दो की मौत, तीन गंभीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ दीपावली पश्चात खुफिया तंत्र ने नहीं किया रूख

बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट के सराय बरई गांव में गुरुवार दोपहर एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ, कुछ ही क्षणों में दूर-दूर तक धुआं फैला और आसमान ढक गया। विस्फोट से फैक्ट्री में काम कर रहे कई लोग चपेट में आए,पिता पुत्र समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए,जबकि दो लोगों की मौके पर ही मौत हुई। देर शाम तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने आईजी प्रवीण कुमार के साथ घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया।

टिकैत नगर थाना अंतर्गत सराय बरई गांव निवासी खालिद ने करीब 500 मीटर दूर खेत में पटाखा निर्माण फैक्ट्री बना रखी है। दीपावली से लेकर अब तक पटाखा निर्माण का कार्य जारी था।सहालग के सहारे बड़े स्तर पर पटाखा ● शेष पेज 11 पर

# शाहीन सईद का अतीत टटोलने प्रयागराज पहुंची सुरक्षा एजेंसियां

प्रयागराज। दिल्ली बम ब्लास्ट के मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार शाम प्रयागराज के मोती लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज में आकर संदिग्ध आतंकी शाहीन सईद से संबंधित दस्तावेज खंगाले। बम ब्लास्ट के बाद गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन सईद का प्रयागराज मेडिकल कॉलेज से भी नाता रहा है। बताया जा रहा है की वर्ष 1996 में डॉक्टर शाहीन सईद ने एमबीबीएस में प्रवेश लिया था और मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रहते हुए 2002 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद यहीं से शाहीन सईद ने फार्मा कोलॉजी में एमडी की डिग्री भी हासिल की थी। एमडी करने के बाद 2006-07 में यूपी लोक सेवा आयोग से गणेश शंकर विद्यार्थी कानपुर मेडिकल कॉलेज में बतौर असिस्टेंट प्रोफ़ेसर नौकरी ज्वाइन की थी। सुरक्षा एजेंसियां डॉ शाहीन सईद के डॉक्यूमेंट की जांच पड़ताल कर रही हैं। मेडिकल कॉलेज से जुड़े दस्तावेज भी खंगाले जा रहे हैं, डॉ शाहीन सईद के बारे में उसके बैच मेट से भी ● शेष पेज 11 पर

# बिहार में मतगणना आज, राज्यस्तर पर लगाये गये 4,372 काउंटिंग टेबल

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना शुक्रवार, 14 नवंबर को सुबह 8:00 बजे से शुरू होगी।

चुनाव आयोग ने पारदर्शिता, सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) की गिनती सबसे पहले शुरू होगी। इसके बाद सुबह 8:30 बजे से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की मतगणना शुरू की जाएगी। पोस्टल बैलेट की गिनती संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर या असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों के सामने होगी। बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर मतगणना के लिए व्यवस्था की गई है। हर क्षेत्र के लिए एक रिटर्निंग ऑफिसर और एक काउंटिंग ऑब्जर्वर तैनात रहेगा। परिणामों को राउंड-वाइज और विधानसभा-वार संकलित कर संबंधित आरओ की ओर से चुनाव आयोग के आधिकारिक परिणाम पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। ईवीएम गिनती के दौरान हर कंट्रोल यूनिट को टेबल पर लाया जाएगा और एजेंटों को दिखाया जाएगा कि उसकी सील और सीरियल नंबर में दर्ज विवरण से मेल खाते हैं या नहीं। अगर किसी बूथ में मतों की संख्या या रिकॉर्ड में कोई असमानता पाई जाती है, तो उस मतदान केंद्र की वीवीपैट पर्चियों की अनिवार्य रूप से गिनती की जाएगी। पूरे राज्य में 4,372 काउंटिंग टेबल्स लगाई गई हैं। प्रत्येक टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाइज़र, एक काउंटिंग असिस्टेंट और एक माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है। इसके अलावा 18,000 से अधिक काउंटिंग एजेंट, जो उम्मीदवारों की ओर से नियुक्त किए गए हैं, मतगणना प्रक्रिया की निगरानी करेंगे जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। ईवीएम की गिनती पूरी होने के बाद हर विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों का यादृच्छिक चयन (रैंडम सिलेक्शन) किया जाएगा, जहां वीवीपैट पर्चियों का मिलान ईवीएम परिणामों से किया जाएगा। यह कार्य उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की मौजूदगी में होगा। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एक भी पुनर्मतदान नहीं हुआ। 2,616 उम्मीदवारों और 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से किसी ने भी पुनर्मतदान की मांग नहीं की है। इसी तरह विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान भी किसी जिले से कोई अपील दर्ज नहीं हुई। राज्य के सभी 38 जिलों में चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। ● शेष पेज 11 पर



# 43 दिन बाद अमेरिका में समाप्त हुआ शटडाउन

एजेंसी



❑ ट्रम्प ने व्यय विधेयक पर किया हस्ताक्षर

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अल्पकालिक व्यय विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद अमेरिका के इतिहास में सबसे लंबा समय तक चला शटडाउन समाप्त हो गया है।

श्री ट्रम्प ने बुधवार को शटडाउन को आधिकारिक रूप से समाप्त करने के लिए एक सरकारी वित्त पोषण विधेयक पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही देश भर में 43 दिनों से ठप पड़ा संघीय कामकाज फिर से शुरू हो गया। उन्होंने रिपब्लिकन सांसदों और पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी में ओवल ऑफिस में अल्पकालिक व्यय विधेयक पर हस्ताक्षर किये। इस कदम की घोषणा करते हुए उन्होंने शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को दोषी ठहराया और कहा कि उन्होंने यह पूरी तरह से राजनीतिक कारणों से किया गया था। गौरतलब है कि अमेरिका कांग्रेस (संसद) की प्रतिनिधि सभा ने बुधवार देर रात इस विधेयक को 222-209 मतों से मंजूरी दे दी। इससे ठीक दो दिन पहले सीनेट ने भी इसी विधेयक को बहुत कम अंतर से पारित किया था। श्री ट्रंप ने सदन में मतदान के कुछ ही घंटों के भीतर इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप दे दिया। ओवल ऑफिस से उन्होंने कहा कि संघीय एजेंसियाँ अब सामान्य कामकाज फिर से शुरू कर सकेंगी। शटडाउन से लोगों को बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, ''पिछले 43 दिनों से, कांग्रेस में डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी करदाताओं से अवैध विदेशियों के लिए अरबों डॉलर की जबरन वसूली करने की कोशिश करने में अमेरिकी सरकार को बंद ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ढोल-नगाड़ों की थाप पर किया जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ


# जनजातियों के विकास को मिशन मोड में काम कर रही सरकार : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ मुख्यमंत्री बोले-भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि धरती आबा बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने अभियान चलाया, जिस पर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने जनजाति समुदाय को नारा दिया कि 'अपना देश-अपना राज'। देश हमारा है तो राज भी हमारा ही होना चाहिए, विदेशी हुकूमत भारत में राज न करे।

धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने 15 नवंबर को जनजाति दिवस के रूप में आयोजित करने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री योगी ने ये बातें गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ढोल-नगाड़ों की थाप पर जनजाति भागीदारी उत्सव के शुभारंभ अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी नौकरी के विज्ञापन निकालते थे तो अनुसूचित जाति-जनजाति की पूरी सीटें नहीं भर पाती थीं। अभी हाल में 60,244 पुलिस की भर्ती की गई तो इसमें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें उसी समाज के युवाओं से भरी गई। यह चीजें दिखाती हैं कि उनके शिक्षा का स्तर, भागीदारी बढ़ी है। शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया कि उत्तर प्रदेश में जितनी भी जनजातियां हैं, उन्हें अधिकार प्राप्त हों और उन्हें सेचुरेशन के लक्ष्य तक पहुंचाने की दिशा में कार्य हो। थारू, मुसहर, चेरो, बुक्सा, सहरिया, कोल, गौड़ आदि जनजातियों को शासन की सभी योजनाओं से आच्छादित करने के लिए सरकार ने मिशन मोड पर अभियान चलाया। मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाभियान की चर्चा मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजाति समुदाय के लिए पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के माध्यम से अनेक कार्यक्रम प्रारंभकिए गए हैं। बिजनौर में बुक्सा जनजाति को सूची में श्रेणीबद्ध किया गया है। इसके तहत 815 परिवारों को, इसमें बुक्सा जनजाति के 145 पीएम आवास व समस्त घरों के विद्युतीकरण, पेयजल, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी सेंटर, पांच बसावटों में मोबाइल टावर, पांच मल्टीपर्पज सेंटर व पांच वनधन केंद्र स्वीकृत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जितनी भी अनुसूचित जनजाति की बस्तियां हैं, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत उन्हें सभी सुविधाओं से आच्छादित किया जा रहा है। इसके लिए 26 जनपदों के 47 ब्लॉक व 517 ग्रामों को चिह्नित किया है। अब तक 1.50 लाख छात्रों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया है। 22 राज्यों के कलाकार बन रहे सहभागी मुख्यमंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक समागम में 22 राज्यों के कलाकारों को जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कलाकार सहभागिता की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश पार्टनर स्टेट है। गुजरात, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, मिजोरम, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल, असम, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखंड व पंजाब के कलाकार उत्तर प्रदेश में आकर जनजाति भागीदारी उत्सव में सहभागी बन रहे हैं। यहां हस्तशिल्प व कला प्रदर्शनी, व्यंजन मेला और जनजाति साहित्य को समर्पित साहित्यिक व ● शेष पेज 11 पर



# प्रयागराज में बिल्डरों और नगर निगम की मिलीभगत से टैक्स चोरी का बड़ा खेल

**35 से 80 लाख तक के फ्लैट बिके, पर नगर निगम में नहीं हुआ पंजीकरण**

**सरकार को हर साल करोड़ों का नुकसान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। शहर में बिल्डरों और नगर निगम की मिलीभगत से टैक्स चोरी का बड़ा मामला उजागर हुआ है। करोड़ों रुपये के फ्लैट बिक जाने के बावजूद नगर निगम में उनका पंजीकरण नहीं कराया गया। निगम अधिनियम की धाराओं के तहत यह प्रक्रिया अनिवार्य है, परंतु राजस्व निरीक्षकों और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते न तो टैक्स वसूला गया और न ही भवनों का विधिवत पंजीकरण हुआ।

सूत्रों के अनुसार, शहर के विभिन्न क्षेत्रों – करेली, नैनी, झूंसी, कटरा, सिविल लाइंस, सुलेम सराय, मुंडेरा, मंदर, बमरौली और कालिंदीपुरम – में सैकड़ों ऐसे फ्लैट हैं जिनकी बिक्री 35 लाख से 80 लाख रुपये तक में हुई है। इन फ्लैट्स में लोग रह भी रहे हैं, लेकिन नगर निगम के अभिलेखों में उनका कोई नामोनिशान नहीं है।नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 146 और 147 के अनुसार, हर नए भवन या प्रोजेक्ट का निगम में पंजीकरण आवश्यक है। निर्माण पूर्ण होने के बाद भवन स्वामी या बिल्डर को इसकी सूचना निगम को देना और हाउस टैक्स निर्धारण कराना होता है। राजस्व निरीक्षक और भवन कर अधिकारी को क्षेत्रीय सर्वे कर रिपोर्ट नगर आयुक्त को प्रस्तुत करनी होती है, किंतु यह व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है।अधिनियम की धारा 214 के तहत यह दायित्व भी बिल्डर पर है कि वह निर्माण की जानकारी निगम को दे। ऐसा न करना टैक्स चोरी की श्रेणी में आता है। बावजूद इसके, नगर निगम प्रशासन ने अब तक किसी भी बिल्डर पर ठोस कार्रवाई नहीं की है। उल्टे, टैक्स जमा करने वाले सामान्य उपभोक्ताओं पर बार-बार रिवीजन का दबाव बनाया जाता है।शहर के राजस्व विशेषज्ञों का कहना है कि यदि निगम स्तर पर सभी बिल्डरों की सूची बनाकर जांच कराई जाए और बिना पंजीकरण वाली परियोजनाओं पर कार्रवाई की जाए, तो सरकार को हर वर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व मिल सकता है।

नगर निगम के फील्ड इंस्पेक्टरों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। कई बार नए भवनों की रिपोर्ट आयुक्त कार्यालय में नहीं भेजी जाती, जिससे टैक्स निर्धारण प्रक्रिया रुक जाती है।फिलहाल यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर आयुक्त और जिला प्रशासन इस मामले में कब तक कार्रवाई करते हैं, क्योंकि मामला सीधे राजस्व हानि और प्रशासनिक मिलीभगत से जुड़ा है।

# अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने जिला खरीद अधिकारी एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता के साथ आज मण्डी समिति रायबरेली में स्थापित/संचालित 9 धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मण्डी समिति में संचालित धान क्रय केन्द्रों पर किसानों की धान खरीद का कार्य प्रारम्भ पाया गया। उन्होंने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक किसानों से सम्पर्क स्थापित करते हुये मानक के अनुरूप धान की तौल ससमय सुनिश्चित करायी जाये। किसी भी दशा में किसानों को केन्द्रों से वापस न किया जाये।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/जिला खरीद अधिकारी द्वारा रैण्डम आधार पर अपने धान का विक्रय कर चुके कृषकों से दूरभाष पर वार्ता की गयी, जिसमें कृषकों द्वारा अपना धान केन्द्र पर बेचे जाने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त होने की पुष्टि की गयी। उन्होंने मण्डी समिति रायबरेली में भारतीय खाद्य निगम के स्थापित क्रय केन्द्र रायबरेली मण्डी के केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि बैनर पर केन्द्र प्रभारी का नाम व धान की उत्पादकता का विवरण अंकित करायें। उन्होंने सभी मण्डी सचिवों को मण्डी परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के कड़े निर्देश दिये गये। सभी क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपनी तहसील में स्थापित धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते हुये नियमानुसार खरीद कराना सुनिश्चित करें। सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को धान खरीद हेतु समस्त अभिलेखों की जांच करते हुये खरीद किये जाने तथा कृषक के नॉमिनी के आधार कार्ड की एक प्रति सुरक्षित रखने के निर्देश दिये गये। जिला खाद विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में अबतक 92 क्रय केन्द्रों पर कुल 567 कृषकों से 2896.13 मी0टन की धान खरीद हो चुकी है तथा 9913 कृषक पंजीकरण हो चुके हैं।

## यूपीपीएससी ने घोषित की आरओ / एआरओ मुख्य परीक्षा की तारीखें

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने आरओ/एआरओ मुख्य परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है। परीक्षा 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी।पहले दिन यानी 31 जनवरी को दो पालियों में परीक्षा होगी – पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक। पहली पाली में प्रारंभिक परीक्षा जैसा प्रश्न पत्र होगा, जबकि दूसरी पाली में द्वितीय प्रश्न पत्र आयोजित किया जाएगा।1 फरवरी को अभ्यर्थियों को हिंदी निबंध का प्रश्न पत्र देना होगा, जो सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक चलेगा।आयोग ने अभ्यर्थियों को समय पर अपनी तैयारी पूरी करने और निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

## माघ मेले में विद्युत कार्यों का शुभारंभ, गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर

प्रयागराज । पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी शंभू कुमार गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे और माघ मेले में विद्युत विभाग के कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सभी विद्युत कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरे किए जाएंगे। मेला प्रशासन द्वारा तैयार खाके के अनुसार विभाग कार्य कर रहा है। एमडी ने बताया कि कार्य में मैनपावर और मैटेरियल की कोई कमी नहीं है और अधिकारी-कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर कार्य को समय पर पूर्ण करने में जुटे हैं ताकि किसी को असुविधा न हो।

## अरैल में यमुना किनारे बनेगा पब्लिक प्लाजा पार्क भारतीय और जापानी संस्कृति का होगा अनूठा संगम

प्रयागराज। अरैल क्षेत्र में यमुना किनारे एक भव्य पब्लिक प्लाजा पार्क का निर्माण शुरू हो गया है। यह पार्क भारतीय और जापानी स्थापत्य कला और सांस्कृतिक विरासत का बेजोड़ उदाहरण बनेगा। करीब 124 करोड़ रुपये की लागत से नगर विकास विभाग की ओर से इस परियोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है।पार्क का डिजाइन दोनों देशों की साझी सांस्कृतिक विरासत को समर्पित होगा। इसमें शांति, ध्यान और आत्मचिंतन की भावना को केंद्र में रखते हुए 'जेन गार्डन' भी तैयार किया जा रहा है। यह गार्डन जापान की शिन्तो संस्कृति और भारत की सनातन संस्कृति के मेल का प्रतीक बनेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह परियोजना न केवल प्रयागराज के सौंदर्यीकरण में नई पहचान जोड़ेगी, बल्कि पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए एक आकर्षण का केंद्र भी बनेगी।

## लखनऊ से यूएई के लिए एयर इंडिया की सीधी उड़ान शुरू

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी लखनऊ के यात्रियों के लिए खुशखबरी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस जल्द ही लखनऊ से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है। यह सेवा 8 दिसंबर से प्रारंभ होगी।एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या ऋड्ड-124 लखनऊ से रात 9:10 बजे उड़ान भरेगी। यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन–सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित की जाएगी।नई सेवा से खाड़ी देशों में रोजगार और व्यापार से जुड़े यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। सीधे हवाई संपर्क से लखनऊ और यूएई के बीच आर्थिक व व्यावसायिक संबंधों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## खपाल पर लगा होलिका दहन स्थल पर अवैध कब्जा करवाने का आरोप

लखनऊ। गोसाईगंज इलाके की ग्राम पंचायत धौरहरा में कार्यरत लोकपाल अमित कटियार पर होलिका दहन स्थल पर अवैध कब्जा करवाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान गया प्रसाद पुत्र प्रभु की ओर से 11 नवम्बर 2025 को लिखित शिकायत मोहनलालगंज तहसीलदार से की गई थी।शिकायत कर्ता के अनुसार उनकी ग्राम पंचायत में प्लाटिंग करने वालों ने होलिका दहन स्थल पर कब्जा कर लिया है।विरोध करने पर ग्राम प्रधान को लेखपाल की ओर से धमकी देते हुए कहा गया है कि इस मामले में जिसे जो करना हो करे।कुछ होने वाला नहीं है।

# विश्वप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय हॉकी व पत्रकार की पुण्यतिथि आज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ खेल पत्रकार संघ (एल.एस.जे.ए) के पूर्व आजीवन अध्यक्ष एवं संस्थापक, वरिष्ठ खेल पत्रकार कबीर शाह साहब की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उनके लखनऊ में गोलागंज स्थित आवास पर उनकी याद में परंपरागत कार्यक्रम होगा। प्रख्यात खेल पत्रकार कबीर शाह लखनऊ खेल पत्रकार संघ के दो बार अध्यक्ष रहे जिसके बाद उन्हें उसका आजीवन अध्यक्ष चुना गया था।वह ऑल इंडिया रेडियो के लोकप्रिय प्रोड्यूसर और दूरदर्शन के मशहूर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी कॉमेंटेटर थे। कबीर शाह प्रमुख अख़बारों जैसे क़ौमी आवाज़, पायनियर आदि से भी बतौर पत्रकार जुड़े रहे। विश्वप्रख्यात हाकी के दिग्गज के.डी. सिंह ''बाबू '' से उनकी मित्रता व दादा ध्यानचंद से उनकी घनिष्ठता आज भी पुराने खिलाड़ी याद करते हैं। कबीर शाह का देहांत 14 नवंबर सन 1996 को लखनऊ में हआ था। उनकी याद में समय-समय पर क्रिकेट, ताइक्वांडो आदि खेल प्रतियोगिताओं का जिले, मंडल व राज्य सतर पर सामाजिक व खेल व पत्रकार संघठनों द्वारा आयोजन किया जाता रहा है।

# श्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सव तृतीय दिवस सम्पन्न, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रतापगढ़। ग्राम खूझी (ब्लॉक मांधाता) में जारी सात दिवसीय ल्लश्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सवङ्क के तीसरे दिन समाजिक चेतना, संस्कार और आध्यात्मिक अनुभूति का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी की अध्यक्षा डॉ. निरुपमा सिंह के नेतृत्व में चल रहे इस आयोजन में भक्ति के साथ समाजोत्थान और सशक्तिकरण का स्वर गूंजता रहा।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने समाजसेविका डॉ. निरुपमा सिंह के जनहितैषी प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ल्लऐसे आयोजनों से केवल आस्था नहीं, बल्कि जागरूकता का भी प्रसार होता है। जब समाज दहेज, भेदभाव और कुरीतियों से मुक्त होता है, तभी सच्चे अर्थों में विकास संभव है। तीसरे दिन का प्रथम सत्र दहेज उन्मूलन और सामाजिक चेतना को समर्पित रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर विस्तार से चर्चा की गई तथा इस योजना के तहत विवाह बंधन में बंध चुके 11 युगलों को सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने प्रत्येक युगल को उपहार भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि ल्लजो परिवार दहेज रहित विवाह जैसे आदर्श कदम उठाते हैं, वे समाज में एक नई दिशा स्थापित करते हैं। द्वितीय सत्र में डॉ. निरुपमा सिंह और विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं में स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। सांध्य सत्र में आचार्य श्री राजन दीक्षित जी महाराज ने कुंती-भीष्म स्तुति और श्रीशुकदेव उपदेश के माध्यम से भक्ति, मोक्ष और आत्म-शुद्धि का गहन संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. निरुपमा सिंह ने कहा कि ल्लस्तुति चैरिटेबल सोसाइटी का उद्देश्य समाज में जागरूकता, स्वास्थ्य सुरक्षा और दहेज-मुक्त विवाह जैसी सकारात्मक पहल को जन-आंदोलन बनाना है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वास्थ्य-सजग बनाने की दिशा में यह आयोजन एक प्रेरक उदाहरण है। वहीं प्रदीप सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना हमारा उद्देश्य है। समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना इसी का हिस्सा है। लोगों को इन योजनाओं की जानकारी लेकर इसका लाभ उठाना चाहिए ताकि दहेज जैसी कुरीतियाँ समाज से समाप्त की जा सकें।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने प्रयागराज में आत्मनिर्भरता की ओर थीम पर आयोजित किया 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा'

**बैंक ने इस कार्यक्रम के माध्यम से 750 से अधिक किसानों से किया जनसंपर्क**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में ल्लआत्मनिर्भरता की ओरङ्क थीम के तहत 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के 8वें संस्करण के अंतर्गत एक मेगा किसान मेला आयोजित किया। यह वार्षिक पहल जो दिनांक 3 से 15 नवम्बर, 2025 तक आयोजित की जा रही है।

बैंक की भारत के कृषि एवं ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों में जागरूकता, वित्तीय समावेशन और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।कार्यक्रम में सौम्या अग्रवाल (आईएएस),मंडलायुक्त, प्रयागराज मंडल, मनीष कुमार वर्मा (आईएएस), जिलाधिकारी, प्रयागराज, मिथिलेश कुमार, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, वाराणसी अंचल, मनोज कुमार तिवारी, क्षेत्रीय प्रमुख, प्रयागराज क्षेत्र, श्री चंद्रकांत चक्रवर्ती, क्षेत्रीय प्रमुख, प्रयागराज-ऋ्र क्षेत्र, सुधीर कुमार पाण्डेय, सहायक महाप्रबंधक एवं एलडीओ (आरबीआई), अनिल शर्मा, सहायक महाप्रबंधक एवं डीडीएम (नाबार्ड), एस के राय, संयुक्त निदेशक, कृषि विभाग, पवन कुमार विश्वकर्मा, उप निदेशक ऽ कृषि विभाग, प्रयागराज, डॉ. मदन सिंह, कृषि वैज्ञानिक तथा प्रयागराज जिले की सभी शाखाओं के प्रमुख उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान मेगा किसान मेला, किसान बैठकें, क्रेडिट कैंप एवं वित्तीय साक्षरता सत्रों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 750 से अधिक किसानों एवं व्यापारियों ने भाग लिया। कुल ?62.71 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र किसानों एवं व्यापारियों को संवितरित किए गए। वाराणसी अंचल के अंतर्गत बैंक के 19 जिले और 6 क्षेत्रीय कार्यालय आते हैं।मेले में बैंक द्वारा विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें कृषि उपकरण, स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित खाद्य उत्पाद स्टॉल और वित्तीय समावेशन एवं आरसेटी के भी स्टॉल लगे हुए थे।इसके साथ ही, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसान भाइयों एवं बहनों को बैंक की विभिन्न योजनाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का होता है विकास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। अमावां ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय थुलवासा में गुरुवार को संकुल स्तरीय बेसिक शिक्षा विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थुलवासा चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक गुड्डू और शैल कुमारी ने की। कार्यक्रम में खेलकूद में पूर्व माध्यमिक विद्यालय थुलवासा और कंपोजिट विद्यालय बावन बुजुर्ग बल्ला रहा। उच्च प्राथमिक हिलगी के छात्रों ने पीटी की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में खेल भावना से ही बच्चों को खेलना चाहिए। यही बच्चे बेहतर से बेहतर करते रहेंगे तो एक दिन इन्हीं में से कोई पीटी ऊषा तो कोई सुधा सिंह कल बनेगा। उन्होंने जीवन में खेल के महत्व को समझाते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन की उदासी, निरसता को दूर कर देता है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-38-2025-26 | | |
| कार्य का नाम: "प्रोविजन ऑफ यू0 ऍफ0 एस0 बी0 आई0 इन प्लेस ऑफ डाईडो ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट इन पी0 ऍफ0 एम0– ऐ0 आर0 के0 एच0 ऐ0 सेक्शन ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थर्न रेलवेज।" | | | |
| अनुमानित लागत | रु 69,70,818.73 | निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 1,39,400.00 | कार्य पूरा करने की अवधि | 240 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.12.2025 15:30 बजे तक | | |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | | |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू० सं०–106–सिग–टेंडर–38/2025–26 दिनांक: 12.11.2025** **3528/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| Auction catalogue No./Lot no. | CateringPLP-PFM |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 03.11.2025 |
| Auction Start (All Lots) | 19.11.2025 at 11:00 hrs |
| Auction close Date/Time | 19.11.2025 at 11:40 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under: -**

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PHAPHAMAU | Catg-LKO-PFM-GMU-196-25-1 | PFM/PF-1 /44/ADDL | 19.11.2025 at 11:30 hrs. | GMU | |
| 2 | PHULPUR | Catg-LKO-PLP-SMU-66-24-1 | PLP/PF2 &3/222/ ADDL | 19.11.2025 at 11:40 hrs. | SMU | OBC |

3527/25 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक उत्तर रेलवे, लखनऊ

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# कौशांबी नगर पालिकाओं में मैनपावर ठेकों पर उठे पारदर्शिता के सवाल

**भरवारी में अर्चना एसोसिएट, मंझनपुर में दूसरी फर्म को ठेका**

**सैकड़ों कर्मचारियों की नियुक्ति व भुगतान प्रक्रिया संदिग्ध**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज/कौशांबी। जिले की नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में मैनपावर सप्लाई के ठेकों को लेकर पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, भरवारी नगर पालिका परिषद में अर्चना एसोसिएट को मैनपावर का ठेका मिला है, जबकि मंझनपुर नगर पालिका परिषद में किसी अन्य एजेंसी को यह कार्य सौंपा गया है। दोनों ही पालिकाओं में सैकड़ों कर्मचारियों की तैनाती बताई जा रही है, परंतु नियुक्ति प्रक्रिया, भुगतान व्यवस्था और कार्य सत्यापन पर संदेह बना हुआ है।भरवारी नगर पालिका में लगभग 450 मैनपावर और मंझनपुर में 300 से अधिक कर्मचारियों के कार्यरत होने का दावा किया गया है। इनमें सफाईकर्मी, चालक, पंप ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, राजमिस्त्री और अन्य श्रेणियों के कर्मचारी शामिल हैं। सवाल यह है कि इन नियुक्तियों में चयन की प्रक्रिया क्या थी? क्या सभी कर्मियों का पंजीकरण, उपस्थिति और वेतन भुगतान नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज है, या फिर यह सब केवल कागज़ों तक सीमित है?नगर निकाय अधिनियम, 1916 की धारा 127(1)(ख) और धारा 131 के अनुसार, किसी भी नगर निकाय द्वारा ठेका लेने या देने से पूर्व पारदर्शी निविदा प्रक्रिया (ड्डद्दद्बद्दद्ग- घ्न्धद्दद्गपप) अपनाना अनिवार्य है। प्रत्येक अनुबंध की सूचना सार्वजनिक सूचना पट पर प्रदर्शित की जानी चाहिए तथा भुगतान केवल कार्य सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर ही किया जा सकता है।लेकिन कौशांबी की कई पालिकाओं में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। कुछ पालिकाओं में मैनपावर चयन पूरी तरह ठेकेदार के विवेक पर किया गया, जबकि कई जगह बिना विज्ञापन या इंटरव्यू के ही कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई। इससे फर्जी नियुक्तियों और वित्तीय गड़बड़ियों की आशंका और गहरी हो गई है।सूत्रों के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया में बिडर्स की संख्या, चयन के मानक और मूल्यांकन रिपोर्ट तक को सार्वजनिक नहीं किया गया। नागरिक संगठनों का आरोप है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से मैनपावर सेवाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर धन का दुरुपयोग हो रहा है।अब निगाहें इस बात पर हैं कि जिला प्रशासन या स्थानीय निकाय निदेशालय इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराता है या यह मामला अन्य कई मामलों की तरह फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

# वक्फ संपत्तियों का पूरा विवरण बोर्ड के पास, फिर भी पोर्टल पर दर्ज कराने की जिम्मेदारी मुतवल्लियों पर क्यों : अनीस मंसूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने वक्फ संपत्तियों के रिकॉर्ड को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि वक्फ संपत्तियों की हिफाजत और निगरानी के लिए गठित वक्फ बोर्ड अब अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है।

अनीस मंसूरी ने कहा कि वक्फ अधिनियम 1995 में धारा 54 के तहत नाजायज़ कब्जे हटाने और धारा 52 के तहत बिक चुकी वक्फ संपत्तियों को वापस हासिल करने का स्पष्ट प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद, वक्फ संपत्तियों का पूरा विवरण बोर्ड के पास होने के बावजूद अब पोर्टल पर संपत्ति का रिकॉर्ड दर्ज कराने की जिम्मेदारी मुतवल्लियों पर छोड़ दी गई है, जो अत्यंत अनुचित है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रदेश की जिन वक्फ संपत्तियों में मुतवल्ली ही नहीं हैं, वहां उम्मीद पोर्टल पर आखिर कौन संपत्तियां दर्ज करेगा? उन्होंने कहा कि यह कार्य वक्फ बोर्ड की जिम्मेदारी है, जिसे पारदर्शिता के साथ स्वयं संपन्न किया जाना चाहिए, ताकि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अनीस मंसूरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भेजकर यह मांग की है कि वे न केवल उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड, बल्कि देशभर के सभी वक्फ बोर्डों को निर्देश दें कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियां दर्ज करने का कार्य संबंधित वक्फ बोर्ड स्वयं करें, न कि मुतवल्लियों के भरोसे छोड़ा जाए। उन्होंने अपने पत्र में यह भी लिखा है इस्लाम में वक्फ संपत्तियों की अवधारणा केवल पसमांदा तबके के यतीमों, गरीबों, विधवा महिलाओं और जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने के लिए की गई थी। लेकिन वक्फ माफियाओं के बढ़ते प्रभाव के कारण आज इन संपत्तियों का लाभ असली हकदारों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

# विकसित उत्तर प्रदेश के लिए कृषि विभाग ने लिए 22 संकल्प: सूर्य प्रताप शाही

**17 नवंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 पर विचार मंथन**

**किसानों की आय तीन गुना करने पर कृषि विभाग का फोकस**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को कृषि भवन सभागार, लखनऊ में ललविकसित उत्तर प्रदेशअ2047ङ्क विषय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री के ललविकसित भारतअ2047 दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने सभी विभागों के लिए दीर्घकालिक योजनाएँ तैयार की हैं। इसी क्रम में कृषि विभाग ने भी एक ठोस कार्ययोजना तैयार की है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाकर उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और टिकाऊ कृषि अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है।

कृषि मंत्री ने बताया कि ललविकसित उत्तर प्रदेशअ2047ङ्क विषय पर जन संवाद एवं विचार मंथन कार्यक्रम आगामी 17 नवंबर 2025 को मरकरी हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। इसमें लगभग 300 कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, प्रगतिशील कृषक और अधिकारी सहभाग करेंगे। इस कार्यक्रम में नीति आयोग, भारत सरकार के परामर्श से कृषि क्षेत्र का दीर्घकालिक विजन डॉक्यूमेंट-2047 तैयार किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की कृषि उत्पादन क्षमता, निर्यात, प्रसंस्करण और रोजगार सृजन को केंद्र में रखा जाएगा।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश गेहूं, चावल, गन्ना और आलू उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। जबकि बाजरा, मसूर, राई और सरसों में दूसरा तथा दलहन उत्पादन में चौथा स्थान प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय को तीन गुना करना, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, कृषि निर्यात को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाना, महिला किसानों की भागीदारी में वृद्धि करना, जैविक उत्पादों का राज्य स्तरीय ब्रांड तैयार करना, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का विस्तार और तकनीकी नवाचारों को नीति-निर्माण में शामिल करना भी इन संकल्पों का हिस्सा है।कृषि मंत्री ने कहा कि इन 22 संकल्पों के माध्यम से उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित, आत्मनिर्भर और आधुनिक कृषि राज्य के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस दिशा में नवाचार, तकनीकी एकीकरण, मूल्य संवर्धन, बाजार विस्तार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने किसानों, वैज्ञानिकों और युवाओं से अपील की कि वे इस मिशन में सक्रिय भागीदारी करें, ताकि उत्तर प्रदेश देश के कृषि मानचित्र पर ललविकसित उत्तर प्रदेशअ2047ङ्क के रूप में एक नई पहचान स्थापित कर सके। प्रेसवार्ता में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख भी उ?पस्थित रहे।

## नगराम में पटाखा गोदामों का एसीपी ने किया औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप



नगराम, लखनऊ। नगराम में बुधवार दोपहर लाइसेंस धारी एक टीन शेड मकान में हुए भीषण विस्फोट के बाद पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। गुरुवार को एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगराम क्षेत्र के कई पटाखा गोदामों और दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अग्निशमन यंत्र, बालू और पानी की बाल्टियों जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। साथ ही पटाखा व्यापारियों के अभिलेखों की भी गहन जांच की गई। एसीपी पाण्डेय व थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने नगराम कस्बे सहित बहरौली, करोरा, दयोती आदि क्षेत्रों में जाकर दुकानों और गोदामों का निरीक्षण किया। पुलिस प्रशासन ने सभी लाइसेंसधारी व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी के घर में अवैध रूप से पटाखों का जखीरा पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ पश्चिम में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकली पदयात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राजाजीपुरम से बालागंज चौराहा तक भव्य पदयात्रा निकाली गई। देशभक्ति नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने एकता के प्रतीक लौह पुरुषङ्क सरदार पटेल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह और आनंद त्रिवेदी रहे। इस अवसर पर प्रतिमा मिश्रा, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, राम अवतार कनौजिया सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिंह तथा भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।अपने उद्बोधन में नीरज सिंह ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश दिया तथा सभी से राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## शाहीन शाहीद और डॉक्टर परवेज के संबंधों की जांच तेज

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । शाहीन शाहीद प्रकरण में अब डॉक्टर परवेज का नाम भी सुर्खियों में है। सूत्रों के अनुसार सहारनपुर में शाहीन शाहीद और डॉक्टर परवेज की कई बार मुलाकातें हुई थीं। जांच एजेंसियां अब दोनों के संबंधों की गहराई से पड़ताल कर रही हैं।जानकारी के अनुसार डॉक्टर परवेज ने लखनऊ के एरा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया था। वर्ष 2015 में आगरा के सरोजिनी नायडू अस्पताल में नौकरी करने के बाद उन्होंने 4 नवंबर 2016 को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह करीब डेढ़ वर्ष तक लापता रहे।बाद में उन्होंने मई 2018 में सहारनपुर मेडिकल कॉलेज ज्वाइन किया और इस दौरान वहीं एक क्लीनिक भी संचालित की। गायब रहने के दौरान डॉक्टर परवेज के मालदीव में नौकरी करने की भी पुष्टि हुई है। जुलाई 2021 में उन्होंने लखनऊ कीइंटीग्रल यूनिवर्सिटी से जुड़ाव किया।सुरक्षा एजेंसियां अब डॉक्टर परवेज के अदील और मुजम्मिल से संबंधों की भी जांच कर रही हैं।

## कार ब्लास्ट में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित



लखनऊ। देश की राजधानी नई दिल्ली में हुए कार ब्लॉस्ट की घटना में कई लोगों के मारे जाने की दुःखद घटना को लेकर प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाये जाने एवं इस घटना में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार शाम को शहीद स्मारक पर दीप जलाकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई।इस मौक़े पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह चौहान,वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह,द्विजेंद्र त्रिपाठी,शिव पाण्डेय,नागेन्द्र सिंह चौहान महासचिव/प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ,शहर जिलाध्यक्ष लखनऊ के साथ हजारों लोगों ने मृतक आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना किया।

## रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र मे सुल्तानपुर रोड के किनारे स्थित लक्ष्मण पुर गांव में दयाल एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से, सुकृति पैथ लैब के सहयोग से, एक व्यापक रक्त दान एवं निः शुक्ल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।आयोजन दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस परिसर में संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य समुदाय के सदस्यों को रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने और अपने समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।शिविर में बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों तथा स्टाफ सदस्यों ने रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त मौके पर, उपस्थित प्रतिभागियों को विशेषज्ञ चिकित्सा पेशेवरों द्वारा रक्तचाप, रक्त शर्करा, और बॉडी मास इंडेक्स सहित निःशुल्क स्वास्थ्य जांचों का लाभ भी मिला। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मौखिक स्वास्थ्य के महत्व पर बल देते हुए, निःशुल्क दंत जांच भी की गई। आधुनिक जीवन शैली के तनाव को प्रबंधित करने में सहायता हेतु तनाव प्रबंधन सत्र भी आयोजित किए गए।यह शिविर डी जी आई सेमिनार हॉल में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चला। यहां पर स्वास्थ्य सेवा के प्रति सामूहिक समर्पण परिलक्षित हुआ।

## सबसे कम उम्र की 'राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' विजेता नन्ही ब्लॉगर अक्षिता

लखनऊ । 21वीं सदी की डिजिटल दुनिया में बच्चों की रचनात्मकता नए आयाम छू रही है। उत्तर प्रदेश की नन्ही ब्लॉगर अक्षिता (पाखी) इसका उदाहरण हैं, जिन्हें मात्र 4 वर्ष 8 माह की आयु में वर्ष 2011 में भारत सरकार के 'राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ब्लॉगिंग और कला के क्षेत्र में अद्‌भुत योगदान के लिए तत्कालीन महिला एवं बाल विकास मंत्री कृष्णा तीरथ ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रदान किया था।आज़मगढ़ निवासी व कानपुर में जन्मी अक्षिता के पिता कृष्ण कुमार यादव भारत सरकार में पोस्टमास्टर जनरल हैं, जबकि मां आकांक्षा यादव प्रवक्ता एवं साहित्यकार हैं। अक्षिता का ब्लॉग 'पाखी की दुनिया' (द्धद्य्य्धः//ध्थद्मद्धद्ध-थद्मपद्धद्वष्थ.ध्द्यधद्दपध्धप.दधद्व/) 2009 में शुरू हुआ और जल्द ही लोकप्रियता हासिल कर लिया।अक्षिता को नेपाल और श्रीलंका में हुए अंतरराष्ट्रीय ब्लॉगर सम्मेलनों में भी सम्मानित किया गया। उनकी कविताएं व चित्र अनेक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययनरत अक्षिता का लक्ष्य आईएएस अधिकारी बनना है।अक्षिता सामाजिक कार्यों, पर्यावरण संरक्षण और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से भी जुड़ी हैं। नन्ही उम्र में मिली यह सफलता साबित करती है कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती।

## सेंट जोसेफ कॉलेज की रुचि खंड शाखा ने किया वार्षिक समारोह ''अभियक्ति 2025'' का आयोजन

**कार्यक्रम 'उड़ान सपनों की' के साथ मनाया अपना चौथा स्थापना दिवस**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सेंट जोसेफ कॉलेज रुचि खंड शाखा ने उड़ान-सपनों की के साथ अपना चौथा स्थापना दिवस और वार्षिक समारोह अभियक्ति 2025 मनाया। लखनऊ महापौर सुषमा खरकवाल सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शाम के मुख्य आकर्षणों में तीसरी कक्षा के छात्रों द्वारा वंदना, प्ले वे और नर्सरी के बच्चो द्वारा ड्रीमर्स-नए सपनों की दुनिया और दूसरी कक्षा के छात्रों द्वारा अनंत अनादि एकता से संतान की राह शामिल थे। मुख्य अतिथि सुषमा खरकवाल ने अपने संबोधन में युवा मस्तिष्कों को पोषित करने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की और एक मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में मूल्य आधारित शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने अपने ज्ञानवर्धक शब्दों में छात्रों को बड़े सपने देखने और ईमानदारी और अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संस्थान की सफलता में अटूट प्रतिबद्धता और योगदान के लिए सबकी सराहना की। वहीं विभिन्न प्री प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों ने दीक्षा, शिक्षा और संस्कार का संगम, खेल स्पर्धा-अनुशासन से लक्ष्य तक, ख्वाहिशों का कारवां, हौसलों से आसमान तक और प्राइमरी के बच्चों ने एक गौरवपूर्ण उड़ान जैसी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, क्षेत्रीय परिषद हिमांशु अंबेडकर, गौरी सांवरिया, शिवपाल सांवरिया आदि उपस्थित रहे।

## विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर मधुमेह जागरूकता का संदेश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर रूमी गेट से मधुमेह जागरूकता का संदेश दिया गया। यह पहल रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया उत्तर प्रदेश शाखा के सचिव डॉ. अजय तिवारी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे प्रो. अमोद सचान, चेयरमैन, हिंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, विशिष्ट अतिथियों में विधायक डॉ. नीरज बोरा, अनुराग मिश्रा सभासद और प्रो. अनुज माहेश्वरी, अध्यक्ष आरएसएसडीआई उत्तर प्रदेश शाखा शामिल रहे। इस अवसर पर नीली रोशनी में दिखाई दिया रूमी गेट, ताकि लखनऊ भी उस वैश्विक मुहिम का हिस्सा बने जो इंटरनेशनल डायबिटीज फ़ेडरेशन हर साल दुनिया भर में चलाती है।

## सीपीआई सर्वेक्षण कार्य के लिए एक दिवसीय क्षेत्रीय स्तरीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, दिल्ली के मूल्य सांख्यिकी प्रभाग के अपर महानिदेशक संजय ने किया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार ने एइघ्क्र के शुभारंभ के संबंध में सीपीआई सर्वेक्षण कार्य के लिए एक दिवसीय क्षेत्रीय स्तरीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, दिल्ली के मूल्य सांख्यिकी प्रभाग के अपर महानिदेशक संजय ने किया। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक घरेलू उपभोग के लिए खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के सामान्य स्तर में समय के साथ होने वाले बदलावों को दर्शाता है। सीपीआई का उपयोग मूल्य वृद्धि के हिसाब से कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता निर्धारित करने के लिए भी किया जाता है। मनोज कुमार, उप महानिदेशक, एनएसओ, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ, डॉ. सुचिता गुप्ता, उप महानिदेशक, एनएसओ, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ और उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन डिम्पल यादव, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के मार्गदर्शन में उनकी टीम द्वारा किया गया।

## दो पक्षों की मारपीट, चार दर्जन से ज्यादा अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज, सात गिरफ्तार

**पुलिस टीम पर हमला सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। थाना क्षेत्र में अंबेडकर नगर वार्ड के तिरुपति बालाजी मंदिर के समीप बीते मंगलवार को दो पक्षों द्वारा आपस में मारपीट की गई थी जिसके संबंध में स्थानीय थाना पर दोनों पक्षों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। उक्त प्रकरण में पुलिस द्वारा गुरुवार को दोनों पक्षों के 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। आरोपियों में अंकित पुत्र अमृतलाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम चिल्लावां, वार्ड नं 03 थाना सरोजनीनगर, सर्वेश उर्फ अंकुश पुत्र गंगा प्रसाद उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड सं 04 अंबेडकरनगर बंथरा, रामप्रकाश पुत्र लक्ष्मण, उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम बंथरा,अखिलेश पुत्र राम प्रकाश, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बंथरा, सिकंदरपुर वार्ड सं 04, तुलसीराम पुत्र लक्ष्मण उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बंथरा,अर्जुन गौतम पुत्र कल्लू, उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बंथरा, युवराज गौतम पुत्र दिलीप कुमार, उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बंथरा रहे। पुलिस के मुताबिक प्रकरण में फरार अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है, शीघ्र ही गिरफ्तारी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी है।

### 40 से 50 लोगों पर पुलिस ने दर्ज कराया मुकदमा

इसी मामले में गुरुवार को पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और पथराव करने के आरोप में करीब 4 दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बंथरा थाने के उपनिरीक्षक श्याम जी मिश्र ने यह रिपोर्ट दर्ज कराई है।उनकी तहरीर के अनुसार 12 अक्टूबर की शाम गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली कि अंबेडकर नगर वार्ड स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर के पास 2 पक्षों में मारपीट और पथराव हो रहा है। सूचना पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां कई लोग घायल अवस्था में जमीन पर पड़े मिले।पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजने की व्यवस्था की। उनका आरोप है कि इसी दौरान 40 से 50 अज्ञात पुरुष और महिलाएं एकजुट होकर पुलिस टीम पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अचानक ईंट-पत्थर बरसाने लगे। भीड़ ने घायलों को अस्पताल ले जा रहीं गाड़ियों पर भी पथराव किया और उन्हें रोकने की कोशिश की।पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उपनिरीक्षक श्याम जी मिश्र ने आरोप लगाया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने के साथ पुलिस बल पर भी हमला किया गया। बंथरा थाने में उनकी तहरीर पर 4 दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। गौरतलब है कि मंगलवार को पुरानी रंजिश के चलते हुए इस संघर्ष में एक पक्ष के 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग चोटिल हुए थे।

## भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के चेयरमैन बने सुधीर एस. हलवासिया

**श्याम मोहन दूबे को वाईस चेयरमैन और शैलेन्द्र अग्रहरि, अमित गुप्ता बने प्रदेश उपाध्यक्ष**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । देश के शीर्ष व्यापारिक एवं उद्यमी संगठन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का गठन किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को महिमा मंडित करने अथवा निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु नहीं किया गया है, केंद्रीय नेतृत्व की सोच और दिशा देश के प्रत्येक छोटे-बड़े उद्यमी व्यापारी को सम्मान और शक्ति दिलाने की है, इसी के लिए निरंतर कार्य करते हुए अनेक निर्णय केंद्र, प्रदेश की सरकारों से कराए गए है।

देश, प्रदेश का व्यापारी अपने को सुरक्षित, सम्मानित एवं समर्थ महसूस कर रहा है, यह क्रम अनवरत जारी रहने वाला है।राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने प्रदेश की प्रगति और विकास एवं राजस्व बढ़ाने में सहयोगी लघु, मध्यम,व्यवसाई ,व्यापारी, उद्यमी, छोटे, बड़े कारोबारी के हित में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा करते हुए विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से एक जनपद. एक उत्पाद, उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए समिट, एमएसएमई, स्टार्टअप , युवा महिलायों को प्रोत्साहन और रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए पूर्ण तया प्रतिबद्ध है,पर स्थान स्थान पर विभिन्न विभागों मुख्यतया सीजीएसटी, एसजीएसटी, एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न, शोषण और अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी मिल रही हैं जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गर्ग ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाऐगा।पूर्व मंत्री एवं भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने कहा कि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल केवल मात्र संस्था नहीं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करके विकसित राष्ट्र बनाने में रीड की हड्डी का काम कर रहा एक संगठन है। उसी के अंतर्गत हम नौकरी करने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनें, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनकर हम देश के प्रदेशों के विकास में सहभागी बने और अपने और अपने परिवार, व्यापार की सुरक्षा के लिए आने वाली परेशानियों, कठिनाइयों को कड़े अव्यहारिक निर्णय को दूर करके हम अपनी शक्ति और सामर्थ को संजोने का काम करें।

## बेटी के शादी निमंत्रण कार्ड बांटने गए पिता की सड़क दुर्घटना में मौत,छाया मातम

बीकेटी,लखनऊ। इटौंजा थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल बेटी की शादी के निमंत्रण कार्ड बांटने गए पिता की ईलाज के दौरान मौत हो गई,वही घटना घटित करने वाले वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही में जुट गई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार इटौंजा थाना अंतर्गत मुन्नूपुरवा निवासी परशुराम (60)वर्ष की बेटी रोली का 25 नवंबर को वैवाहिक समारोह था,जिसका निमंत्रण पत्र उसके पिता अपने बेटे राजू के साथ रिश्तेदारों को देने गए थे और वही से बुधवार रात को वापस हो रहे थे तभी पीछे से इटौंजा थाना अंतर्गत मानपुर सब्जी मंडी के पास कार ने टक्कर मार दिया जिससे परशुराम व उनका बेटा राजू घायल हो गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को ईलाज के लिए नजदीकी राम सागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया जहां परशुराम की ईलाज के दौरान मौत हो गई।वही बेटे राजू का ईलाज जारी था।वही घटना की जानकारी पाकर मृतक की पत्नी मुन्नी व अन्य परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

## दुधवा के पास चंदन चौकी में 5 एकड़ में बनेगा नेचर एंड वेलनेस टूरिज्म का नया केंद्र: जयवीर सिंह

**उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीवीजी इंडिया लिमिटेड के बीच हुआ समझौता**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध ईको टूरिज्म स्थल दुधवा नेशनल पार्क अब पर्यटन के नए अध्याय लिखने जा रहा है। लखीमपुर खीरी जनपद के चंदन चौकी गांव में करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में 'होलिस्टिक वेलनेस टूरिज्म' थीम पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक विशेष आवासीय पर्यटन इकाई विकसित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि यह पहल दुधवा को केवल वन्यजीव प्रेमियों का प्रमुख गंतव्य ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, प्रकृति और शांति की तलाश में आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक आदर्श अनुभव केंद्र बनाएगी।पर्यटन मंत्री ने बताया कि यहां पर्यटकों के लिए विभिन्न श्रेणी के लग्जरी कॉटेज बनाए जाएंगे। ये कॉटेज न केवल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे, बल्कि प्रकृति के बीच सुकूनभरा अनुभव भी देंगे। परिसर में पर्यटकों के विशिष्ट अनुभव लिए खेलकूद सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। आगंतुकों के लिए योग, ध्यान और वेलनेस की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इन सुविधाओं की बुकिंग उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की वेबसाइट्स पर उपलब्ध होगी। संचालन और अनुरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीवीजी इंडिया लिमिटेड के बीच एग्रीमेंट हुआ है।

इस अवसर पर महानिदेशक पर्यटन राजेश कुमार द्वितीय, अपर निदेशक ईको टूरिज्म विकास बोर्ड पुष्प कुमार के और कंपनी के चीफ ग्रोथ ऑफिसर जीतेंद्र वालिया मौजूद रहे।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दुधवा न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे भारत का एक प्रमुख ईको डेस्टिनेशन है। यहां प्रस्तावित वेलनेस यूनिट घरेलू और विदेशी पर्यटकों को प्रकृति की गोद में लग्जरी और वेलनेस का अद्‌भुत अनुभव देगी। इस परियोजना से दुधवा क्षेत्र में पर्यटन नई ऊंचाइयों को छुएगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे।

# यातायात माह के तहत स्कूली वाहनों की सुरक्षा मानकों की हुई जांच

**बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, लापरवाही बरतने पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। यातायात माह के तहत एसपी राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में थाना सदर बाजार क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया और स्कूली वाहनों की चेकिंग कर उनकी सुरक्षा मानकों की जांच की गई।इस दौरान एसपी राजेश द्विवेदी ने थाना सदर बाजार क्षेत्र के कई स्कूलों में जाकर स्कूल बसों, वैन, ई-रिक्शा आदि वाहनों की निर्धारित सुरक्षा मानकों को जांचा और वाहनों की फिटनेस, बीमा, आरसी, परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस, ड्राइवर का परिचय पत्र, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन निकास, बच्चों के बैठने की क्षमता, जीपीएस, स्पीड गवर्नर आदि को चेक किया।

इस दौरान एसपी को कई वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप भी मिले, जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई और स्कूल प्रबंधन एवं चालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सुरक्षित वाहन हर बच्चे का अधिकार और हर चालक की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन, वाहन चालकों और परिचालकों को यातायात के नियम बताए और बच्चों को सुरक्षित परिवहन व्यवस्था तथा मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार, सीओ सिटी पंकज पंत, सीओ यातायात संजय कुमार सिंह, यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडेय, थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अप्रेंटिस प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अप्रेंटिसशिप जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

रायबरेली। जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार में राष्ट्रीय अप्रेंटिस प्रोत्साहन योजना (गइघ्ट 2.0) के अंतर्गत अप्रेंटिसशिप जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम की उद्घाटन संस्थान के प्रधानाचार्य विवेक कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया । कार्यक्रम में जनपद के इंडस्ट्री उद्योग एमएसएमई एनएसडीसी आदि के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिसमें अप्रेंटिसशिप योजना , स स्टाइपेंड ,अप्रेंटिस करने के फायदे पोर्टल संबंधी क्रियान्वयन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षार्थियों को जागरूक किया गया एवं जनपद के अधिष्ठानों से अनुरोध किया गया। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना अप्रेंटिस योजना का जनपद के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने में सहयोग करें। इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यदेशक हरिचंद , नरेंद्र यादव , राजकुमार मौर्य, सी एम श्रीवास्तव, शोभा उमा वर्तिका प्रियंक सलोनी ,एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# सिधौली सीएचसी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, 15 दिन में सुधार के दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने गुरुवार को सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता, वार्डों, प्रसव कक्ष, लैब और रजिस्टरों की स्थिति का विस्तार से जायजा लिया और बारीकी से जांच पड़ताल कीडीएम ने चिकित्सकों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी को समय पर उपचार व दवा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने परिसर की साफ-सफाई में और सुधार लाने के निर्देश भी दिए गए और सिधौली में डीएम नेनिरीक्षण के दौरान अभिलेखों का मिलान किया तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा सर्वोपरि है इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएनिरीक्षण के दौरान मिली कमियों को 15 दिन के भीतर सुधारने के निर्देश दिए गए

# बेहमा में सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्थान ने शुरू की निशुल्क ट्यूशन क्लास

**गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से संस्था का सराहनीय प्रयास**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामपुर कलां, सीतापुर । थाना रामपुर कलां क्षेत्र के बेहमा स्थित कृषक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्थान द्वारा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट सत्र 2025-26 के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क दो घंटे की ट्यूशन क्लास का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक पवन अग्रवाल, राम नरेश मिश्रा एवं श्री गुरुदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेथरा माधव सीतापुर की कक्षा 10 की छात्रा गौरी यादव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पवन अग्रवाल और राम नरेश मिश्रा मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गोयल जी, नरेंद्र श्रीवास्तव, आई.पी. मक्कड़, पी.एन. पोरवाल, एस.के. मिश्रा, चोपड़ा, रस्तोगी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।संस्था के प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें फूलमाला, अंगवस्त्र एवं शील्ड भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर चौकी प्रभारी दिनेश सिंह, हे.का. राजकमल, का. ऋतिक यादव, का. रमा शंकर यादव, का. जितेंद्र प्रसाद, का. जसवंत यादव, समाजसेवी रंजीत यादव, बबलू गुप्ता, अमित मिश्रा, मुकेश मिश्रा, भानू मिश्रा, सचिन सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मन लगाकर पढ़ने की प्रेरणा दी।संस्था के प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्थान पिछले लगातार पाँच वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क दो घंटे की ट्यूशन क्लास के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है। साथ ही संस्था ऐसे विद्यार्थियों को नजदीकी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने में भी मदद करती है, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

## नल रिबोर एवं कैमरा पर हुए भुगतानों में सरकारी धन का जमकर बंदरबांट

बराई जलालपुर, खैराबाद । विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत निजामाबाद में कार्यरत पंचायत सचिव गीतांजलि द्वारा बीते अगस्त माह से वर्तमान तक लगाए गए भुगतानों में काफी भ्रष्टाचार साबित हो रहा है।12 अगस्त 2025 को खेरवा विद्यालय में नल रिबोर के नाम पर 33863 भुगतान 9 सितंबर 2025 को 65110 रुपए 17 अक्टूबर 2025 को ?99300 के भुगतान एवं कैमरा कार्य पर 6 अक्टूबर 2025 को 70000 रुपए भुगतान हुए हैं। जब इस विषय की जानकारी ग्राम प्रधान से ली गई तो उन्होंने बताया दो कैमरे लगवाए गए हैं। एक कैमरा हमारे घर पर रखा है। जिसका कुछ तकनीकी समस्या के कारण इंस्टॉलेशन नहीं हो सका है।रिबोर नहीं हुए हैं। जब पंचायत सचिव गीतांजलि से फोन पर जानकारी करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने स्वयं बात ना करके कहां लीजिए बात कर लीजिए। बात करते हुए व्यक्ति ने बताया सचिव कोई बाहरी नहीं हमारी पत्नी है। चार कैमरे लगवाए गए हैं तीन नल रिबोर हुए हैं। जिसका भुगतान किया गया है जाकर देख लो। प्रधान और सचिन के बीच हवा हवाई बातों से भ्रष्टाचार की स्पष्टता साफ जाहिर हो रही है।

# चालकों व परिचालकों ने अफसरों पर लगाया मनमानी का आरोप

**बसों का संचालन किया बंद-एआरएम दिया आश्वासन, तीन घंटे बाद बसों का संचालन हुआ शुरू**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। परिवहन निगम के अफसरों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए चालक-परिचालकों ने बृहस्पतिवार को बसों का संचालन बंद कर दिया। सूचना पर पहुंचे एआरएम ने समझा-बुझाकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके चलते करीब तीन घंटे बाद दिल्ली मार्ग पर बसों का संचालन शुरू हुआ।

बृहस्पतिवार को सुबह करीब सात बजे से रोडवेज बस चालकों-परिचालकों ने दिल्ली मार्ग की बसों को वर्कशॉप से निकालने से मना कर दिया। रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के पहुंचने के बाद कार्यशाला गेट पर नारेबाजी की गई। चालकों के बस लेकर नहीं जाने से यात्रियों को भटकना पड़ा। रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि दिल्ली मार्ग पर दो चालकों को भेजा जाता है। ऐसे में उनके 692 किलोमीटर ही बनते हैं। उनके दो दिन भी खराब होते हैं, जबकि किलोमीटर आधे ही मिल रहे हैं। मांग की गई कि ऐसे में केवल एक चालक को नियुक्त किया जाए। सूचना पर एआरएम अरुण कुमार और डिपो प्रभारी सुशील त्रिवेदी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके करीब तीन घंटे के बाद बसों का संचालन शुरू हुआ। इस मौके पर रोडवेज कर्मचारी संघ के शाखाध्यक्ष अभिषेक सिंह, शाखा मंत्री विजय वर्मा,अरुण वर्मा, महावीर, विष्णु मूरत सिंह, सोनू, बंटी, मोरपाल, अमित पांडेय आदि कई लोग मौजूद रहे।

# रैली से लौटते वक्त भीषण हादसा, एक आशा कार्यकत्री की मौत, कई घायल

**विधायक विनोद शंकर अवस्थी भी स्वयं सीएचसी खमरिया पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खमरिया खीरी। सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी द्वारा निकाली गई रैली से लौट रही आशा कार्यकत्रियां गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गईं। हादसा थाना ईसानगर क्षेत्र के अदलीसपुर के पास हुआ, जहां दो ऑटो रिक्शा आमने-सामने टकरा गए। टक्कर में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं।

मृतका की पहचान आशा देवी (पत्नी राधेश्याम, निवासी नारी बेहड़, उम्र लगभग 50 वर्ष) के रूप में हुई है। वह क्षेत्र की आशा संगिनी थीं। घायलों में मंजू, शांति देवी और पूनम वर्मा शामिल हैं। सभी को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी खमरिया ओ.पी. राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। विधायक विनोद शंकर अवस्थी भी स्वयं सीएचसी खमरिया पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों और आशा कार्यकत्रियों ने इस हादसे को पूर्ण लापरवाही का परिणाम बताया है। उनका कहना है कि हर सरकारी कार्यक्रम में आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को भीड़ बढ़ाने के लिए बुलाया जाता है, लेकिन उनकी सुरक्षा और सम्मान की उपेक्षा की जाती है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतका के परिजनों और साथी आशाओं ने न्याय व उचित मुआवजे की मांग की है।

### रैली में भीड़ बढ़ाने के लिये सीएचसी अधीक्षक पर भेजने का आरोप

सूत्रों के अनुसार सीएचसी अधीक्षक खमरिया डॉ. अमित सिंह के द्वारा आशा कार्यकत्रियों को रैली में भीड़ बढ़ाने के लिए बुलाया गया था, लेकिन सुरक्षा या परिवहन की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई थी। हादसे के बाद विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 318 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

**विधायक सलोन व सीडीओ ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होकर नव वैवाहिक जोड़े को दिया आशीर्वाद**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड सलोन के मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस भव्य आयोजन का शुभारंभ विधायक सलोन अशोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फ़ेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 318 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड सलोन 70, छतोह 90, डीह 134, न0पं0 सलोन 09, न0पं0 नसीराबाद 06 एवं न0पं0 परशदेपुर 09 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह में विधायक सलोन व मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) डिनर सेट, ट्रॉली बैग आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर विधायक सलोन ने वर-वधुओं को आर्शीवचन देते हुए कहा कि आज आप अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं, जिसके लिए आप सभी को बधाई व शुभकामनाएं।

## सिधौली में केंद्र प्रभारी के सहयोग से किसानों को कृषक सेवा केंद्र से मिल रही राहत

सीतापुर। सिधौली क्षेत्र में किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है कृषक सेवक केंद्र जहां प्रभारी अमित यादव अपनी ईमानदारी और कार्य के लिए चर्चा में है डीएपी खाद की कमी के बीच गरीब किसानों को राहत देने वाले अमित यादव आज क्षेत्र में किसानों के बीच सम्मान की नजर से देख रहे है वहीं किसानों का कहना है कि इस केंद्र पर सभी को सम्मान रूप से खाद उपलब्ध कराई जाती है जिससे गरीब और छोटे किसान बेहिचक अपनी जरूरत पूरी कर रहे हैं वहीं दूसरी और कुछ ऐसे लोग हैं जो रोजाना दर्जनों बोरी मांगते हैं उन्हें न मिलने पर विरोध करते हैं लेकिन धरातल पर देखने पर साफ है कि पूरे क्षेत्र में कृषक सेवा केंद्र किसने की उम्मीद का केंद्र बन चुका है और इस केंद्र पर कस्बा सिधौली में होने के कारण समय समय पर पुलिस प्रशासन सिधौली एसडीएम और तहसील प्रशासन के अधिकारी भी यहां निरीक्षण के लिए पहुंचते रहते हैं उनके सामने भी केंद्र पर हर व्यवस्था दुरूस्त पायी जाती है।

## ट्रक ड्राइवर को आई झपकी, बड़ा हादसा टला

गोला गोकर्णनाथ। सिकंदराबाद रोड पर ग्राम अलियापुर मोड़ पर स्थित हनुमान मंदिर बाल-बाल बच गया। हनुमान मंदिर के पुजारी प्रमोद ने बताया कि घटना बीती रात लगभग 11:30 बजे की है। तेज आवाज सुनकर जब वह बाहर आए तो देखा कि एक ट्रक ठघ्25 क्ष्ह5957 अनियंत्रित होकर हनुमान मंदिर के पास के मकान को क्षतिग्रस्त करते हुए के गड्ढे में गिर गया। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर को झपकी आने से यह हादसा हुआ। आज सुबह स्वदेश विदेश संवाददाता को मौके पर ट्रक का क्लीनर मिला जबकि ट्रक ड्राइवर यासीन को थाना गोला गोकर्णनाथ में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ट्रक पटना से बरेली जा रहा था। ट्रक में माल नहीं था। इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मंदिर के सामने खड़ा बिजली का खम्भा व तार गिर कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, साथ ही रोड के किनारे लगे रिफ्लेक्टर क्षतिग्रस्त हो गए।मंदिर के पुजारी प्रमोद का कहना है कि यह मोड़ लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। मंदिर के पुजारी ने मांग की है कि मंदिर के सामने ठीक मोड़ पर गोला गोकर्णनाथ निवासी योगेश साहनी का खेत है जिसके किनारे-किनारे बड़े-बड़े वृक्ष खड़े हैं जिनकी शाखाएं व घनी झाड़ियां रोड़ के किनारे तक आ गईं जिससे चालक को आगे का मार्ग स्पष्ट दिखाई नहीं पड़ता जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। प्रशासन को इन पेड़ों की शाखाएं और झाड़ियों को साफ करना करवाना चाहिए और यहां पर बड़े साइन बोर्ड लगवाना चाहिए जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल से लालपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा अत्याधुनिक खेल का केंद्र



लखीमपुर खीरी। जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए नई उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। लालपुर स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम अब आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित होकर एक नए स्वरूप में नज़र आने वाला है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार की पहल पर खेल अवसंरचना के विकास की दिशा में तेजी से कार्य शुरू हो चुका है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 70 लाख की लागत से अत्याधुनिक जिम के निर्माण को शासन से हरी झंडी मिल चुकी है। यह जिम आधुनिक मशीनों, फिटनेस उपकरणों और प्रशिक्षकों की सुविधाओं से युक्त होगा। साथ ही, 8 लेन की 400 मीटर लंबी सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का प्रस्ताव भी शासन स्तर पर स्वीकृति की अंतिम प्रक्रिया में है, जिससे एथलेटिक्स खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिलेगा।सीडीओ अभिषेक कुमार ने गुरुवार को स्टेडियम परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने इंजीनियरों और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।खेल विभाग के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने के बाद लालपुर स्टेडियम में फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग और इंडोर गेम्स जैसी गतिविधियों के लिए उत्कृष्ट वातावरण तैयार किया जाएगा।स्थानीय खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों में भी इस घोषणा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उनका कहना है कि अगर ये सुविधाएं जल्द पूरी हो गईं तो लखीमपुर के युवा राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकेंगे।

# सीओ सिटी ने किया थाना सदर बाजार का निरीक्षण, दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत ने थाना सदर बाजार का त्रैमासिक निरीक्षण किया?। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर ने थाना सदर बाजार कार्यालय के अपराध रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया?। साथ ही सीसीटीएनएस कक्ष, थाना परिसर, मैस, बैरक, महिला हेल्प डेस्क, महिला सुरक्षा केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, शस्त्र, एवं थाने में मुकदमों में दाखिल वाहनों की स्थिति का भी गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीओ सिटी ने थाने में साफ-सफाई, अनुशासन, अभिलेख संधारण एवं कार्यालय व्यवस्था पर विशेष बल दिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थाना स्टाफ को सतर्कता, अनुशासन एवं व्यवहारिक शालीनता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# भारत नेपाल सीमा पर चल रहा बवाल, नेपाल के पुलिस ने छीना भारतीयों का सामान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। थाना तिकुनिया क्षेत्र के अंतर्गत भारत नेपाल सीमा पर स्थित दीप नगर घाट से भारत के नागरिक नेपाल जा रहे थे जिनके पास आलू प्याज गोभी आदि सब्जियां थी, जिसको नेपाल के इघ्क्ष के जवान व डीएसपी ने गरीब मजदूरों का सब्जी आलू प्याज का सामान छीन लिया। एपीफ के डीएसपी से बात करने पर बताया कि मैं मीडिया से बात नहीं करता मैंने सारी बात एसएसबी को बता दिया है क्या ले जाना है क्या नहीं यह हमारे नेपाल में आलू प्याज सभी बेन है जिसको लेकर हमने सारा सामान पकड़ कर रख दिया है। भारत के नागरिक काफी परेशान हैं छोटा सा व्यापार आलू प्याज सब्जी का वह भी बंद कर दिया है।जबकि भारत की तरफ से आलू प्याज वह खाने पीने के समान पर कोई रोक नहीं लग रही लेकिन नेपाल के जवान इन सभी चीजों को रोक कर छोटे व्यापारियों को कर रहे परेशान जिससे सारा सामान छीन कर नेपाल की पुलिस कर रही ध्वस्त अब देखना आया है कि भारतीय नागरिकों को न्याय मिलता है जो गरीब व्यापारियों का सामान छीन कर नेपाल के जवानों ने ध्वस्त किया इसके बारे में भी क्या भारत में चर्चा होगी या फिर ऐसे ही नेपाल के जवान भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार करते रहेंगे।भारतीय नागरिकों का कहना है कि जब भी हम नेपाल जाते हैं तो हमें काफी प्रताड़ित किया जाता है और काफी परेशान भी किया जाता है जिसके चलते हम लोग छोटा-छोटा सामान लेकर जाते हैं उन्हें छीन लिया जाता है और नेपाल के इघ्क्षजवान व डीएसपी के तरफ से मारा पीटा भी जाता है जिससे हम लोग काफी परेशान हो गए हैं जिसके चलते आज नेपाल की नागरिकों को भारतीय नागरिकों ने रोक रखा बड़ी मुस्क्कत के बाद भारतीय नागरिकों ने नेपाल के नागरिकों को जाने दिया ग्रामीणों के समझाने बुझाने पर अब देखना यह है कि इस मामले में कितना तुल पकडती है भारतीय एजेंसियां।

# पुलिस अधिकारियों को मिलेगा नया घर, एसपी ने भूमिपूजन कर रखी आवास निर्माण की नींव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधिकारियों के लिए आवास निर्माण परियोजना का भूमि का पूजन कर शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि यह परि योजना उत्तर प्रदेश शासन की एक महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है।परियोज ना के तहत चतुर्थ श्रेणी के कुल चार राजकीय आवासो का निर्माण किया जाएगा, जिसकी अ नुमानित लागत दो करोड़ 59 लाख 46 हजार रुपये निर्धारित की गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस आवास निर्माण परियोजना के पू र्ण हो जाने से अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्रा धिकारीगण को पुलिस लाइन के निकट उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय सुविधाएँ प्राप्त होंगी। इससे अधिकारियों को अपने दैनिक कार्यों, आकस्मिक घटनाओं एवं आपात स्थितियों में त्वरित रूप से पुलिस लाइन,कार्यालय एवं क्षेत्र में पहुँचने में सुविधा होगी, जिससे पुलिस कार्य व्यवस्था, निर्णय-प्रक्रिया एवं समन्वय में उल्ले खनीय सुधार आएगा।उन्होंने कहा कि आवासी य सुविधा का सीधा संबंध कार्य दक्षता,मनोबल एवं जनसेवा की गुणवत्ता से है।अधिकारियों के पुलिस लाइन के समीप रहने से संचालन, पर्य वेक्षण एवं नियंत्रण में सहजता आएगी और ज नसुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।पुलिस अधीक्षक ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता,पारदर्शिता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।उन्होंने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर टावरों की रूपरेखा,डिजाइन एवं आवासीय प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जा नकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को कार्य प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत,क्षेत्राधिकारी लाइन शिल्पा वर्मा,प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन स हित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थि त रहे।

# अव्यवस्था की हद, मेडिकल कालेज में नहीं ड्रिप स्टैंड हाथ में ग्लूकोज की बोतल लेकर खड़ी रही माँ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मेडिकल कालेज से दिल दुखाने वाला वी डियो सामने आया है,वीडियो में एक माँ अप ने छःसाल के बेटे प्रिंस गोस्वामी को सांप के काट ने पर इलाज कराने आई थी। लेकिन डॉक्टर ने उसे वार्ड में भर्ती करने के बजाय स्टेचर पर ही इलाज शुरू कर दिया। सांप काटने पर बेटे के लिए हाथ में ड्रिप लिए अस्पताल के स्टेचर के पास खड़ी दिख रही है।जो बेटे को चढ़ रहा था जबकि दूसरे हाथ से फोन पर परिजनों से बात करते हुए वह बच्चे को संभालती रही,घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि महिला अपने बेटे से पूछ रही है कि ‟बेटा, दर्द तो नहीं हो रहा...?'' और उसी समय अपने हाथ में ग्लूकोज पकड़े हुई है।जिस के बाद गोंडा मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में पहले भी इलाज में लापरवाही,दवाओं के नाम पर पै से मांगने और मरीजों से अभद्रता के मामले सा मने आ चुके हैं।जानकारी के अनुसार,कटरा बा जार विकासखंड के भैंईसहा गांव निवासी प्रिंस गोस्वामी 6 वर्षीय को बीती रात सांप ने काट लि या था। मां उसे तत्काल इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची। करीब एक घंटे तक वह ग्लूकोज बोतल पकड़े रही।लेकिन कि सी कर्मचारी ने उसे स्टैंड नहीं दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने कई बार कर्मचारियों से ग्लूकोज स्टैंड देने की गुहार लगाई, लेकिन इस दौरान अस्पताल के कर्मचारी और मौजूद स्टाफ मूकदर्शक बने रहे।लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही और संवेदनहीनता के चलते माँ को मजबूरी में यह जिम्मेदारी निभानी पड़ी। मेडिक ल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर धनंजय श्रीकांत ने बताया कि किस तरीके से लापरवाही की गई कि उसके मां को हाथ में ग्लू कोज दिया गया।इस बात की जांच कराई जाए गी।जो भी दोषी होंगे।उनके खिलाफ कठोर का र्रवाई होगी।इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक इलाज के बाद उसे बच्चों को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर देना चाहि ए।ऐसा क्यों नहीं किया गया इस की भी जांच कराई जाएगी।

# महिलाओं के प्रति हिंसा रोकथाम व वन स्टॉप सेंटर में जागरूकता सत्र का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर में लैंगिक आधारित हिंसा एवं घरेलू हिंसा पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा के विभिन्न रूपों के प्रति समाज को जागरूक कर ना तथा कार्यकर्ताओं की क्षमता वृद्धि करना र हा।इस अवसर पर विधि सह परिवीक्षा अधिका री जयप्रकाश यादव ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु कानूनों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा अधिनियम महिलाओं को सुरक्षा और न्याय दिलाने का एक सशक्त माध्यम है।डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवे न्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के सशक्ति करण के लिए सरकारी योजनाओं की जानका री समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचना जरूरी है। वहीं सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर हिंसा पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की सहायता- का नूनी, चिकित्सीय एवं परामर्श उपलब्ध कराता है।इस दौरान जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह व राजकुमार आर्य,पंकज कुमार राव,रिचा तिवा री,स्वाती पाण्डेय,दीपशिखा शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सजग बनने का संदेश दिया गया।

# तरबगंज में विधायक की एकता पदयात्रा, दस किलोमीटर पैदल चले भाजपा विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले की तरबगंज विधानसभा में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर दस किलोमीटर लंबी 'एकता यात्रा' का आयोजन किया गया था।इस पदयात्रा का नेतृत्व स्थानीय भाजपा विधायक प्रेम नारायण पांडे ने किया,

जो 60 वर्ष की आयु में भी पूरे उत्साह के साथ दस किलोमीटर पैदल तिरंगा लेकर पैदल चले है।यह यात्रा बेलसर नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर तरबगंज विधानसभा क्षेत्र से गुजरी और कंपोजिट विद्यालय ढोढेपुर में समाप्त हुई है। यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, जिनका जगह-जगह बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर और अन्य माध्यमों से स्वागत किया गया।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने गानों पर जमकर डांस भी किया है एकता यात्रा के समापन पर आयोजित जनसभा कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।भाजपा विधाय क प्रेम नारायण पांडे ने उन्हें सरदार वल्लभभा ई पटेल की स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया है।मंच से संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा कि पढ़े-लिखे लोग भी आतंकवाद में शामिल हो रहे हैं,जिससे समाज को सजग रहने की आव श्यकता है। मीडिया से बात करते हुए मुकुट बिहारी वर्मा ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट को लेकर कहा कि देश इस दिशा में बहुत सतर्क है और गंभीरता से विचार कर रहा है।उन्होंने डॉक्टरों की एक के बाद एक हो रही गिरफ्तारियों को बहुत दुखद' बताया और कहा कि यह पूरे देश के लिए चिंता का विषय है।कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर वर्मा ने कहा कि कांग्रेस का काम और उसकी सच्चाई राष्ट्रहित में नहीं है। उनका एकमात्र लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी और वर्त मान सरकार का विरोध करना है, चाहे इसके लिए उन्हें देश या धर्म का विरोध ही क्यों न कर ना पड़े। वे बिना किसी परवाह के केवल 'मोदी विरोध' के साथ सबका विरोध कर रहे हैं।मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि अब तक जो जो जवा ब पाकिस्तान को भारत ने दिया है उससे पाकि स्तान थर्राया है।दिल्ली की घटना में भी अगर कहीं पाकिस्तान की संलिप्तता हुई पाकिस्तान को भी पता चल जाएगा भारत को छोड़ने का क्या होता है। उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही गि रफ्तारियों को लेकर पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी व र्मा ने कहा कि सरकार पूरी तरह सतर्क है और इस दिशा में लगातार काम कर रही है।उन्होंने कहा कि यदि हम सभी लोग भी सतर्क रहें,तो ऐसी स्थिति ही पैदा नहीं होगी। प्रदेश में जांच और चेकिंग के बावजूद लगातार पकड़े जा रहे आईएसआई एजेंटों पर पूर्व मंत्री ने कहा कि य ह सब चेकिंग और सतर्कता का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस घटना से पहले ही काफी कुछ बरामद कर लिया गया,नहीं तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।सभी संदिग्धों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था,इसी वजह से कोई बड़ी घटना नहीं हुई।वहीं, 60 वर्ष की आयु में विधायक के दस किलोमीटर पैदल चलने पर मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि हर विधायक को आठ से दस किलोमीटर पैदल चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि तरबगंज भाजपा विधायक के इस प्रयास से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके अलावा,अखिलेश यादव द्वारा वंदे मातर म गाने को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि संविधान की परिभाषा तय करने का अधिकार केवल अ खिलेश यादव के पास नहीं है।

## खेत में लटक रहा विद्युत तार किसान बैठा अनशन पर

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत गोरेडीह सीवान में किसान के खेत में लटक रहे विद्युत तार को ठीक न करने पर परेशान किसान ने विद्युत उपकेंद्र गंगटही पर अनशन पर बैठ कर खेत में लटक रहे विद्युत तार ठीक कराने की मांग किया है। किसान सुमित्रा देवी पत्नी स्व रामराज गोंड के खेत में करीब दो वर्ष से पांच फीट पर हाईटेंशन तार लटक रहा है। जिसे ठीक कराने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत दर्ज करा चुकी हूं,लेकिन अभी तक तार को टाइट नहीं किया गया गया। खेत में तार लटकने से दो वर्ष से खेतीबारी नहीं हो पा रही है, परिवार भुखमरी के कगार पर है। किसान ने खेत में लटक रहे विद्युत तार ठीक कराने की मांग करते हुए विद्युत विभाग के जिम्मेदारों को चेतावनी दी है कि यदि खेत में लटक रहे विद्युत तार को तत्काल ठीक नहीं कराया गया तो अनशन जारी रहेगा।

इस संदर्भ में अवर अभियंता राजेश मौर्य ने कहा कि अभी मैं विद्युत उप केंद्र पर नहीं हूं, पहुंच कर तत्काल ठीक करवा दूंगा।

# केक काटकर मनाया शिव स्वरूप बाबा महाकाल भैरव का जन्मदिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। मार्गशीर्ष मास की कृष्णपक्ष की अष्टमी यानी भैरव अष्टमी पर बुधवार को पांचवे रुद्रावतार बाबा कालभैरव का प्राकट्योत्सव शहर के स्वर्गधाम स्थित श्री श्री महाकाल भैरव मंदिर पर असीम श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया। महाकाल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भीड़ लगी रही।ज्ञात हो कि साल में भैरव अष्टमी के दिन ही बाबा कालभैरव भक्तों को एक घंटे तक बालरूप में दर्शन देते हैं।

भैरव अष्टमी पर बाबा महाकालभैरव मंदिर के पीठाधीश्वर महंत योगी रुद्राक्ष नाथ के आचार्यत्व में बाबा महाकाल भैरव के विग्रह का पंचामृत,मदिरा और चिताभस्म से अभिषेक हुआ। ततपश्चात सिंदूर लेपन कर बाबा के विग्रह को नूतन वस्त्र, नया मुखौटा, त्रिशूल, दंड, आभूषण से श्रृंगार किया गया। इसके बाद सहस्त्र नाम पाठ,स्त्रोत,मंगला आरती हवन के साथ बाबा के दर्शन शुरू हो गए। वहीं विदेशी पुष्पों से समूचे मंदिर परिसर को सजाया गया था। मंदिर महन्त पीठाधीश्वर महंत योगी रुद्राक्ष नाथ ने बाबा के बालरूप का श्रृंगार कर महाआरती की। मध्यरात्रि तक भक्तों ने बाबा के बालरूप के दर्शन किए। पीठाधीश्वर महन्त ने बाबा के विग्रह का पंचामृत स्नान करवाकर रुद्राक्ष व अन्नकूट श्रृंगार किया। बाबा को रात में पंचमकार भोग लगाया गया। जबकि श्री श्री महाकाल भैरव श्मशान घाट सेवा मण्डल के अध्यक्ष राहुल राय ने केक काटकर बाबा महाकाल भैरव का प्राकट्योत्सव मनाया। बाबा के विग्रह को नवीन वस्त्राभूषण से अलंकृत किया गया। भक्तों ने भैरवाष्टकम का पाठ कर स्तुतिगान किया। अन्नकूट श्रृंगार और बाबा के बाल स्वरूप के भक्तों ने दर्शन किए। कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बाबा की महिमा गान किया।

# यातायात नियमों का पालन नहीं करने से होती हैं दुर्घटनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जरा सी असावधानी के कारण जिले में प्रतिवर्ष दर्जनों से अधिक लोग सड़क हादसे का शिकार होकर असमय ही काल के गाल में समा जाते हैं।ऐसे लोगों के परिवार पर मुसीब तों का पहाड़ टूट पड़ता है। बच्चों के सिर से पिता का साया तो बहन से भाई का साथ तो किसी का जीवन साथी छजदगी भर के लिए बिछुड़ जाता है।दुर्घटना में मरने वालों का पूरा परिवार छिन्न-भिन्न हो जाता है।इसलिए सुरक्षि त यातायात के लिए जागरूक होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष एक नवंबर से तीस नवंबर तक यातायात सप्ताह मनाया जा रहा है। यदि आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में एक वर्ष में दर्जनों से अधिक लोगो को सड़क हाद सों में लोगो अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।इसमें अधिकांश हादसे मोटर साइकिल चालक के साथ हुई है। दरअसल दो पहिया वाहन को चलाने में लोग सुरक्षा का ध्यान नहीं रखते हैं। आजकल हाई स्पीड वाली बाइक बाजार में छाए हुए हैं। ये बाइक कुछ सेकेंड में ही 60 से100 की रफ्तार पकड़ लेते हैं। बाइक चालक इसका इस्तेमाल तो करते हैं परंतु इसके साथ बरती जाने वाली सावधानियों को ध्यान नहीं रखते हैं। भीड़ भाड़ वाले इलाके में भी ये पूरी स्पीड से गाड़ी चलाते हैं साथ ही वे हेलमेट का भी उपयोग नहीं करते। ऐसे में दुर्घटना होने पर दूसरे के साथ उनका भी नुकसान होता है।शहर से होकर गोण्डा - लखनऊ सड़क गुजरी है जि स पर बड़े वाहन भी तेज रफ्तार से दौड़ते हैं। लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा ट्रैफिक रूल का अनुपालन नहीं किए जाने के कारण उक्त पथ पर भी दुर्घटनाएं होती है।स्कूली बच्चे भी सड़क पर स्कूल आते जाते हैं,उक्त बच्चे देश के भवि ष्य है,लेकिन जरा सी लापरवाही ने पल भर में उसका ही भविष्य बर्बाद कर सकती है।इस सं बंध में जानकारों का कहना है कि तेज रफ्तार, सड़कों की दयनीय स्थिति के साथ साथ ट्रैफि क नियमों की जानकारी का अभाव ही हादसों का सबसे बड़ा कारण है। इन हादसों की वजह से देश की अर्थ व्यवस्था को भी व्यापक नुकसा न पहुंच रह है। यदि यातायात नियमों का सही प्रकार से पालन किया जाय तो सात फीसद की दर से चल रही देश की जीडीपी स्वतः ही दहाई का आंकड़ा पार कर लेगी। ठंड ने भी जिले में दस्तक दे दी है।प्रातःकाल से ही कुहासे की चा दर से जिले का आसमान आच्छादित है।ऐसी स्थिति में सड़क दुर्घटना से बचने के लिए आव श्यक है कि वाहन चालक ट्राफिक नियमों का भली भांति पालन करें व वाहन की रफ्तार पर नियंत्रण रखें।

# तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल करवल-मझगांवा में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव की शुरुआत गुरुवार को हुआ। तीन दिवसीय अंतर विद्यालयीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ पूजन व हवा में गुब्बारा उड़ा कर किया गया।

जिला पंचायत सदस्य माया शंकर शुक्ला जी ने कहा खेल इंसान को अनुशासन धैर्य और सम्मान सिखाता है। खेल से आजकल सिर्फ नौकरियां ही नहीं बल्कि देश-विदेश में पहचान मिल रही है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कुश्ती टीम के कोच चंद्र विजय सिंह ने कहा मैदान में हारने वाला वही होता है जो कोशिश करना छोड़ देता है। हार व जीत खेल का हिस्सा है लेकिन जुनून हर खिलाड़ी की पहचान है द्य निदेशक पुनीत सिंह ने खेलों का जीवन में विशेष महत्व बताते हुए कहा खेल के द्वारा छात्र मुकाम बना सकते हैं। उन्होंने कहा हम अपने विद्यालय में बच्चों के हित के लिए हर तरह के संसाधन उपलब्ध कराते हैं ताकि पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अपना नाम रोशन कर सकें। राधिका महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने कहा हार कर भी जो मुस्कुराए वही असली खिलाड़ी होता है। राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य शिव बहादुर सिंह ने आभार व्यक्त किया। एनसीसी के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मनमोह लिया।

यह रहा परिणाम

खेलों के प्रथम दिन अलग-अलग हाउस के खिलाड़ियों ने अपने-अपने गेम में परचम लहराया सीनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में नंदनी कुमारी स्वर्ण पदक, तृप्ति राय रजत पदक, एंजेल चतुर्वेदी कांस्य पदक जीता। जूनियर बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में शिवम निषाद स्वर्ण पदक आतिफ रजत पदक और राज यादव ने कांस्य पदक जीता।

# शहर में बंदरों का आतंक, प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शिवशक्ति नगर में इन दिनों बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदरों के झुंड गलियों और मकानों की छतों पर घूमते नजर आ रहे हैं। जिससे लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय निवासी अयोध्या प्रसाद शर्मा के अनुसार बंदर आए दिन घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान उठा ले जाते हैं और कई बार बच्चों व बुजुर्गों पर हमला भी कर चुके हैं। एक अन्य कॉलोनी निवासी अमित गुप्ता का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन और वन विभाग को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनी के ही रहने वाले सत्येंद्र राठौर, रामचंद्र राठौर, विनोद राठौर, नेमचंद्र गुप्ता, प्रवीण नेगी, शुभाष गुप्ता, राजेश कश्यप, डॉ0 आशीष सारस्वत, दंत चिकित्सक डॉ0 पवन शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बंदरों को पकड़ा जाए ताकि मोहल्ले में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके।स्थानीय निवासी डॉ0 रवि गुप्ता ने बताया कि ‟सुबह- शाम घर से निकलना मुश्किल हो गया है, बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं।" वहीं महिलाओं ने भी बताया कि बंदर अक्सर छत पर सूख रहे कपड़े फाड़ देते हैं और राशन के थैले छीन कर भाग जाते हैं। कालोनी स्थित आदर्श मेमोरियल स्कूल कि संचालिका ने बताया कि स्कूल आने जाने वाले बच्चों को बंदरों का बड़ा डर लगा रहता है इसलिए उन्होंने अभिभावकों से बच्चो को साथ लाने और ले जाने का अनुरोध किया है फिलहाल कॉलोनी के लोग अपने स्तर पर सावधानी बरत रहे हैं, परंतु प्रशासन की निष्क्रियता पर नाराजगी भी जताई जा रही है।

## 19 नवम्बर को आयोजित होगा किसान दिवस

बहराइच । शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 19 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम श्री त्रिपाठी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## 01 जनवरी से 10 नवम्बर तक संचालित अभियान के दौरान सीज़ किये गये 631 वाहन

बहराइच । सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में 01 जनवरी 2025 से 10 नवम्बर 2025 तक परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड यात्री वाहनों, ओवरलोड माल वाहनों एवं अनाधिकृत संचालित वाहनों के विरुद्ध पुलिस विभाग, परिवहन निगम (रोडवेज) के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान चलाकर संचालित वाहनों के विरुद्ध कठोर प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। ए.आर.टी.ओ. श्री सिंह ने बताया कि अभियान अन्तर्गत 168 बस व मिनी बस का चालान किया गया है तथा 78 वाहनों को बन्द किया गया है। इसी प्रकार अन्य यात्री वाहनों अन्तर्गत 418 का चालान तथा 238 को बन्द करने की कार्यवाही की गई है। श्री सिंह ने बताया कि इसी अवधि मे 339 ओवर लोड वाहनों का चालान व 228 को बन्द (सीज़) करने के साथ-साथ 104 ट्रैक्टर ट्रालियों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई तथा 87 को बन्द किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान प्रशमन के रूप में 218.10 लाख रूपये का अर्थ लगाया गया है। श्री सिंह ने बताया कि जनपद में अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरूद्ध परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से आवेरलोड (माल/यात्री) वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।

# पंचायत सचिवों व लेखपालों के माध्यम से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जाय : डीएम

## अमेठी जनपद में अब तक एक लाख चौबीस हजार किसानों की नही बन सकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुये जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार से अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि अब तक एक लाख इकहत्तर हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जा चुकी है जबकि अभी एक लाख चौबीस हजार किसानों की आईडी बनाए जाने का कार्य शेष है।इस कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिये कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। डीएम संजय चौहान ने जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लेखपालों और पंचायत सचिवों के माध्यम से प्रत्येक किसान की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जन सेवा केंद्रों का भी सहयोग लिया जाय ताकि लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त किया जा सके और जनपद के सभी किसानों की रजिस्ट्री आईडी समयबद्ध रूप से तैयार हो सके। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के किसान भाइयों से भी अपील की कि वे अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अवश्य बनवाएं, जिससे उन्हें कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय से मिल सके। उन्होंने बताया कि किसान अपनी आईडी बनाने हेतु आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं खतौनी की छायाप्रति के साथ अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र, कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त शिविरों अथवा स्वयं के माध्यम से ऑनलाइन फार्मर रजिस्ट्री आईडी बना सकते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाये गये पौधों की निगरानी की जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### जिला वृक्षारोपण,गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई आयोजित

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण, गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाये गये पौधों की सिंचाई व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में किये जा रहे उपायों के बारे में जानकारी ली जिस पर प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा लगाये गये पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाये जा रहे हैं तथा समय समय पर पौधों की सिंचाई भी कराई जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जो पौधे सूख गए हैं या नष्ट हो गए हैं उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं तथा उनकी सुरक्षा को लेकर भी समुचित उपाय किए जाएं। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई की भी व्यवस्था संबंधित विभागीय अधिकारी सुनिश्चित कराएं। जिला गंगा समिति की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला गंगा समिति द्वारा गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वासन के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया की नदियों के किनारे एवं घाटों पर नियमित सफाई हो तथा नदियों में कचरा आदि ना डाला जाए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों के जल की भी गुणवत्ता जांच कर लें, नदियों के किनारे पिकनिक स्पॉट, पार्क, धार्मिक स्थल इत्यादि का विकास कराया जाए। औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले कचरा वेस्टेज को नदी व जलाशयों इत्यादि में ना फेंके तथा उसका मानक अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित कराएं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिलाधिकारी में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए तथा अधिक से अधिक पौधों को लगाने उनका संरक्षण करने एवं पौधों को काटने पर रोक लगाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूरनपुर में पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

पूरनपुर। पूरनपुर थाने के अंतर्गत पुलिस ने शहर के मुख्य चौराहे सहित कई जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया चौकी के उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में यह अभियान संपन्न हुआ इसमें सिपाही सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की बिना हेलमेट, नंबर प्लेट और ओवरलोडिंग वाले वाहनों को रोका गया संदिग्ध गतिविधियों में शामिल वाहनों की भी जांच की गई चालकों से आवश्यक दस्तावेजों की मांग की गई प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डेय ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना है साथ ही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना है उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।चेकिंग के दौरान कुछ वाहन चालकों को मौके पर चेतावनी देकर छोड़ा गया। कुछ के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस कदम से राहगीरों में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियानों से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और मजबूत होगी।

# जिलाधिकारी ने नगर पंचायत बरखेडा में की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय बरखेडा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के तहत सभासदों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कार्यालय बरखेडा में उपस्थित नायब तहसीलदार व बीएलओ से पोलिंग बूथ तथा घर-घर जाकर किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण की जानकारी ली और अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायत के अन्तर्गत बीएलओ की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुये दूरभाष पर बीएलओं से वार्ता की। उन्होंने एसआईआर के कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में पूछा तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र अवश्य पहुंचे ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने सभासदों से अपील करते हुये कहा कि बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रत्येक मतदाता की सहभागिता से ही सफल होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है, जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि गणना प्रपत्र शीघ्र वितरित कराएं और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में समुचित जानकारी दें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे,जिन्हें मतदाताओं द्वारा भरकर पुनः बीएलओ को सौंपा जाना है।

इस दौरान चेयमैन श्याम बिहारी भोजवाल,नायब तहसीलदार,सुपरवाइजर, बीएलओ उपस्थित रहे है।

# इंद्रियों से भगवत कथा का रसपान करने वाला गोकर्ण होता है : आचार्य आलोक शास्त्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। जनपद के हरिपुर बनवा गांव में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर आचार्य आलोक शास्त्री ने प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि इंद्रियों से भगवत कथा का रसपान करने वाला व्यक्ति गोकर्ण के समान होता है। आचार्य शास्त्री ने यह भी बताया कि भगवान के नाम स्मरण से ही जीव का कल्याण संभव है। कथा व्यास आचार्य आलोक शास्त्री ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के विषयों पर विस्तृत व्याख्या की। कथा का आरंभ श्री सूत शौनक संवाद से हुआ। उन्होंने समझाया कि जो जीवात्मा और परमात्मा के मिलन में बाधा उत्पन्न करे, वही धुंधकारी है। आचार्य शास्त्री के अनुसार, जब मनुष्य ईश्वर की शरण में जाता है, तो उसका जीवन स्वतः पवित्र हो जाता है। कथा के दौरान, जब आचार्य शास्त्री ने बताया कि ल्लजिस हृदय में भगवान का नाम बस जाता है, वहाँ चिंता, भय और मोह स्वयं समाप्त हो जाते हैं, तो पूरा पंडाल 'हरि बोल' के जयघोष से गूंज उठा। भजन संध्या में ल्लराधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी जैसे मधुर भजनों ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया।

श्रोताओं की आँखें नम थीं, लेकिन उनके हृदय आनंद से भर उठे, जिसे भागवत की सच्ची अनुभूति बताया गया।

इस कथा में प्रमुख रूप से भारत सरकार के पूर्व राज्यमंत्री दीपक सिंह, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी और संतोष पाण्डेय सहित सैकड़ों भक्तों ने व्यास पीठ की आरती की और कथा का रसपान किया।

## फर्जी वीडियो से माहौल बिगाड़ने की साजिश, पुलिस की सतर्कता से टला विवाद

सुलतानपुर। चौकी प्रभारी घंटाघर उनि शिवानंद यादव दुर्गा पूजा व प्रतिमा विसर्जन ड्यूटी में तैनात थे, इसी दौरान 07 अक्टूबर 2025 को सर्वेश सिंह नामक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो और खबर वायरल की गई, जिसे झूठा रूप से सुलतानपुर शहर का बताया गया। जांच में स्पष्ट हुआ कि वीडियो इंटरनेट से डाउनलोड कर जानबूझकर साम्प्रदायिक सौहार्द व सामाजिक शांति भंग करने की नीयत से पोस्ट किया गया था। वीडियो में महिलाओं व नाबालिग बच्चों की आपत्तिजनक सामग्री थी, जिससे जनमानस में भय व आक्रोश व्याप्त हो गया। पुलिस और एलआईयू की तत्परता से स्थिति नियंत्रित रही और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन सकुशल संपन्न हुआ। पुलिस के अनुसार, सर्वेश सिंह व सहयोगियों ने बिना सत्यापन फर्जी खबर फैलाकर सनसनी पैदा की। उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 353(2), 296, 318, आईटी एक्ट 67। तथा पास्को एक्ट की धारा 11/12 के तहत कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

## सीओ ने किया कूरेभार थाने का वार्षिक निरीक्षण

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार को बल्दीराय क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने कूरेभार थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईजीआरएस, महिला हेल्पडेस्क, सरकारी संपत्ति रजिस्टर, बैरकों सहित कई महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच पड़ताल की।सीओ ने साइबर सेल और महिला हेल्प डेस्क में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही असलहों के रख-रखाव तथा फरियादियों की सुनवाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव, दरोगा गिरजेश कुमार, दीवान इंद्रेश सिंह, दीवान अमित अवस्थी, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल रामकुमार पाल, विनीत कुमार, अभिषेक, महेंद्र कुमार, दीपक कुमार, सुनील कुमार यादव, होमगार्ड राजेंद्र प्रसाद वर्मा, राम अवतार मौर्या सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। चौकीदार शिवलाल, भैयाराम, विपिन कुमार दुबे भी मौजूद रहे।

## थाना मोहनगंज का सीओ तिलोई ने किया निरीक्षण

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्राधिकारी तिलोई ने गुरुवार को थाना मोहनगंज का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया और शिकायती पत्रों का निस्तारण किये जाने का निर्देश दिया। तिलोई के क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र द्वारा थाना मोहनगंज के परिसर, कार्यालय, अभिलेख एवं महिला हेल्प डेस्क आदि का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह व उपस्थित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।

## मुसाफिरखाना के समाधान दिवस में डीएम सुनेंगे समस्याएं

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन पन्द्रह नवम्बर को तहसील मुसाफिरखाना में होगा।जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में दिनांक पन्द्रह नवम्बर को मुसाफिरखाना तहसील में आयोजित होगा एवं तिलोई तहसील में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, गौरीगंज तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तथा अमेठी तहसील में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

## चोरों ने मिठाई की दुकान से पार किया नौ हजार रुपया

जायस अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना फुरसतगंज क्षेत्र के अकेलवा चौराहे पर स्थित एक मिठाई की दुकान का ताला तोड़कर बेखौफ चोरों द्वारा नौ हजार रुपये की नकदी पार कर दी गई है। पीड़ित दुकानदार को दूसरे दिन सुबह जब घटना की जानकारी हुई तो उसने स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर मामले की इतिश्री कर दी है। थाना क्षेत्र के अकेलवा चौराहा निवासी अफाक पुत्र अब्दुल जब्बार चौराहे पर मिठाई की दुकान संचालित कर परिवार का भरण पोषण करता है जो कि रोजाना की भांति दुकान बंदकर चला गया और अज्ञात चोर दुकान का ताला तोडकर दुकान में रखा नगद लगभग नौ हजार रूपया उठा ले गये है। पीड़ित दुकानदार को घटना की जानकारी दूसरे दिन सुबह जब वह अपनी दुकान पर आया तो जानकारी हुई है। पीड़ित दुकानदार ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है पुलिस ने आनन फानन में अभियोग दर्ज कर लिया है लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली है।

# स्वास्थ्य अधिकारियों ने लगाया मानसिक जागरूकता कैम्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में बुधवार को निमोनिया नियंत्रण अभियान 'एसएएएनएस' (सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज निमोनिया सक्सेसफुली) का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 12 नवंबर से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेगा। इसी दिन दरगाह हजरत अब्बास मौहरिया में एक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। निमोनिया अभियान का शुभारंभ राजकीय एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में एक कार्यशाला के दौरान हुआ। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भारत भूषण ने की। इस अवसर पर उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लालजी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार यादव भी उपस्थित रहे।अभियान का मुख्य उद्देश्य निमोनिया जैसी रोकथाम योग्य बीमारी के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना है। इसका लक्ष्य माता-पिता और देखभाल करने वालों को निमोनिया के लक्षणों जैसे बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द की पहचान करने के लिए शिक्षित करना है, ताकि शीघ्र पहचान और समय पर चिकित्सा देखभाल को बढ़ावा मिल सके। सीएमओ डॉ. भारत भूषण ने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों को निमोनिया के प्रति विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उनके मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय और सीएचसी दूबेपुर में निमोनिया की रोकथाम व उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में अन्य चिकित्सा इकाइयों में भी निमोनिया नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई। बुधवार को दरगाह हजरत अब्बास मौहरिया में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा किया गया। मानसिक रोगों के लक्षणों जैसे उलझन, घबराहट, बेचैनी और नींद न आने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को मानसिक रोगों से संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए गए। सलाह दी गई कि यदि किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के मानसिक रोग विभाग की ओपीडी कक्ष संख्या 114 में दिखाना चाहिए, ताकि उचित समय पर इलाज सुनिश्चित हो सके। सभी को टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर 14416 के बारे में भी बताया गया।

# फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जागरूकता शिविर का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें फसल अवशेष न जलाने के लिए फायदों के बारे में जानकारी दी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एस एस ढाका ने बताया कि धान की पराली जलाने से मिट्टी, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को नुकसान होता है जबकि इन्हीं फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से कई फायदे होते हैं। वैज्ञानिक डॉ अमरजीत राठी ने किसानों को अपने खेत की पराली न जलाने के लिए जागरूक किया और पराली के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी वहीं मिट्टी की जांच तथा डी कंपोजर के प्रयोग के बारे में जानकारी दी कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जिले में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी देने के लिए समय-समय पर गांव स्तरीय, खंड स्तरीय, जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रमों, किसान प्रशिक्षण, खेत दिवस तथा किसान मेला आदि का आयोजन किया जाता है।जिससे किसानों को यथा समय जानकारी मिलती रहती है इसी के साथ उन्होंने बताया कि कृषकों को प्राकृतिक स्रोतों का कम से कम दोहन करके फसल उत्पादन करना चाहिए. उन्होंने बताया की उचित पोषण प्रबंधन करके कम लागत में अधिक उत्पादन लिया जा सकता है. केंद्र के वैज्ञानिक डा. दीपक कुमार ने फसल अवशेषों का पशुओं के लिए भोजन के रूप में उपयोग करने पर बल दिया एवं प्राकृतिक कृषि के विभिन्न आयामों से कृषकों को जागरूक किया. कृषि विभाग के ब्लाक तकनीकी प्रबंधक ने कृषकों को भूमि की उपजाऊ क्षमता बढाने एवं कृषि विविधिकरण अपनाकर अधिक लाभ लेने पर बल दिया. कृषि विभाग के राजवीर सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक ने कृषि विभाग द्वारा संचालित फसल अवशेष प्रबंधन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. इस अवसर पर ब्लाक के नन्दलाल, कुलदीप कुमार, हरप्रसाद, रामप्रसाद, इत्यादि सहित लगभग 100 कृषकों ने प्रतिभाग किया है।

## जिलाधिकारी ने कान्हा गौशाला बरखेड़ा का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने नगर पंचायत बरखेडा की कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित पशुओं हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गोवंशों की संख्या 195 पाई गई। उन्होंने गौशाला में उपस्थित पशु चिकित्सक को कृत्रिम गर्भाधान के निर्देश दिए ताकि गौवंश की नस्ल को सुधारा जा सके। निरीक्षण के दौरान एक गाय बीमारी पाई गई। उन्होंने पशु चिकित्सक निर्देश दिए कि गौवंश तुरन्त इलाज किया जाये तथा नियमित गौवंशों की देखरेख करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने गौशाला को आदर्श गौशाला बनाए जाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। गौशाला में भूसे कम पाए जाने पर भूसे व हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए। गोबर गैस प्लांट बन्द पाए जाने पर उसे ठीक कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गोवंशों को नियमित हरा चारा देने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायत में निराश्रित गौवंशों को पकड़कर गौशाला में संरक्षित किए जाने हेतु निर्देशित किया तथा गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इस नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पशु चिकित्सक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी शिवम सिंह 30 वर्ष पुत्र सुरेंद्र सिंह बुधवार देर रात पूरनपुर से घर वापस लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार पूरनपुर खुटार हाइवे चीनीमिल के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी अचेत अवस्था में हाईवे पर पड़े युवक को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जानकारी लगने के बाद परिवार और रिश्तेदार भी पहुंच गए। अचानक हुए हादसे को लेकर सभी का रोकर बुरा हाल है। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा है

## नगर पालिका परिषद पूरनपुर में मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सभागार में एसआईआर मतदाता सूची के संबंध में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभासद गणों को नये वोट बनाए जाने तथा पुराने वोट हटाए जाने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभासदों को यह निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने वार्डों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जनता को वोट के महत्व के प्रति जागरूक करें।बैठक के दौरान मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और अद्यतन बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता,तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता, लेखाकार दिनेश भारती,ऋषि सक्सेना,युवा भाजपा नेता विवेक तिवारी सहित नगर पालिका के समस्त सम्मानित सभासद गण उपस्थित रहे।

## एसआईआर मतदाता सूची को लेकर नायब तहसीलदार ने किया कई गांवों का भ्रमण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने तहसील क्षेत्र के ग्राम चाट फिरोजपुर , तकिया दिनारपुर,रुरिया सलेमपुर,महद खास सहित लगभग दर्जनों गांव का निरीक्षण कर बीएलओ को नये वोट बनाने तथा पुराने वोट हटाए जाने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बीएलओ को यह निर्देशित किया है।

## रेलवे क्रॉसिंग पर बढ़ा दबाव लोहारामऊ ओवरब्रिज मरम्मत से रूट डायवर्जन, घंटों जाम

भदैंया/सुल्तानपुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के लोहारामऊ रेलवे ओवरब्रिज पर एक सप्ताह से मरम्मत कार्य चल रहा है। इस कार्य के कारण प्रशासन द्वारा किए गए रूट डायवर्जन से क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। अयोध्या जाने वाले कई यात्री वैकल्पिक मार्गों पर भटक रहे हैं, वहीं हनुमानगंज रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों की भीड़ से उसमें लगी रबर दबने लगी है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। यह मरम्मत कार्य लगभग 10 दिन पहले शुरू हुआ था। गुरुवार को हनुमानगंज रेलवे क्रॉसिंग पर गुजरात ट्रैवल के तीन वाहन देखे गए, जिनमें 21 यात्री सवार थे। ये यात्री वाराणसी, चित्रकूट और प्रयागराज के दर्शन के बाद अयोध्या जा रहे थे। ट्रैवल के चालक जावेद ने बताया कि रूट डायवर्जन के कारण वे ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर दो मुंहा मार्ग से होते हुए अयोध्या की ओर जा रहे हैं। इसी तरह, अयोध्या से वाराणसी जा रही गुजरात प्रान्त की एक डबल स्लीपर बस, जिसमें लगभग 60 सवारियां थीं, दो मुंहा मार्ग से भटक कर हनुमानगंज बाजार पहुंच गई।

# बीएसए ने कई परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण, मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने विकास क्षेत्र मरोरी के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गणेशपुर गोटिया,कंपोजिट विद्यालय बिलगवा,प्राथमिक विद्यालय लालपुरिया साहब सिंह, प्राथमिक विद्यालय जौनापुरी, उच्च प्राथमिक विद्यालय जौनापुरी, प्राथमिक विद्यालय अमीर नगर प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर का औचक निरीक्षण किया गया. सभी निरीक्षित विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय अमीर नगर को छोड़कर शेष विद्यालयों द्वारा छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति नहीं भेजी जा रही और ना ही विद्यालयों मे रंगाई पुताई का कार्य कराया गया जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी जारी की गई की विद्यालयों मे तत्काल रंगाई पुताई करवाना सुनिश्चित करें साथ ही प्रतिदिन छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति भेजना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। प्राथमिक विद्यालय अमीर नगर में छात्र उपस्थित अच्छी पाई गई तथा प्रधान अध्यापक द्वारा छात्रों की प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति भेजी जा रही जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक की प्रशंसा की गई। तथा विद्यालय में रंगाई पुताई का कार्य भी कराया जा रहा था। सभी निरीक्षित विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन छात्रों की उपस्थिति 80% से कम नहीं होनी चाहिए। साथ ही समस्त छात्रों को प्रतिदिन ड्रेस में आने के लिए प्रेरित किया जाए।समस्त निरीक्षित विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों को यह भी निर्देशित किया गया कि विद्यालय में प्राप्त कंपोजिट ग्रांट से विद्यालय की रंगाई पुताई, लघु मरम्मत कार्य अन्य मद में प्राप्त ग्रांट जैसे टीएलएम ग्रांट,वाला पेंटिंग, आदि का नियमानुसार कार्य करते हुए उपभोग करना सुनिश्चित करें।साथ ही विद्यालयों की निरंतर साफ सफाई कराई जाए और विद्यालय में फुलवारी लगाते हुए विद्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाए। बीएसए ने विद्यालयों के प्रधानध्यापकों को निर्देशित किया है।कि प्रतिदिन छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु विद्यालय समय से पहले या विद्यालय समय के बाद ग्राम भ्रमण करते हुए अभिभावक संपर्क करना सुनिश्चित करें।

## सम्पादकीय

# बेमौत न मरें यात्री

विकास के नाम पर हमने सरपट वाहन दौड़ने वाली सड़कें तो बना दी, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं किया कि यात्रा दुर्घटनाओं से निरापद कैसे रहे। यह हृदय विदारक होता है कि सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों, ट्रकों की अराजकता तथा राजमार्ग के अवरोधों के चलते परिवार के परिवार असमय काल कवलित हो जाते हैं। तंत्र की चतुराई ये होती है कि मुआवजे और दुर्घटना की फौरी जांच की घोषणा तो कर दी जाती है लेकिन सड़क दुर्घटना के मूल कारणों की तह तक नहीं पहुंचा जाता है। इन हादसों की जवाबदेही तय नहीं की जाती। आए दिन खबर आती है कि तेज गति से आता कोई वाहन सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया और अनेक निर्दोष लोगों की मौत हो गई। इस संकट की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलोदी इलाके में हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से दो सप्ताह में दुर्घटना के कारणों पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस भीषण दुर्घटना के मामले में स्वतरू संज्ञान लेते हुए ये निर्देश दिए हैं। दरअसल, इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हादसे की वजह सड़क के किनारे गलत ढंग से खड़ा ट्रक बना। जिससे यात्रियों से भरा तेज गति से आता एक टेम्पो ट्रेवलर टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि इसमें चार बच्चों तथा दस महिलाओं समेत पंद्रह लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल भी हुए। आमतौर पर किसी भी बड़े हादसे में शिकार हुए यात्रियों की संख्या का ही जिक्र होता है और सरकार मुआवजे की घोषणा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अधिक से अधिक हमारे विमर्श का मुद्दा यह होता है कि दोषी कौन था? कौन सा ड्राइवर लापरवाही से वाहन चला रहा था, वह नशे में था या उसे नींद की झपकी लग गई। या फिर वाहन में तकनीकी खामी की वजह से हादसा हुआ। लेकिन वास्तव में हम उन तकनीकी व वास्तविक खामियों को नजरअंदाज कर देते हैं जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। एक ओर जहां सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा की गई चूक होती हैं, वहीं सड़कों के किनारे बेतरतीब बने ढाबे भी होते हैं, जहां अकसर ट्रक चालक अपने वाहन गलत ढंग से खड़े कर देते हैं। लेकिन हर हादसे में कहीं न कहीं ऐसे कारण जरूर होते हैं, जो दुर्घटना की तात्कालिक वजह बनते हैं। लेकिन अकसर हम उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण कारक को अनदेखा करने की वजह से भविष्य में ऐसी ही दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति होने की आशंका बलवती होती है। यह विडंबना ही है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर जगह-जगह टोल संग्रह केंद्रों के जरिये टैक्स तो खूब वसूले जाते हैं, लेकिन राजमार्गों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये गंभीर प्रयास नहीं होते। कुकरमुत्तों की तरह सड़कों का अतिक्रमण करते ढाबों पर लगाम नहीं लगायी जाती। गंभीरता से पड़ताल नहीं होती है कि क्या सड़क निर्माण में ठेकेदार ने सभी तकनीकी मानकों का पालन किया है? निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की जवाबदेही बनती है कि राजमार्गों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये नियमित जांच-पड़ताल की जाती रहे। ताकि निर्दोष लोगों के बेमौत मरने का सिलसिला खत्म हो सके। इन विभागों व मंत्रालयों का जिम्मा सिर्फ टोल वसूलना ही नहीं है बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाना भी इनकी जवाबदेही है। निश्चित रूप से सड़क के निर्माण की गुणवत्ता तथा उसे दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये उच्च सुरक्षा मानकों का क्रियान्वयन भी उतना जरूरी है। इसके अलावा सख्त कानून व निगरानी के जरिये ट्रकों को सड़क के किनारे खड़े करने पर रोक लगायी जाए। देश में सैकड़ों लोगों की मौत सड़क के किनारे गलत तरीके से खड़े ट्रक से वाहनों के टकराने से होती है, लेकिन दोषी ट्रक चालक को कड़ी सजा नहीं मिलती। वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों को भी गति सीमा में रहने तथा अन्य सावधानियों का सख्ती से पालन करना चाहिए। सरकारों का दायित्व भी बनता है कि राजमार्गों पर रफ्तार की सीमा के नियमन के साथ बाधामुक्त सफर भी सुनिश्चित करें।

# जिग्मे सिंगये वांगचुक: आधुनिक भूटान के निर्माण और भारत-भूटान मित्रता के शिल्पकार

**राजा जिग्मे सिंगये वांगचुक की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने विकास को केवल आर्थिक प्रगति से नहीं जोड़ा, बल्कि उसे मानवीय, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय संतुलन से परिभाषित किया। उन्होंने सकल राष्ट्रीय सुख (Gross National Happiness) की अवधारणा दी, जिसने भूटान के शासन, नीति निर्माण और सामाजिक जीवन का मूल दर्शन बनकर कार्य किया। इस विचार में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि विकास का मापदंड केवल धन-संपत्ति नहीं, बल्कि लोगों का मानसिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन भी होना चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भूटान के आधुनिकीकरण की गति परंपराओं को निगल न जाए, बल्कि उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। राजा वांगचुक ने भूटान को पूर्ण राजतंत्र से लोकतांत्रिक संवैधानिक शासन में रूपांतरित करने की ऐतिहासिक प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने 2001 में भूटान का संविधान तैयार करवाया, जो 2008 में लागू हुआ।**

भूटान का इतिहास एक ऐसे अद्भुत शासक की गवाही देता है जिसने न केवल अपने देश को आधुनिकता के मार्ग पर अग्रसर किया, बल्कि उस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी सुरक्षित रखा जिसने उसे एक विशिष्ट राष्ट्र के रूप में पहचान दी। यह शासक थे चतुर्थ राजा जिग्मे सिंगये वांगचुक (K4), जिन्होंने साल 1972 से 2006 तक शासन किया। उन्होंने ऐसे समय में राजगद्दी संभाली जब भूटान एक सीमित संसाधनों वाला, आंतरिक रूप से बंद और बाहरी दुनिया से अपेक्षाकृत दूर देश था। परंतु उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने इस छोटे हिमालयी राष्ट्र को स्थिर, समृद्ध और आत्मनिर्भर लोकतंत्र में बदल दिया।

राजा जिग्मे सिंगये वांगचुक की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने विकास को केवल आर्थिक प्रगति से नहीं जोड़ा, बल्कि उसे मानवीय, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय संतुलन से परिभाषित किया। उन्होंने सकल राष्ट्रीय सुख (Gross National Happiness) की अवधारणा दी, जिसने भूटान के शासन, नीति निर्माण और सामाजिक जीवन का मूल दर्शन बनकर कार्य किया। इस विचार में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि विकास का मापदंड केवल धन-संपत्ति नहीं, बल्कि लोगों का मानसिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन भी होना चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भूटान के आधुनिकीकरण की गति परंपराओं को निगल न जाए, बल्कि उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। राजा वांगचुक ने भूटान को पूर्ण राजतंत्र से लोकतांत्रिक संवैधानिक शासन में रूपांतरित करने की ऐतिहासिक प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने 2001 में भूटान का संविधान तैयार करवाया, जो 2008 में लागू हुआ। यह दुनिया में दुर्लभ उदाहरण है जब किसी राजा ने स्वयं अपने अधिकार सीमित कर लोकतांत्रिक संस्थाओं को शक्ति सौंपी। 2006 में उन्होंने स्वेच्छा से अपने पुत्र जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक के पक्ष में सिंहासन छोड़ दिया, यह दिखाते हुए कि सत्ता का वास्तविक उद्देश्य जन कल्याण है, न कि अधिकारों का संचय। इस परिवर्तन ने भूटान को एक स्थायी लोकतंत्र, पारदर्शी शासन और संस्थागत जवाबदेही की दिशा में अग्रसर किया। आर्थिक दृष्टि से भी जिग्मे सिंगये वांगचुक का काल भूटान के इतिहास में परिवर्तनकारी रहा। उन्होंने देश के सीमित संसाधनों को सही दिशा में उपयोग कर विकास का आत्मनिर्भर मॉडल तैयार किया। भूटान ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क संपर्क जैसी बुनियादी सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार किए। भारतीय सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation) के सहयोग से भूटान के दुर्गम इलाकों में सड़कें और पुल बने, जिससे न केवल व्यापार और आवागमन बढ़ा बल्कि सीमाई सुरक्षा भी सुदृढ़ हुई। यह भूटान के ग्रामीण विकास और प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम था। परंतु K4 का सबसे उल्लेखनीय योगदान रहा भारत-भूटान संबंधों का सुदृढ़ीकरण। उन्होंने यह समझा कि भूटान की भौगोलिक स्थिति- भारत और चीन के बीच एक रणनीतिक संवेदनशीलता का क्षेत्र है। अतः उन्होंने भारत के साथ पारस्परिक विश्वास और सहयोग पर आधारित संबंधों को प्राथमिकता दी। भूटान की विदेश नीति का प्रमुख स्तंभ बना भारत के साथ ल्लविश्वास आधारित साझेदारीङ्क, जो आज भी दक्षिण एशिया में द्विपक्षीय संबंधों का आदर्श उदाहरण मानी जाती है। इसी साझेदारी का सबसे प्रभावी रूप रहा जलविद्युत कूटनीति (Hydropower Diplomacy)। भूटान की प्राकृतिक संपदा में सबसे बड़ा संसाधन उसकी नदियाँ हैं, जिनमें अपार जलविद्युत क्षमता निहित है। राजा वांगचुक ने बहुत पहले यह पहचान लिया था कि यही संसाधन भूटान की आत्मनिर्भरता और भारत-भूटान आर्थिक साझेदारी की रीढ़ बन सकता है। इस सोच के परिणामस्वरूप भारत और भूटान ने मिलकर कई प्रमुख परियोजनाएँ शुरू कीं- चुखा (1988), कुरिचू (2001), ताला (2006)- जो भारत द्वारा वित्त पोषित और तकनीकी रूप से सहयोगित थीं। इन परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली भारत को निर्यात की गई और उसी राजस्व से भूटान ने अपने सामाजिक विकास कार्यक्रम चलाए।

इस प्रकार जलविद्युत कूटनीति ने दोनों देशों को आर्थिक रूप से एक-दूसरे से जोड़ दिया। भारत को स्वच्छ ऊर्जा का विश्वसनीय स्रोत मिला और भूटान को स्थायी आय का साधन। यह संबंध केवल आर्थिक नहीं था बल्कि राजनीतिक विश्वास और भौगोलिक स्थिरता का भी प्रतीक था। आज भी भूटान की राष्ट्रीय आय का लगभग 25% हिस्सा जलविद्युत निर्यात से आता है और इसका अधिकांश भारत को जाता है। इस मॉडल ने दिखाया कि क्षेत्रीय साझेदारी केवल व्यापारिक हित नहीं, बल्कि सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन के माध्यम से भी आगे बढ़ सकती है। जिग्मे सिंगये वांगचुक की नीतियों ने भारत-भूटान सुरक्षा सहयोग को भी नई गहराई दी। भूटान की उत्तरी सीमाएँ चीन से लगती हैं, जहाँ कई बार सीमा विवाद और घुसपैठ की घटनाएँ हुई हैं। K4 ने इस संभावित खतरे को समय रहते भाँप लिया और भारत के साथ सामरिक सहयोग को सुदृढ़ किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भूटान कभी भी किसी तीसरे देश के लिए भारत विरोधी गतिविधियों का अड्डा न बने। 2003 में उन्होंने भारतीय विद्रोही संगठनों - ULFA, NDFB और KLO के ठिकानों के खिलाफ 'ऑपरेशन ऑल क्लियर' चलाया और उन्हें भूटान से बाहर कर दिया। यह एक साहसिक कदम था जिसने भूटान की संप्रभुता और भारत के प्रति उसकी निष्ठा को प्रमाणित किया। सुरक्षा क्षेत्र में यह सहयोग केवल सैन्य नहीं बल्कि रणनीतिक भी था। भारत ने भूटान की सेना को प्रशिक्षण, उपकरण और बुनियादी ढाँचा प्रदान किया। सीमा इलाकों में संयुक्त निगरानी और खुफिया साझेदारी ने दोनों देशों को क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने में मदद की। यह सहयोग बाद के वर्षों में डोकलाम (2017) जैसे संकटों में और अधिक महत्वपूर्ण साबित हुआ, जब दोनों देशों ने एक-दूसरे के रणनीतिक हितों की रक्षा में एकजुट होकर कार्य किया। राजा वांगचुक की दूरदर्शिता ने यह भी सुनिश्चित किया कि भूटान की विदेश नीति संतुलन पर आधारित रहे – जहाँ भारत प्राथमिक साझेदार है, वहीं भूटान ने अपनी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विशिष्टता को भी सुरक्षित रखा। उन्होंने अपने शासनकाल में चीन के साथ संवाद के कुछ सीमित प्रयास किए, परंतु भारत के हितों को कभी भी हानि नहीं पहुँचने दी। यह संतुलन आज भी भूटान की विदेश नीति की पहचान है। उनकी नीतियों के कारण भारत और भूटान के बीच केवल सरकार-से-सरकार का नहीं, बल्कि जन-से-जन संबंध (People-to-People Relations) का भी विस्तार हुआ। भूटान में भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जलविद्युत और आईटी जैसे क्षेत्रों में सबसे बड़ा विकास सहयोगी बना। भूटान के युवा भारत में शिक्षा प्राप्त करते हैं, और दोनों देशों के लोगों में सांस्कृतिक निकटता का भाव है।

भूटान के लोकतांत्रिक संक्रमण के बाद भी K4 की भूमिका परामर्शदाता और मार्गदर्शक के रूप में बनी रही। वर्तमान राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक (K5) ने अपने पिता की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए भारत के साथ संबंधों को और गहरा किया। 2025 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान के दौरे पर गए, तो उन्होंने ख4 के 70वें जन्मदिन समारोह में भाग लिया – यह इस संबंध की गहराई और निरंतरता का प्रतीक है। आज जब भारत अपने पड़ोसी प्रथम (Neighbourhood First) नीति के तहत क्षेत्रीय साझेदारी को प्राथमिकता दे रहा है, भूटान इसके केंद्र में है। भारत के लिए भूटान न केवल रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह दक्षिण एशिया में उस दुर्लभ पड़ोसी का उदाहरण है जहाँ विश्वास, समानता और आपसी सम्मान के आधार पर संबंध कायम हैं। भूटान के लिए भी भारत केवल एक आर्थिक भागीदार नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और सुरक्षा गारंटी का प्रतीक है। जलविद्युत कूटनीति के माध्यम से जहाँ आर्थिक परस्परता मजबूत हुई, वहीं सुरक्षा सहयोग के कारण सीमाई स्थिरता बनी रही। इस संतुलन ने भूटान को एक सॉफ्ट पावर राष्ट्र के रूप में पहचान दी, जिसने विकास और आध्यात्मिकता को जोड़कर दुनिया के सामने एक वैकल्पिक विकास मॉडल प्रस्तुत किया। राजा जिग्मे सिंगये वांगचुक ने यह सिद्ध किया कि छोटे देश भी यदि दूरदृष्टि, स्थिर नेतृत्व और संतुलित कूटनीति अपनाएँ तो वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं बल्कि अपने बड़े पड़ोसियों के साथ समानता पर आधारित संबंध भी स्थापित कर सकते हैं। भूटान का लोकतांत्रिक और आर्थिक उत्थान इसी नेतृत्व की विरासत है। अंततः कहा जा सकता है कि K4 ने भारत-भूटान संबंधों को विकास और सुरक्षा साझेदारी (Development-Security Partnership) में रूपांतरित किया। जहाँ जलविद्युत परियोजनाएँ आर्थिक समृद्धि का आधार बनीं, वहीं रक्षा और सीमाई सहयोग ने राजनीतिक स्थिरता को सुनिश्चित किया। उनका शासन इस बात का प्रमाण है कि आधुनिकता और परंपरा, लोकतंत्र और राजतंत्र, आत्मनिर्भरता और साझेदारी – सभी एक साथ अस्तित्व में रह सकते हैं यदि नेतृत्व में दूरदर्शिता और निस्वार्थता हो। आज भूटान दुनिया का एकमात्र कार्बन-ऋणात्मक (Carbon Negative) देश है, जहाँ विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना हुआ है। यह उस सोच का परिणाम है जो ख4 ने दशकों पहले बोई थी। उन्होंने न केवल भूटान की भौगोलिक सीमाओं को सुरक्षित किया, बल्कि उसकी आत्मा को भी संरक्षित रखा। भारत-भूटान संबंधों की यह जीवंत परंपरा, उनकी दी हुई विरासत है- विश्वास, सहयोग और साझा समृद्धि की अमिट कहानी। **–डॉ सत्यवान सौरभ**

# आज भी हर पिता के लिए प्रेरक है पंड़ित जवाहर लाल नेहरू

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

बेटियाँ अक्सर पिता की आँखों में अपने सपनों की पहली झलक देखती हैं। पर जब उस पिता का नाम जवाहरलाल नेहरू हो और बेटी का नाम इंदिरा गांधी, तब यह रिश्ता सिर्फ घर की चारदीवारी में नहीं रहता, इतिहास के पन्नों पर उतर आता है। नेहरू ने इंदिरा की परवरिश जिस तरह की, वह आज भी बेटियों के पिताओं के लिए प्रेरणा बन सकती है। उन्होंने उसे केवल पाल-पोसकर बड़ा नहीं किया, बल्कि अपने आदर्शों, संघर्षों और विचारों से गढ़ा , जैसे कोई मूर्तिकार पत्थर में प्राण फूंकता है। इंदिरा का बचपन किसी राजकुमारी की कहानी नहीं था। मां कमला नेहरू की बीमारी, पिता का जेल जीवन और आज़ादी की लड़ाई की आँधियों के बीच वह अकेली बच्ची थी जो पत्रों में पिता को ढूंढती थी। नेहरू के लिखे वे पत्र, जिन्हें बाद में 'पिता के पत्र बेटी के नाम ' के नाम से पुस्तक रूप मिला, किसी स्कूली पाठ्यपुस्तक से अधिक जीवन दर्शन से भरे थे। उनमें विज्ञान था, प्रकृति थी, इतिहास था और सबसे बढ़कर विचारों की आज़ादी थी। नेहरू ने इंदिरा को यह नहीं सिखाया कि क्या सोचना है, बल्कि यह सिखाया कि खुद सोचना कितना जरूरी है। यही शिक्षा आगे चलकर उनके राजनीतिक व्यक्तित्व का मेरुदंड बनी। कभी इंदिरा ने अपने पिता से शिकायत की थी कि वे हमेशा जेल में क्यों रहते हैं। जवाब में नेहरू ने लिखा जब स्वतंत्रता खतरे में हो, तब घर में बैठना कैसा पिता होना होगा। शायद इसी संवाद ने इंदिरा को समझा दिया था कि देश के लिए संघर्ष करना घर की चिंता से बड़ा कर्तव्य है। यही वह बीज था, जिससे भविष्य की लौह महिला का व्यक्तित्व अंकुरित हुआ। बचपन की एक घटना दिलचस्प है। स्वतंत्रता आंदोलन के दिनों में इंदिरा ने अपने मोहल्ले के बच्चों के साथ मिलकर 'वानर सेना' बनाई। कोई और पिता होता तो शायद बच्ची की शरारत समझकर हँस देता, पर नेहरू ने इसे प्रोत्साहित किया। उन्होंने देखा कि बच्ची में नेतृत्व के गुण हैं। उन्होंने उसे वही जिम्मेदारी दी जो बेटों को दी जाती है , कभी हिचकिचाए बिना। नेहरू के लिए इंदिरा बेटी नहीं, एक साथी थी। जेल से भेजे पत्रों में वह अपने अनुभव, अपने अध्ययन, अपने स्वप्न साझा करते। इंदिरा ने एक बार कहा था हमारा रिश्ता पिता-पुत्री का कम, साथी का ज्यादा था। यह कथन नेहरू के उस आधुनिक सोच का प्रमाण है जो उस समय दुर्लभ थी जब अधिकांश पिता बेटियों को पर्दे में रखना गर्व समझते थे। इंदिरा के विवाह के समय जब तरह-तरह की अफवाहें फैलीं, तब नेहरू ने सार्वजनिक रूप से बेटी के निर्णय का समर्थन किया। उन्होंने कहा इंदिरा अपना जीवन साथी चुनने के लिए स्वतंत्र है। यह एक पिता की वही आवाज थी जो बेटी के आत्मसम्मान के साथ खड़ी रहती है, भले संसार क्या सोचे। इस एक घटना ने उस दौर की सामाजिक रूढ़ियों को हिला दिया। आज भी यह मिसाल पिताओं के लिए प्रेरणा है। राजीव गांधी के जन्म पर परिवार चाहता था कि नाम राहुल रखा जाए, पर नेहरू ने अपनी राय दी और राजीव नाम चुना गया। इंदिरा ने बिना विवाद किए पौत्र के लिए 'राहुल' नाम आगे सुरक्षित रखा , पिता के निर्णय का सम्मान और अपनी स्वतंत्र सोच, दोनों का संतुलन। यह संतुलन शायद केवल वही रख सकती थीं जिन्हें पिता ने संवाद की आज़ादी दी थी। नेहरू ने कभी यह नहीं जताया कि उन्हें पुत्र की इच्छा थी। उन्होंने इंदिरा में वही सामर्थ्य देखा जो किसी पुत्र में देखी जाती है। बल्कि उनसे भी अधिक, क्योंकि इंदिरा केवल नेहरू की बेटी नहीं थी, उनकी विचारधारा की वारिस थी। यह बात उस समय कही गई जब समाज बेटी को परिवार का उत्तराधिकारी नहीं मानता था। नेहरू ने इस धारणा को अपने आचरण से तोड़ा, किसी भाषण से नहीं। नेहरू की परवरिश का असर यह हुआ कि इंदिरा ने नारीत्व को कमजोरी नहीं, शक्ति के रूप में पहचाना। उन्होंने राजनीति में वही दृढ़ता दिखाई जो नेहरू ने उन्हें दी थी। जब कभी उन्होंने विरोधों और संकटों का सामना किया, भीतर से पिता के पत्रों की पंक्तियाँ गूंजती होंगी संकट में जो शांत रह सके, वही सच्चा नेता होता है। आज जब समाज फिर से बेटी और बेटे के बीच भेदभाव की लकीरें खींचने लगा है, नेहरू और इंदिरा की यह कहानी हमें याद दिलाती है कि बेटियों को सशक्त बनाने के लिए भाषण नहीं, विश्वास चाहिए। वह विश्वास जो नेहरू ने इंदिरा में किया था। हर पिता अगर अपनी बेटी में वही आत्मबल, वही जिज्ञासा, वही सोचने की स्वतंत्रता पैदा करे तो यह देश सचमुच उस भारत का रूप ले सकता है जिसका सपना नेहरू ने देखा था , जहां हर नागरिक सोचने और चुनने के लिए स्वतंत्र हो।

## सेहत मंत्र

# जानलेवा बनता जा रहा है मधुमेह रोग

मधुमेह रोग आज के समय की सबसे विकट समस्या हैं। जिसने पूरी दुनियां में अपना आतंक फैला रखा हैं। मधुमेह पर नियंत्रण तो किया जा सकता हैं। पर इसे जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। मधुमेह को अगर नियंत्रित ना किया जाये तो इसका असर किडनी, आंख, हृदय तथा ब्लड प्रेशर पर पड़ता हैं। मधुमेह की बीमारी में शरीर में ब्लड शुगर या ब्लड ग्लुकोज की मात्रा बढ़ जाती है। ऐसा तब होता है जब शरीर में होरमोन इन्सुलिन की कमी हो जाती है या वो इन्सुलिन हमारे शरीर के साथ सही ताल मेल नहीं बैठा पाते हैं। मधुमेह के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस की शुरुआत की गई। 1991 वह साल था जब विश्व में सभी का ध्यान इस बीमारी के बढ़ते प्रकोप पर गया। लोगों को इसके संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 14 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस मनाने की घोषणा की गयी थी। दुनिया के अधिकतर देशो में 14 नवम्बर को प्रतिवर्ष विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। मधुमेह रोग के कारण एवं इसके विभिन्न पहलुओं को समझने हेतु कई लोग प्रयासरत थे। इनमें से एक जोड़ी फ्रेडरिक बैटिंग एवं चार्ल्स बेस्ट की भी थी। जो पैनक्रियाज ग्रन्थि द्वारा स्त्रावित तत्त्व के रसायनिक संरचना की खोज में लगे हुए थे। इस तत्त्व को अलग कर उन्होंने अक्टूबर 1921 में प्रदर्शित किया कि यह तत्त्व शरीर में ग्लूकोज का निस्तारण करने में अहम भूमिका निभाता है और इसकी कमी होने से मधुमेह रोग हो जाता है। इस तत्त्व को इंसुलिन का नाम दिया गया। इसकी खोज मधुमेह के इतिहास में एक मील का पत्थर है। इस कार्य हेतु उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 14 नवम्बर को फ्रेडरिक बैटिंग का जन्मदिवस है। अतः विश्व मधुमेह दिवस हेतु इस तिथि का चयन किया गया। फ्रेडरिक बेटिंग के योगदान को याद रखने के लिए इंटरनेशनल डायबेटिक फ़ेडरेशन द्वारा 14 नवम्बर को दुनिया के 140 देशों में मधुमेह दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह संघ के सतत प्रयास के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र संघ ने अन्ततः मधुमेह की चुनौती को स्वीकारा और दिसम्बर 2006 में इसे अपने स्वास्थ कायक्रमों की सूची में शामिल किया। सन 2007 से अब यह संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के सूची में शामिल होने का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि अब संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देश अपनी स्वास्थ्य सम्बंधी नीति-निर्धारण में इसे महत्त्व दे रहें हैं।

## धर्म मंत्र

# पांडवों द्वारा बनाया गया था महाराष्ट्र का केशवराज मंदिर

केशवराज मंदिर सिर्फ आध्यात्मिकक दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि मंदिर के आसपास की प्राकृतिक सुंदरता भी बस देखते ही बनती है। यह मंदिर महाराष्ट्र में स्थित है और दापोली से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि यह मंदिर पांडवों द्वारा निर्मित है। यह मंदिर भले ही दापोली के पास एक छोटे से गांव में स्थित है, लेकिन फिर भी इसे एक गूढ़ रहस्य के रूप में जाना जाता है। यह छोटा सा मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। लेकिन यहां पर गणपति जी की भी मूर्ति स्थित है। मंदिर का मुख दक्षिण दिशा की ओर है और मंदिर के अंदर का सुखद वातावरण आपको शांति का अनुभव कराता है। मंदिर चारों तरफ से पत्थर के फुटपाथ से घिरा हुआ है और इसे केशवराज देवराय मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर आपको आध्यात्मिक शांति का अहसास करवाता है। मंदिर परिसर में स्थित गाय के मुंह के आकार के पत्थर से साल भर ठंडा और स्वादिष्ट पानी बहता है। केशवराज मंदिर के क्षेत्र के भीतर आप महसूस करते हैं कि भगवान की असली पहचान एकांत, शांति और प्रकृति के बीच है। केशवराज मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत छटा पेश करता है। मंदिर के चारों ओर घने जंगल में, आप वर्ष भर पानी की धारा बहते हुए देख सकते हैं। यहां पर धारा के उपर पुल भी बना है। जब आप इस पुल को पार करते हैं, तो आप लेटराइटिक पत्थर से निर्मित कुछ सीढ़ियां देखते हैं।

## पर्यटन



# पर्यटन स्थल नैनीताल में घूमते समय श्रद्धा के केंद्र नैना देवी मंदिर भी जाएं

पर्यटक स्थल नैनीताल में स्थित माता नैनी देवी मंदिर सहज ही पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करता है। नैनी झील के उत्तरी किनारे पर स्थित इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि 1880 में भूस्खलन से यह मंदिर नष्ट हो गया था। बाद में इसे फिर से बनाया गया। इस मंदिर में सती के शक्ति रूप की पूजा की जाती है। मंदिर में दो नेत्र हैं जो नैना देवी को दर्शाते हैं। नैनी झील के बारे में मान्यता है कि जब शिव सती की मृत देह को लेकर कैलाश पर्वत जा रहे थे, तब जहां-जहां उनके शरीर के अंग गिरे वहां-वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। इस स्थान पर देवी सती के नेत्र गिरे थे। इसीलिए यहां इस मंदिर की स्थापना की गयी। इस मंदिर में नैना देवी की प्रतिमा के साथ ही भगवान श्री गणेश और काली माता की मूर्तियां भी लगाई गयी हैं। साथ ही पीपल का एक विशाल वृक्ष मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्थित है जिसके साथ भी कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। यहां लोग मन्नत मांगने आते हैं और पीपल के पेड़ पर इसके लिए लाल चुन्नी या धागा बांधते हैं। मंदिर के आसपास का दृश्य भी बेहद खूबसूरत है। इस मंदिर के ठीक बाहर तिब्बती बाजार लगता है। दक्ष प्रजापति की पुत्री उमा का विवाह शिव से हुआ था। शिव को दक्ष प्रजापति पसन्द नहीं करते थे, परन्तु वह देवताओं के आग्रह को टाल नहीं सकते थे, इसलिए उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह न चाहते हुए भी शिव के साथ कर दिया था। एक बार दक्ष प्रजापति ने सभी देवताओं को अपने यहाँ यज्ञ में बुलाया, परन्तु अपने दामाद शिव और बेटी उमा को निमन्त्रण तक नहीं दिया। उमा हठ कर इस यज्ञ में पहुंचीं। जब उसने हरिद्वार स्थित कनरवन में अपने पिता के यज्ञ में सभी देवताओं का सम्मान और अपने पति और अपना निरादर होते हुए देखा तो वह अत्यन्त दुःखी हो गयीं। वह यज्ञ के हवन कुण्ड में यह कहते हुए कूद पड़ीं कि 'मैं अगले जन्म में भी शिव को ही अपना पति बनाऊंगी। आपने मेरा और मेरे पति का जो निरादर किया इसके प्रतिफल स्वरूप यज्ञ के हवन कुण्ड में स्वयं जल कर आपके यज्ञ को असफल करती हूं। जब शिव को यह ज्ञात हुआ कि उमा सती हो गयीं, तो उनके क्रोध का पारावार न रहा।

# महादेवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने दिए कड़े निर्देश

## साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के बेहतर इंतजाम हो : गुंजिता अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। आगामी महादेवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं मेला सचिव गुंजिता अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को तहसील सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश, सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कराई जाएं, ताकि श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने बीडीओ रामनगर जितेंद्र कुमार, सूरतगंज बीडीओ देवेंद्र सिंह तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशोक कुमार खरवार को निर्देशित किया कि मेले में सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रह जाए। अभरन सरोवर सहित सभी स्थलों की साफ-सफाई समय से कराई जाए और कूड़ा-करकट का नियमित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। नलकूप विभाग को निर्देश दिए गए कि मेले के समीप लगे सभी नलकूप पूर्ण रूप से क्रियाशील रहें और पेयजल की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को अस्थाई शौचालय, मोबाइल टॉयलेट और पानी के टैंक की व्यवस्था भी समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियंता (विद्युत) को मेले में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने और निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अलग से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। वहीं लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अजीत पटेल को सभी मार्गों की मरम्मत कराने तथा रास्तों पर पड़े मलबे को हटाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रणव कुमार श्रीवास्तव को महोत्सव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और आवश्यक चिकित्सा दल तैनात करने को कहा गया।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सीसीटीवी कैमरों से मेले की निगरानी कराने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत विभाग के अधिकारियों को मार्गों और मेला परिसर की प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाए रखने को कहा गया।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने महोत्सव के प्रचार-प्रसार के लिए खंड शिक्षा अधिकारी सूरतगंज और रामनगर से कहा कि विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों को महोत्सव में भागीदारी के लिए प्रेरित करें, ताकि जनभागीदारी के माध्यम से महोत्सव को और भव्य रूप दिया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय और पूर्ण सहयोग के साथ कार्य करें, ताकि महादेवा महोत्सव को यादगार बनाया जा सके।बैठक में तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नितिन, सहायक पर्यटन अधिकारी मनीष चौधरी, आबकारी निरीक्षक उमाशंकर चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



तहसील रामसनेहीघाट के सराय बरई गांव में गुरुवार दोपहर एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाके के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

### शान और स्टाइल ध्वनि प्रदूषण से नागरिक त्रस्त

**निंदूरा बाराबंकी।** विकास क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में इन दिनों एक नया चलन देखने को मिल रहा है। पहले जहां सड़कों पर पटाखे वाली बुलेट की गूंज सुनाई देती थी, वहीं अब कुछ युवक ट्रैक्टरों पर हजारों रुपए के साउंड सिस्टम लगवाकर सड़कों पर तेज आवाज में गाने बजाते हुए निकल रहे हैं। इन युवकों के लिए यह शान और स्टाइल का प्रतीक बन चुका है, लेकिन यह दिखावा आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। तेज आवाज में बजता साउंड न केवल राहगीरों को असुविधा पहुंचाता है, बल्कि स्कूलों, अस्पतालों और धार्मिक स्थलों के पास शांति भंग करने का भी कारण बनता है। इतना ही नहीं कुछ ट्रैक्टरों में साउंड के पीछे एक बैनर पर कुछ इस प्रकार लिखा भी है गुलामी नहीं होगी प्रधान,चाहे कोई खास हो या बदमाश हो।नो ड्रिंक,नो गुटखा,नो गर्ल,नो स्मोकिंग बस एक ही शौक है मेरा घरवालों को सोने में मजबूर कर दूंगा इतना पैसा ला कहां से रहा है।

# पूर्व प्रधान का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत शहाबपुर के पूर्व प्रधान हाजी वसीम अंसारी के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हो गया। 72 वर्षीय हाजी वसीम अंसारी पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें पंद्रह दिन पूर्व लखनऊ स्थित मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार की शाम लगभग 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पूर्व प्रधान के निधन की खबर गांव पहुंचते ही हर किसी की आंखें नम हो गईं। शव के शहाबपुर स्थित आवास पर पहुंचते ही परिजनों सहित सैकड़ों लोग गमगीन हो उठे। अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े और पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल छा गया। बताया जाता है कि उनके पिता मो. सफी (मुन्ने अंसारी) लगभग 32 वर्षों तक ग्राम पंचायत शहाबपुर के प्रधान रहे और जनसेवा में समर्पित रहे। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हाजी वसीम अंसारी ने लगभग 15 वर्षों तक ग्राम प्रधान के रूप में कार्य करते हुए लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उनके नमाजे जनाजा में क्षेत्रीय व राजनीतिक हस्तियों का भारी जमावड़ा रहा। इसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, सदर विधायक सुरेश यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत,पूर्व सांसद पी. एल. पुनिया, मो आरिफ़,पूर्व एमएलसी राजेश यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, सपा नेता ज्ञान सिंह, एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव,मो मुब्बसिर पूर्व चेयरमैन हफीज़ भारती, वसीम राईन,प्रीतम सिंह, हाजी इरफान सेठ,मुल्लाअसरार पूर्व प्रधान, इरशाद कामिल प्रधान,मुजीब राईन,जव्वाद खान,इरशाद मलिक, विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय,सपा नेता अजय कुमार वर्मा,हसमत अली गुड्डू, संतोष रावत,शकील सिद्दीकी, मुईन वारिस प्रधान, ताज बाबा, मो. सबाह, ज़फ़र अंसारी, मो. वकील अंसारी, नुरुलहुदा अंसारी, बाबू राईन, मुख़्तार सभासद, बब्लू बिंद्रा (स्वीट्स) समेत तमाम राजनीतिक दलों के नेता और क्षेत्र के हजारों शुभचिंतक शामिल हुए। नम आंखों से लोगों ने हाजी वसीम अंसारी के पार्थिव शरीर को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। क्षेत्रवासियों ने कहा हाजी वसीम अंसारी हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। उनके द्वारा दिखाए गए सच्चाई और सेवा के रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# प्रसूता के मौत से नाराज परिजनों का हंगामा, मान मनौव्वल के बाद किया शव का अंतिम संस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। ग्रीन हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही के चलते प्रसूता की हुई मौत के मामले में परिजनों व ग्रामीणों के द्वारा कड़ा रुख अपनाए जाने तथा शव के अंतिम संस्कार न करके ट्रैक्टर ट्राली में लादकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिलते ही तहसील व पुलिस प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारी पुलिस बल के साथ गांव जाकर परिजनों की काफी मान मनौव्वल करने तथा दोषी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। मृतका के पति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अस्पताल के संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा हॉस्पिटल सीज कर दिया गया है। ज्ञात हो कि बीते मंगलवार को हाल पता ग्राम रजनापुर लक्ष्मी पत्नी वीरेंद्र तिवारी निवासी भीखमपुर पेपर मिल कालोनी निशातगंज लखनऊ निवासिनी को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन आशा संगिनी मीनाक्षी व आशा संगनी के पति अनिरुद्ध मृतका के परिजन उसे लेकर ग्रीन हॉस्पिटल कटियारा में भर्ती करा दिया। 25 हजार रुपए इलाज के पैकेज पर ऑपरेशन किया गया। जिससे पुत्री का जन्म हुआ इसके बाद बुधवार को प्रसूता की हालत खराब होने पर उसकी मौत हो गयी। इसके बाद उसे इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा हंगामा किए जाने पर सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी रामनगर भिजवाया। जहां पर डॉक्टर ने तत्काल ही उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहां पर मौजूद चिकित्सकों ने दो घंटा पूर्व मौत होने की बात बताई तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम होने के बाद बुधवार देर रात परिजन शव लेकर ग्राम रजनापुर पहुंचे। आक्रोशित परिजनों तथा सैकड़ों ग्रामवासियों ने तत्काल कार्यवाई की मांग करते हुए अंतिम संस्कार न करके लाश को ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर अस्पताल के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना प्रदर्शन के लिए निकल पड़े। इसकी भनक मिलते ही तहसीलदार विपुल कुमार सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय चार थानों की पुलिस व पीएससी बल के साथ गाँव पहुंचे तथा पीड़ित परिजनों को समझा बुझाकर तथा आरोपी अस्पताल संचालक अंकित वर्मा आशा संगिनी मीनाक्षी अवस्थी व उनके पति अनिरुद्ध के खिलाफ मृतका के पति वीरेंद्र तिवारी द्वारा दी गई तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर संचालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया तथा अस्पताल भी सीज कर दिया गया। कारवाई होने के बाद शोकाकुल परिवार ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

# ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धनपतगंज/सुल्तानपुर। विकास खण्ड धनपतगंज की ब्लॉक स्तरीय परिषदीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार यादव की अध्यक्षता एवं ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अरविन्द कुमार सिंह के संयोजन आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं धूप दीप प्रज्वलन करके फीता काट कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया।खंड शिक्षा अधिकारी धनपतगंज और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण बैज अलंकरण कर स्वागत किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय, जिला मंत्री व अध्यक्ष राम आशीष मौर्य व अध्यक्ष अन्जनी नन्दन पाण्डेय, नवीन पाण्डेय अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ , दिनेश चन्द्रा जिलाध्यक्ष शिक्षामित्र संगठन, दिग्विजय सिंह अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सुनील मिश्रा अध्यक्ष अनूप त्रिपाठी मंत्री अनुदेशक संघ ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण व बैच लगाकर स्वागत किया।उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय और न्यायपंचायत स्तर पर अपना परचम लहराने वाले लगभग 450 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग की 50 मीटर और 100 मीटर फर्राटा दौड़ में पुष्पेंद्र बरासिन और बालिका वर्ग में मीनाक्षी हन्ना हरौरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।400 मीटर मे सत्यम व प्रज्ञा ने प्रथम स्थान प्राप्त किये। कबडडी उच्च प्राथमिक बालक बालक वर्ग में प्रतापपुर तो खो खो उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में रामनगरचेति विजेता रही। योगा में कंपोजिट अमउजासरपुर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया । ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में विजयी रहे सभी बच्चे और टीमें जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# प्रशिक्षु आईएसआई ऑफसरों का गांव में रात्रि विश्राम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड निंदूरा में भ्रमण पर आई प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की छः सदस्यीय टीम ने बुधवार की रात चकिया गांव में रात्रि विश्राम किया। सांझ ढलते ही अधिकारियों ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी दिनचर्या और गांव की समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान गांव में बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति जानी। इसके बाद टीम ने ग्राम पंचायत भवन में रात्रि भोज किया और वहीं रात्रि विश्राम किया। गुरुवार सुबह लगभग छह बजे प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की टीम रवाना हुई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव अवनीश कुमार और ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या मामले में पति सास और ससुर को दस दस साल की सजा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सत्र न्यायाधीश,कोर्ट संख्या 10 ,राजीव कुमार द्वितीय ने दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या के एक मामले में सुनवाई के बाद निर्णय सुनाते हुए आरोपित पति,सास और ससुर को घटना का दोषी करार देते हुए तीनों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक को 18000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। वादी मुकदमा मृतका के भाई मोनू चौहान पुत्र किशोरीलाल निवासी ग्राम कटघरा थाना फतेहपुर ने 15 जुलाई 2022 को थाना कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी बहन पूनम उर्फ सरिता की शादी 20 मई 2022 को रानू पुत्र रामसरन निवासी ग्राम रसूलपुर गदिया ,थाना कोतवाली नगर के साथ हुआ था। विवाह में अपनी हैसियत के अनुसार पूनम को दान,उपहार दिया गया था। उसकी बहन पूनम उर्फ सरिता जिस दिन से ससुराल विदा होकर गई तभी से पति रानू ,ससुर रामसरन उर्फ बड़कन्नू, सास सुशीला नंद रेनू,और सीनू, देवर भानु ,और छोटकन्नू कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे थे, उसकी बहन से कहते थे कि दहेज में डेढ़ लाख रुपए नगद, फ्रिज और सोने की चेन अपने मायके से ला करके दो। बहन जब मायके आती थी तब सारी बातें बताती थी। लेकिन गरीब होने के कारण वादी और उसके घर वाले पूनम की ससुराल से की जा रही दहेज की मांग पूरी नहीं कर पाए। इसी वजह से उसकी बहन की हत्या पति और उसके घर वालों ने मिलकर कर दी। वादी को उसकी ससुराल के गांव के लोगों से सूचना मिली। जब वह अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा लाश मौके पर पड़ी थी ,और ससुराल के सभी लोग घर से फरार हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतका के पति रानू,ससुर राम सरन, सास सुशीला के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। कोर्ट में अभियोजन द्वारा आठ गवाह पेश किए गए। गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने मृतका पूनम उर्फ सरिता के पति रानू,ससुर राम सरन उर्फ बड़कन्नू, सास सुशीला निवासी उपरोक्त को घटना का दोषी पाते हुए सभी को उक्त दंड से दंडित किया।

### सप्तम श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के चुरौलिया ग्राम में ग्रामीणों द्वारा इस वर्ष सप्तम श्रीमद्भागवत कथा एवं साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का सुंदर आयोजन किया जा रहा है।इस पावन अनुष्ठान का शुभारंभ 11 नवम्बर को कलश यात्रा के साथ विधि विधानपूर्वक किया गया ।कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा व्यास श्री कमलाकांत तिवारी जी रामटेक टेराकला द्वारा किया जा रहा है।प्रथम दिवस पर उन्होंने भगवान श्रीराम जन्म कथा की मनमोहक प्रस्तुति दी जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।14 नवम्बर को सायंकाल धनुष यज्ञ का मंचन एवं विशेष कथा का आयोजन होगा जबकि 17 नवम्बर को भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं होते है।18 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से हवन यज्ञ एवं विशाल भण्डारे का आयोजन होगा।इसी दिन सायं 5 बजे लकी ड्रा वितरण एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

### महमूदाबाद कंपोजिट विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय महमूदाबाद में आयोजित खो-खो चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक व्यायाम शिक्षक दिलीप तिवारी और नोडल संकुल शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम् से हुआ।चारों वर्गों प्राथमिक बालक प्राथमिक बालिका उच्च प्राथमिक बालक और उच्च प्राथमिक बालिका में न्याय पंचायत बिरौली ने विजेता का स्थान हासिल किया जबकि हमीदनगर ने उपविजेता रहकर अच्छा प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के संचालन में विद्यालय परिवार खेल प्रशिक्षकों और शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। समापन पर दिलीप तिवारी ने खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन टीम भावना व आत्मविश्वास विकसित करते हैं।

### शाहपुर में आभूषण दुकान में लाखों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

चांदा/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चांदा के शाहपुर स्थित एक आभूषण की दुकान में मंगलवार देर रात चोरों ने लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। शाहपुर निवासी सुनील सोनी की दुकान को निशाना बनाया गया, जहां से सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान चोरी हो गए।सुनील सोनी की शाहपुर में आभूषण और रेडीमेड कपड़ों की संयुक्त दुकान है। सुनील ने बताया कि 11 नवंबर की रात वे रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगली सुबह जब वे दुकान पहुंचे, तो देखा कि दुकान के पीछे के दरवाजे के पास सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने तिजोरी में रखा सारा सामान उठा लिया था। सुनील के अनुसार, चोर लाखों रुपये के सोने और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और सीसीटीवी की हार्डडिस्क भी ले गए। चोरी हुए सामानों की विस्तृत सूची अभी तैयार की जा रही है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पीड़ित सुनील सोनी ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कोतवाल दीपेंद्र विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

# किसान क्राफ्ट की नई पहल कम पानी ज्यादा पैदावार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कुड़वार क्षेत्र के गोविंदपुर मखदूमपुर में किसानों के लिए सूखे सीधी बुआई पर आधारित एक किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में आलोक जैन ने किसानों को सूखे सीधे बीज वाले धान के बारे में बताते कहा कि सूखे धान की खेती के लिए आवश्यक पानी की तुलना में 50ङ्ख कम पानी का उपयोग करना पड़ता है और उर्वरक, कीटनाशकों, श्रम लागत और ग्रीनहाउस गैस (मीथेन) उत्सर्जन की मात्रा को कम करता है। एक किलोग्राम पारंपरिक धान उत्पादन के लिए 5,000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है, जबकि सूखे प्रत्यक्ष बीज वाले धान के लिए 2,000-2,500 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। यह फसल कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी उगाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सूखा प्रत्यक्ष बीजित धान सूखे खेतों में सूखा प्रत्यक्ष बीजारोपण है। खेतों में पोखर डालने की जरूरत नहीं है द्य फसल चक्रण संभव है। दालों, सब्जियों और तिलहनों के साथ सह फसल भी संभव है। लंबे समय में इससे मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है। किसानों को आगे बताया कि धान की खेती और उत्पादन का भारत की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान है। पानी की कमी और ज्ञान की कमी जैसी विभिन्न समस्याएं और मुद्दे इस फसल के उत्पादन पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं, जो हमारी अर्थव्यवस्था के विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। धान की फसल के खिलाफ बढ़ती समस्याओं से निपटने के लिए, हमने किसान क्राफ्ट में ड्राई डायरेक्ट सीडेड राइस की नई किस्में विकसित की हैं, जो समान उत्पादन के साथ 50ङ्ख कम पानी की खपत करती हैं। संतोष यादव ने कहा कि सूखे सीधे बीज वाले धान का उपयोग करके किसान मिट्टी की उर्वरकता के आधार पर अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं। पारंपरिक धान की किस्मों की तुलना में स्वाद में कोई बदलाव किए बिना इस धान को सीधे बोया जा सकता है जिसके परिणामस्वरूप धान की फसल की उत्पादकता में वृद्धि होने के साथ क्योंकि खर्च में काफी कमी आती है। सूखे सीधे बीज वाले धान की खेती का एक महत्वपूर्ण लाभ यह है कि इसमें नर्सरी, पोखरिंग, समतलीकरण और रोपाई की आवश्यकता नहीं होती है। यह पर्यावरण के अनुकूल भी है। लागत प्रभावी फसल होने के साथ-साथ कम मीथेन उत्सर्जन पैदा करती है। गोष्ठी में

# कोइरीपुर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण अभियान शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लम्भुआ/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के पी पी कमैचा ब्लॉक के अंतर्गत नगर पंचायत कोइरीपुर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर जन जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का संचालन ट्रेनिंग पार्टनर प्रताप सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य नगर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना तथा नगरवासियों को जागरूक करना है। इसी क्रम में, 13 नवंबर 2025 को नगर पंचायत कोइरीपुर के सभी 10 वार्डों में ट्रेनिंग प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय कुमार श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को लेकर नागरिकों को घरेलू कचरे के उचित प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। टीम ने बताया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान, गीले कचरे से होम कंपोस्टिंग के माध्यम से खाद बनाने की विधि समझाई गई। सैनिटरी और खतरनाक कचरे को अलग रखने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, नगर के प्रत्येक व्यक्ति को यह भी समझाया गया कि कचरा गाड़ी को कचरा देते समय उसे श्रेणीबद्ध तरीके से दें। प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय कुमार श्रीवास्तव, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर वेद प्रकाश, मोहम्मद जहीन, अर्चना सिंह और अरुण सिंह ने नगर के लोगों से सड़कों और नालियों में कचरा न फेंकने की अपील की। नगर पंचायत कोइरीपुर के ईओ वीरेंद्र प्रताप, अधिशासी अधिकारी विवेक कुमार और अमन कुमार ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रेनिंग पार्टनरों का सहयोग करें और उनके द्वारा मांगी गई आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं।





# भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच रोमांचक टेस्ट के लिए तैयार ईडन गार्डन्स

एजेंसी

कोलकाता। ईडन गार्डन्स में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रोमांचक मुकाबला होने वाला है। भारत प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, लेकिन प्रोटियाज को नज़रअंदाज मत कीजिए-उनके पास मैच में हलचल मचाने की क्षमता है।

शुभमन गिल शांत और प्रभावशाली तरीके से मेजबान टीम की अगुवाई कर रहे हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह भारतीय बल्लेबाजी क्रम जबरदस्त है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल नई गेंद का सामना कर सकते हैं, जबकि मध्यक्रम-ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल-गहराई, लचीलापन और अप्रत्याशितता का तड़का लगाते हैं। और याद रखें, ईडन की यह पिच सिर्फ़ ताकत ही नहीं, बल्कि कौशल को भी पुरस्कृत करती है। गेंदबाज़ी विभाग घातक है।



जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अपनी तेजी और उछाल से पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिसका कोई भी बल्लेबाज सम्मान करेगा, जबकि कुलदीप यादव, जडेजा और सुंदर विकेट के टर्न लेते ही अपनी स्पिन का जादू बिखेरेंगे। टॉस जीतने वाले कप्तान लगभग निश्चित रूप से सपाट सतह का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करेंगे, जिससे मैच के बाद के मुक़ाबले में मुकाबला तय हो जाएगा। टेम्बा बावुमा कप्तान के रूप में फिर से मैदान पर हैं, और उन्हें पता है कि चुनौती बहुत बड़ी है। रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम को शीर्ष क्रम को संभालना होगा, जबकि बावुमा, टोनी डी ज़ोरज़ी और वियान मुल्डर मध्यक्रम को संभालेंगे। गेंदबाज़ी के मोर्चे पर, कगिसो रबाडा और वियान मुल्डर को शुरुआत में ही ज़ोरदार शुरुआत करनी होगी-शुरुआती सफलता अनमोल होगी। केशव महाराज और सेनुरन मुथुस्वामी टर्निंग पिच का फ़ायदा उठाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

इतिहास मेहमान टीम के पक्ष में नहीं है। दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से ज़्यादा समय से भारत में कोई टेस्ट नहीं जीता है, लेकिन अगर वे शुरुआती झटकों को झेल सकते हैं, दबाव झेल सकते हैं और भारत की स्पिन सेना से निपट सकते हैं, तो आश्चर्य हो सकता है। यह आसान नहीं होगा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में कुछ भी संभव है।

ईडन गार्डन्स की कहानी दो भागों में बयां करती है। पहली पारी के लिए पिच सपाट और सटीक है, और स्ट्रोक्स खेलने के लिए अनुकूल है-लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, यह तेज़ी से मुड़ती है, जिससे स्पिनरों को फ़ायदा होता है। पहली पारी का स्कोर आमतौर पर 290-400 के आसपास रहता है। साफ आसमान और सुहावना मौसम पांचों दिन खेल को सुहावना बनाए रखेगा, जिससे खिलाड़ी पूरी तरह से कौशल, रणनीति और अस्तित्व पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

# स्पिनर या अतिरिक्त तेज गेंदबाज को लेकर दुविधा लेकिन परिणाम में स्पिनरों की भूमिका होती है: गिल

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि स्पिनर और अतिरिक्त तेज गेंदबाज के बीच चयन टकराव से कम नहीं है लेकिन भारत जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए अंतिम एकादश का चयन करेगा तो घरेलू धरती पर स्पिनरों की महत्वपूर्ण भूमिका को नजरअंदाज नहीं करेगा। तेज गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का ईडन गार्डन्स में अंतिम एकादश में शामिल होना तय है, जबकि आकाश दीप टीम में तीसरे तेज गेंदबाज हैं। भारत के पास रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव के रूप में चार स्पिनर हैं। जडेजा, अक्षर और वाशिंगटन बल्लेबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। गिल ने गुरुवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, '' हमेशा ऐसा ही होता है। अगर आप अतिरिक्त तेज गेंदबाज या स्पिनर को लेकर उतरते हैं तो हमेशा टकराव की स्थिति रहती है। इसलिए हम कल परिस्थिति का आकलन करके अंतिम एकादश पर फैसला करेंगे। भारतीय कप्तान ने हालांकि कहा कि मैच का परिणाम बदलने में स्पिनरों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा, ''यह लगभग तय हो चुका है। विकेट कल से अलग दिख रहा है। हम इसे कल सुबह देखेंगे और फिर स्पिन संयोजन के बारे में फैसला करेंगे, क्योंकि स्पिनर ही कमोबेश मैच का परिणाम तय करेंगे। गिल ने वाशिंगटन, जडेजा और अक्षर के बल्लेबाजी में योगदान पर भी बात की। उन्होंने कहा, ''हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास अच्छे बल्लेबाजी ऑलराउंडर हैं, चाहे वह अक्षर हों, वाशिंगटन या जडेजा। उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी का रिकॉर्ड शानदार है, खासकर भारत में। यह रोमांचक टेस्ट मैच होगा और टीम के पास अधिक विकल्प होना अच्छी बात है। हालांकि गिल इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि अगर कोलकाता में पिच सूखी रहती है तो तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम हो सकती है। उन्होंने कहा, ''अगर विकेट सूखा हो तो रिवर्स स्विंग अहम भूमिका निभाती है। इंग्लैंड के खिलाफ 2024 की श्रृंखला के दौरान तेज़ गेंदबाज़ों ने महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए थे, जबकि पिचें स्पिन के अनुकूल थीं। अगर पिच से रिवर्स स्विंग मिल रही हो तो तेज गेंदबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए मोहम्मद शमी को टीम में शामिल न किए जाने पर काफी बहस हुई, जबकि इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया था। गिल ने कहा कि शमी जैसे कुशल गेंदबाज का चयन नहीं कर पाना हमेशा मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, ''अधिकतर गेंदबाज़ उनके स्तर के नहीं हैं। लेकिन जो गेंदबाज़ खेल रहे हैं उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। कभी-कभी शमी भाई जैसे खिलाड़ियों का टीम से बाहर होना मुश्किल होता है। चयनकर्ता ही आपको इसका बेहतर जवाब दे पाएंगे।''

# लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में भाला फेंक स्पर्धाएं 20 से 24 जुलाई तक

एजेंसी

लॉस एंजिल्स। लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में भाला फेंक स्पर्धाएं 20 से 24 जुलाई तक प्रतिष्ठित लॉस एंजेलिस मेमोरियल कोलिजियम में आयोजित की जायेंगी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 का पूरा कार्यक्रम जारी किया। प्रतियोगिता के पहले सप्ताह में एथलेटिक्स का आयोजन होगा। ए और बी समूहों में विभाजित महिलाओं का क्वालीफिकेशन राउंड 20 जुलाई तथा दो समूहों में पुरुषों का क्वालीफिकेशन राउंड स्थानीय समय के अनुसार 21 जुलाई को होगा। महिलाओं का फाइनल 23 जुलाई तथा पुरुषों का फाइनल 24 जुलाई को होगा। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेल अब तक के सबसे बड़े खेल होंगे, जिनमें लॉस एंजेलिस क्षेत्र और ओक्लाहोमा सिटी के 18 क्षेत्रों में 49 प्रतियोगिता स्थलों आयोजित होने वाले 51 खेल शामिल है। इन खेलों में रिकॉर्ड तोड़ संख्या में महिला ओलंपियन भाग लेंगी और पहली बार प्रत्येक टीम खेल में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की टीमों की संख्या बराबर या उससे अधिक होगी। उल्लेखनीय है कि पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में, अरशद नदीम ने 92.97 मीटर का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए खेलों में पाकिस्तान का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। टोक्यो 2020 में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के नीरज चोपड़ा को इस स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने कांस्य पदक जीता। जापान की हारुका कितागुची ने 65.80 मीटर की दूरी के साथ महिला भाला फेंक का खिताब जीता, उनके बाद दक्षिण अफ्रीका की जो-एने वैन डिक (रजत) और चेक गणराज्य की निकोला ओग्रोडनिकोवा (कांस्य) रहीं।

# लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की शुरुआत 12 जुलाई से होगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की बहुप्रतीक्षित वापसी 12 जुलाई से शुरू होगी, और उसी महीने की 20 और 29 तारीखें पदक मुकाबलों के लिए निर्धारित हैं। आयोजकों ने बुधवार को लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों के लिए प्रतियोगिता कार्यक्रम जारी किया। अब तक ओलंपिक में क्रिकेट की एकमात्र उपस्थिति पेरिस 1900 में हुई थी, जिसमें केवल दो टीमें - एक ग्रेट ब्रिटेन की और एक फ्रांस की - एक दो दिवसीय मैच में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं - जिसे अब एक अनौपचारिक टेस्ट के रूप में मान्यता प्राप्त है। ग्रेट ब्रिटेन ने स्वर्ण पदक जीता। लॉस एंजेलिस 2028 में, क्रिकेट पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग टी20 प्रारूप टूर्नामेंटों के साथ और भी आधुनिक रूप में वापसी करेगा - प्रत्येक टूर्नामेंट के अपने-अपने पदक होंगे - स्वर्ण, रजत और कांस्य। 14 और 21 जुलाई को लॉस एंजेलिस 28 में कोई क्रिकेट मैच निर्धारित नहीं है। ज़्यादातर मैच के दिन दो मैच होंगे, जिनमें स्थानीय लॉस एंजेलिस समय के अनुसार खेल सुबह 9:00 बजे और शाम 6:30 बजे शुरू होंगे। पदक मैचों के लिए भी यही नियम है।ढ भारतीय मानक समय के अनुसार, पहला मैच रात 9:30 बजे से शुरू होगा जबकि दूसरा मैच अगले दिन सुबह 7:00 बजे से शुरू होगा। पुरुष और महिला दोनों ही टूर्नामेंटों में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें कुल 28 मैच होंगे। प्रत्येक लिंग के लिए कुल 90 एथलीट कोटा आवंटित किए गए हैं, जिससे प्रत्येक टीम 15 सदस्यीय टीम का चयन कर सकेगी। एलए 2028 ओलंपिक के सभी क्रिकेट मैच फ़ेयरग्राउंड्स में एक अस्थायी, विशेष रूप से निर्मित स्थल पर आयोजित किए जाएँगे।

**लॉस एंजेलिस 2028 महिला क्रिकेट कार्यक्रम**

12 जुलाई: महिला प्रारंभिक राउंड 1 - रात 9:30 बजे
12 जुलाई: महिला प्रारंभिक राउंड 1 - सुबह 7:00 बजे
13 जुलाई: महिला प्रारंभिक राउंड 1 - रात 9:30 बजे
13 जुलाई: महिला प्रारंभिक राउंड 1 - सुबह 7:00 बजे
15 जुलाई: महिला प्रारंभिक राउंड 1 - रात 9:30 बजे
15 जुलाई: महिला प्रारंभिक राउंड 1 - सुबह 7:00 बजे
16 जुलाई: महिला प्रारंभिक राउंड 2 - सुबह 7:00 बजे
17 जुलाई: महिला प्रारंभिक राउंड 2 - रात 9:30 बजे
17 जुलाई: महिला प्रारंभिक राउंड 2 - सुबह 7:00 बजे
18 जुलाई: महिलाओं का प्रारंभिक राउंड 2 - रात 9:30 बजे
18 जुलाई: महिलाओं का प्रारंभिक राउंड 2 - सुबह 7:00 बजे
19 जुलाई: महिलाओं का प्रारंभिक राउंड 2 - रात 9:30 बजे
20 जुलाई: महिलाओं का कांस्य पदक मैच - रात 9:30 बजे
20 जुलाई: महिलाओं का स्वर्ण पदक मैच - सुबह 7:00 बजे

**एलए 2028 पुरुष क्रिकेट कार्यक्रम**

22 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 1 - रात 9:30 बजे
22 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 1 - सुबह 7:00 बजे
23 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 1 - रात 9:30 बजे
23 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 1 - सुबह 7:00 बजे
24 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 1 - रात 9:30 बजे
24 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 1 - सुबह 7:00 बजे
25 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 2 - रात 9:30 बजे
25 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 2 - सुबह 7:00 बजे
26 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 2 - रात 9:30 बजे
26 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 2 - सुबह 7:00 बजे
27 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 2 - रात 9:30 बजे
27 जुलाई: पुरुषों का प्रारंभिक राउंड 2 - सुबह 7:00 बजे
28 जुलाई: पुरुषों का कांस्य पदक मैच - रात 9:30 बजे
29 जुलाई: पुरुषों का स्वर्ण पदक मैच - रात 9:30 बजे

# वनडे विश्व कप से पहले लंबे ब्रेक के बाद लय हासिल करना रोहित, विराट के लिये अहम : पुजारा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने बृहस्पतिवार को कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिये 2027 वनडे विश्व कप से पहले अब हर द्विपक्षीय श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण होगी। अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंचे दोनों दिग्गजों के लिये लंबे ब्रेक के बाद लय हासिल करना चुनौतीपूर्ण होगा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलने के बाद अब वे रांची में 30 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी श्रृंखला खेलेंगे।

जियो स्टार विशेषज्ञ पुजारा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व मीडिया डे में कहा ,'' दोनों के लिये हर श्रृंखला अहम होगी क्योंकि अगर आप एक ही प्रारूप खेल रहे हैं तो खेल से जुड़े रहना अहम है। दोनों ब्रेक के बाद खेलेंगे तो यह अधिक चुनौतीपूर्ण होगा।'' उन्होंने कहा ,''



मुझे एक ही प्रारूप खेलने का अनुभव है जिसके आधार पर मैं कह सकता हूं कि लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने पर लय हासिल करना अहम होता है। सफ़ेद गेंद के क्रिकेट में यह आसान होता है। पुजारा ने कहा कि उम्र के कारण उन्हें और मेहनत करनी होगी जो वे कर रहे हैं। उन्होंने रन बनाये हैं और उम्मीद है कि वे 2027 विश्व कप तक खेलते रहेंगे। 38 वर्ष के रोहित ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में 73 और तीसरे में नाबाद 121 रन बनाकर प्लेयर आफ द सीरिज का पुरस्कार जीता। वहीं कोहली ने तीसरे मैच में नाबाद 74 रन बनाये। विश्व कप 2023 के बाद टखने का आपरेशन कराने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने मार्च के बाद से भारत के लिये नहीं खेला है। उन्हें वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखलाओं में टीम में जगह नहीं मिल सकी। पैतीस वर्ष के शमी ने आखिरी बार 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह पूछने पर कि क्या शमी के लिये रास्ते बंद हो चुके हैं, पुजारा ने कहा कि मैं इसका जवाब कैसे दे सकता हूं।

चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन को उनसे ईमानदारी से बात करनी चाहिये। वे उसे चुनना चाहते हैं या युवा खिलाड़ियों पर फोकस होगा। अगर उसे सूचना दी जाती है तो आगे खेलना या नहीं खेलना, उसका फैसला होगा।

# एसी, एलईडी पीएलआई योजना में 1,914 करोड़ रुपये के निवेश के 13 प्रस्ताव प्राप्त

नयी दिल्ली। एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट जैसे घर के बिजली उपकरणों के हिस्से-पुर्जों का विनिर्माण पूरी तरह देश में ही कराने को बढ़ावा देने की उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के चौथे दौर में 13 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें कुल 1,914 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश की प्रतिबद्धता गयी है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के माध्यम से संचालित इस योजना के लिए आवेदन की अवधि15 सितंबर से 10 नवंबर तक रखी गयी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि चौथे दौर के आवेदकों में 50 प्रतिशत लघु और मझोले उद्यम हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यह एयर कंडीशनर तथा एलईडी के कल पुर्जों के उत्पादन में शामिल होने को लेकर छोटे और मध्यम उद्यमों के बढ़ते आत्मविश्वास को दर्शाता है। इन 13 आवेदकों में से एक इस योजना का वर्तमान लाभार्थी है और उसने 15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की प्रतिबद्धता जतायी है। कुल आवेदकों में से नौ आवेदकों ने एयर कंडीशनर के पुर्जों के निर्माण के लिए कुल मिला कर 1,816 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव किये हैं। ये प्रस्ताव तांबे की ट्यूब, एल्युमीनियम स्टॉक, कंप्रेसर, मोटर, हीट एक्सचेंजर, कंट्रोल असेंबली और अन्य उच्च-मूल्य वाले पुर्जों के निर्माण पर केंद्रित हैं। शेष चार आवेदकों ने एलईडी चिप्स, ड्राइवर और हीट सिंक सहित एलईडी पुर्जों के निर्माण के लिए 98 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। विज्ञप्ति के मुताबिक ये प्रस्ताव छह राज्यों के 13 जिलों और 23 स्थानों पर निवेश के लिए हैं। इस खंड की पीएलआई योजना में अब तक 80 स्वीकृत प्रस्तावों में 10,335 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता मिल चुकी है।

# संक्षिप्त समाचार

## स्पाइसजेट के बेड़े में शामिल हुए पांच और बोइंग 737 विमान

**नयी दिल्ली।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट के बेड़े में पांच और बोइंग 737 विमान शामिल हो गये हैं। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन पांच विमानों में एक बोइंग 737 मैक्स विमान भी है। इसके साथ ही अब उसके बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर 35 हो गयी है। कंपनी ने पिछले एक महीने से कुछ ज्यादा समय में अपने बेड़े 15 विमान बढ़ाये हैं। इनमें से 14 उसने डैम्प लीज पर लिए हैं, जिनमें दो 737 मैक्स विमान भी हैं। इसके अलावा ग्राउंडेड विमानों में से एक को ठीक कर फिर से बेड़े में शामिल किया गया है। कंपनी ने बताया कि 30 सितंबर को वह रोजाना 100 उड़ानों का परिचालन कर रही थी जबकि इन नये विमानों के आने से अब वह हर दिन 176 उड़ानों का परिचालन कर रही है। स्पाइसजेट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा, ''स्पाइसजेट का मौजूदा विस्तार बाजार में मजबूत मांग और इसे पूरा करने की हमारी तत्परता को दिखाता है। हम न सिर्फ अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं बल्कि लाखों यात्रियों के लिए विश्वसनीय, किफायती और सुविधाजनक हवाई यात्रा की हमारी प्रतिबद्धता को भी दोहरा रहे हैं।

## केश किंग अब बना केश किंग गोल्ड, लोगो भी बदला

**कोलकाता।** एफएमसीजी कंपनी ईमामी ने अपने आयुर्वेदिक हेयरकेयर ब्रांड केश किंग को केश किंग गोल्ड के नाम से नये लोगो के साथ पेश करने की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस रीब्रांडिंग से ब्रांड की पहचान, प्रस्तुति और पैकेजिंग को एक नया और आकर्षक दर्ज़ा मिला है। ब्रांड नाम और लोगो बदलने के साथ ही अब इसके उत्पादों का मूल भी बदल जायेगा। कंपनी अब सिर्फ आयुर्वेद पर फोकस करने के बदले आयुर्वेद और विज्ञान को मिला कर अपने उत्पाद तैयार करेगी। कंपनी ने बताया कि इस नये उत्पाद को ब्रांड के आयुर्वेद की परंपरा को बरकरार रखते हुए और ग्राहकों की मांग के मद्देनजर तैयार किया गया है। इसमें 21 आयुर्वेदिक जड़ी–बूटियों के साथ ग्रो बायोटिन और प्लांट ओमेगा 3–6–9 जैसे प्रमुख वैज्ञानिक पदार्थों का भी समावेश किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि रणनीतिक बदलाव के तहत केश किंग बालों से संबंधित बढ़ती समस्याओं के लिए कुछ नयी श्रेणियों में भी कदम रखेगा। इमामी की कार्यकारी निदेशक प्रीति ए. सुरेका ने कहा कि केश किंग की यह रीब्रांडिंग सिर्फ दिखावे के लिए किया गया बदलाव नहीं है – इसमें रणनीतिक रूप से उल्लेखनीय परिवर्तन किये गये हैं। केश किंग गोल्ड में आयुर्वेद के ज्ञान और आधुनिक शोध के सटीक नतीजों को एक साथ मिलाया गया है। कंपनी ने बताया कि पहले की तरह बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ब्रांड एम्बेसडर बनी रहेंगी।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया और सीरीज भी जीती

**डुनेडिन।** जैकब डफी (चार विकेट) के बाद डेवोन कॉनवे (नाबाद 47) और टिम रॉबिन्सन (45) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांचवें टी–20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया और पांच मैचों की सीरीज में 3–1 से अपने नाम कर ली। जैकब डफी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड ने आज टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को जैकब डफी की अगुवाई में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने 18.4 ओवर में 140 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 2.5 ओवर में 21 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये। रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए 32 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 38 रन बनाये। रोमारियो शेफर्ड ने 22 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 36 रन बनाये। जेसन होल्डर (20), कप्तान शाई होप और रोवमैन पॉवेल ने 11–11 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी 35 रन देकर चार विकेट लिये। जेम्स नीशम को दो विकेट मिले। काइल जैमीसन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे और टिम रॉबिन्सन की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। आठवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। टिम रॉबिन्सन ने 24 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 45 रन बनाये। 12वें ओवर में शमर स्प्रिंगर ने रचिन रवींद्र 21 को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

# भारत का 111 देशों को कपड़ा निर्यात अप्रैल–सितंबर में 10 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत का 111 देशों को कपड़ा निर्यात अप्रैल-सितंबर के दौरान सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ा है। यह वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों और प्रमुख बाजारों में शुल्क संबंधी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में उल्लेखनीय मजबूती को दर्शाता है। कपड़ा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इन 111 बाजारों ने अप्रैल-सितंबर, 2025 के दौरान 848.90 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया जबकि पिछले वर्ष यह 771.85 करोड़ डॉलर डालर था। यह 10 प्रतिशत व 77.03 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्शाता है। भारत के वस्त्र, परिधान और सिले हुए वस्त्र के वैश्विक निर्यात में अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान सालाना आधार पर कुल मिलाकर 0.1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। भारत के लिए कुछ बड़े निर्यात बाजार जिन्होंने प्रभावशाली वृद्धि दर दर्ज की वे संयुक्त अरब अमीरात (14.5 प्रतिशत), ब्रिटेन (1.5 प्रतिशत), जापान (19 प्रतिशत), जर्मनी (2.9 प्रतिशत), स्पेन (9 प्रतिशत) और फ्रांस (9.2 प्रतिशत) हैं। दूसरी ओर, उच्च वृद्धि दर दर्ज करने वाले कुछ अन्य बाजार मिस्र (27 प्रतिशत), सऊदी अरब (12.5 प्रतिशत), हांगकांग (69 प्रतिशत) आदि हैं। इस वृद्धि को संचालित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में सभी वस्त्रों में सिलेसिलाए परिधान (आरएमजी) शामिल हैं जिसमें 3.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जूट में 5.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि यह प्रदर्शन वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस क्षेत्र की अनुकूलनशीलता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है। गैर-पारंपरिक बाजारों में भारत का निरंतर विस्तार 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत निर्यात विविधीकरण, मूल्य संवर्धन एवं वैश्विक बाजार एकीकरण पर सरकार के नीतिगत रुख को और मजबूत करता है।

# मूडीज ने 2025 में भारत की जीडीपी सात फीसदी 2026 में 6.5 फीसदी रहने का जताया अनुमान

एजेंसी



नई दिल्ली। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने गुरुवार को भारत की आर्थिक वृद्धि दर (जीडीपी) 2025 में सात फीसदी और अगले वर्ष 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। भारत के लिए वास्तविक जीडीपी आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है। रेटिंग एजेसी मूडीज ने अपने 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' में भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक अनुमान जताए हैं। रिपोर्ट के अनुसार देश की विकास दर 2025 में 7 फीसदी और 2026 में 6.5 फीसदी रहने की संभावना है। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि को मजबूत बुनियादी ढांचे पर खर्च एवं ठोस उपभोग से समर्थन मिल रहा है। हालांकि, निजी क्षेत्र व्यवसायिक पूंजीगत व्यय को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने उम्मीद जताई है कि 2026 और 2027 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी के आसपास बढ़ती रहेगी, जिसे कम मुद्रास्फीति के बीच तटस्थ-से-उदार मौद्रिक नीति रुख का समर्थन प्राप्त होगा। एजेंसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि भारत जी-20 देशों के सदस्यों में से सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। यह वर्ष 2027 तक 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगा जिसे घरेलू एवं निर्यात विविधीकरण का समर्थन प्राप्त मिलेगा। कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2024 के 6.7 फीसदी से अधिक है। मूडीज ने चीन के लिए अनुमान लगाया है कि 2025 उसकी में अर्थव्यवस्था पांच फीसदी बढ़ेगी, जिसे सरकारी प्रोत्साहन और मजबूत निर्यात का समर्थन प्राप्त होगा। 2027 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि धीरे-धीरे घटकर 4.2 फीसदी हो सकती है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जीडीपी की वृद्धि दर 2026 और 2027 में 2.5 एवं 2.6 फीसदी के बीच रहने का अनुमान है, जो 2025 के 2.6 फीसदी और 2024 के 2.9 फीसदी से कम है।

# दिल्ली कार बम विस्फोट की जांच में सीबीआई और ईडी भी शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली कार बम विस्फोट मामले की जांच का दायरा बढ़ गया है और अब सरकारी सूत्रों ने संकेत दिया है कि वित्तीय और मनी लॉड्रिंग के मामले की जांच के लिए संघीय जांच एजेंसियों, सीबीआई और ईडी, को भी इसमें शामिल किया गया है।

गुरुवार को एनआईए, हरियाणा पुलिस, दिल्ली पुलिस, जे एंड के पुलिस, और यूपी एटीएस तलाशी अभियान में जुटी रहीं, जिसके परिणामस्वरूप कुछ और संदिग्ध डॉक्टरों को हिरासत में लिया गया और चार वाहनों को जब्त किया गया। इन वाहनों का इस्तेमाल कथित रूप से लाल किला विस्फोट मामले में किया गया था।

जांचकर्ताओं ने दावा किया है कि चिकित्सक टेरर मॉड्यूल 6 दिसंबर को आतंकी वारदात करना चाहता था। कुल आठ चिकित्सक शुरुआत में इस टेरर मॉड्यूल का हिस्सा थे। पूरे दिल्ली-एनसीआर में वे 32 जगह पर आतंकी वारदात को अंजाम देने वाले थे।

जांचकर्ताओं ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मॉड्यूल से अब चार कारों का संबंध जोड़ा है। फरीदाबाद क्राइम ब्रांच ने इन सभी वाहनों को बरामद कर लिया है। इन गाड़ियों में एक स्विफ्ट डिज़ायर कार भी शामिल है, जो डॉ. शाहीन के नाम पर रजिस्टर्ड है, लेकिन जिसका इस्तेमाल डॉ. मोज़िम्मल करता था। यही कार सबसे पहले ज़ब्त की गई थी और इसमें से हथियार भी बरामद किए गए थे। दूसरी कार वही आई-20 बतायी जा रही है, जो कथित रूप से दिल्ली विस्फोट में इस्तेमाल की गई थी। तीसरी कार इकोस्पोर्ट है, जो फरीदाबाद में मिली थी, और चौथी एक ब्रीज़ा कार है। चारों कारों को जब्त करने के बाद टेरर मॉड्यूल की गतिविधियों की जांच का काम लगातार तेज होता जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मुख्य आरोपियों डॉ. मुजम्मिल, डॉ. आदिल, डॉ. उमर और डॉ. शाहीन ने मिलकर करीब 20 लाख रुपये कैश जमा किये और डॉ. उमर नबी के हवाले कर दिये। इसी धनराशि में से तीन लाख रुपये का इस्तेमाल बाद में आईईडी तैयार करने के लिए गुरुग्राम और नूंह के इलाकों से 20 क्विंटल से ज़्यादा एनपीके खाद खरीदने में किया गया था। जाँच में डॉ. उमर और डॉ. मुजम्मिल के बीच पैसों को लेकर हुये वित्तीय विवाद का भी पता चला है। वारदात की योजना बनाने के लिए डॉ. उमर ने एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप सिग्नल पर एक गुप्त ग्रुप बनाया था, जिसमें दो-चार सदस्य शामिल थे। डॉ. आदिल, जिसकी गिरफ्तारी से एजेंसियों को फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल का पता चला था, वह हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी आया था। जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि वह कथित घटनाओं से ठीक पहले 11 अक्टूबर को श्रीनगर से दिल्ली आया था। डॉ. शाहीन से पूछताछ के दौरान डॉ. फारूक का नाम सामने आया था। डॉ. शाहीन को लखनऊ से हिरासत में लिया गया था, डॉ. मुजम्मिल जिस कार का इस्तेमाल कर रहा था, वह उसी के नाम पर थी। एक टीम हापुड़ भेजी गई थी और डॉ. फारूक को जीएस मेडिकल कॉलेज से हिरासत में लिया गया। डॉ. फारूक ने अल-फलाह विश्वविद्यालय से पढ़ाई की थी।

इससे पहले दिन में, एजेंसियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित डॉ. उमर नबी और डॉ. मुजम्मिल के कमरे से बरामद डायरियों की जांच की। सूत्रों ने दावा किया है कि डायरी में ऑपरेशन शब्द के बारे में कोड वर्ड लिखे हुए थे। एक सूत्र ने बताया, ''ये डायरियां मंगलवार और बुधवार को अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर के अंदर से मिली थीं। एक डॉ. उमर के कमरा नंबर 4 से और दूसरी डॉ. मुजम्मिल के कमरा नंबर 13 से मिली।'' कमरा नंबर 13 वह कमरा था जहां वे एकत्र होते थे और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बनाते थे। दूसरी डायरी मुजम्मिल के कमरे से बरामद हुई।

सूत्र ने बताया, ''बरामद की गई डायरियों और नोटबुक में कोड वर्ड लिखे हैं, जिनमें 8 नवंबर से 12 नवंबर के बीच की तारीखों का उल्लेख है। डायरियों में ''ऑपरेशन'' शब्द कई बार लिखा है।'' लाल किले पर विस्फोट स्थल से 500 मीटर की दूरी पर स्थित एक बाज़ार के गेट की छत पर एक कटा हुआ हाथ मिला है। शरीर का यह हिस्सा मिलने के बाद पुलिस ने इस इलाके की घेराबंदी कर दी।

## लालकिला के पास हमले को किस प्रकार ले रही है सरकार: कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने कहा था कि किसी भी आतंकी हमले को 'एक्ट ऑफ वॉर' माना जाएगा इसलिए देश जानना चाहता है कि लालकिला के पास हुए हमले को वह किस तरह से ले रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उसने आपरेशन सिंदूर के दौरान इस तरह के हमलों को 'एक्ट ऑफ वॉर'मानने की बात कही थी ।अब वह इस हमले को लेकर क्या कर रही है, यह बात सरकार को देश के लोगों को बतानी चाहिये।

उन्होंने कहा ''हम यह जानना चाहते हैं कि सरकार इस हमले को किस तरह से देख रही है, क्योंकि इस हमले को बाहरी ताकतों के द्वारा समर्थन, शक्ति और प्रेरणा मिल रही है। सरकार को बताना चाहिए कि वह देश की राजधानी में हुए इस हमले को किस तरह से ले रही है। कांग्रेस नेता ने कहा '' अब तक सरकार से बार बार पूछा जाता था कि पुलवामा में इतनी बड़ी मात्रा आरडीएक्स कैसे पहुंचा। सरकार ने कभी इसका जवाब नहीं दिया लेकिन अब स्थिति और भी हैरान करने वाली है। राजधानी दिल्ली से 20 किलोमीटर दूर 2,900 किलो विस्फोटक पहुंचता है लेकिन कोई बताने को तैयार नहीं है कि यह सब कैसे पहुंचा। फिर लाल किले के पास धमाके में 13 लोगों की जान चली जाती है और कई घायल होते हैं। कमाल यह है कि दिल्ली में जिस जगह इतना बड़ा विस्फोट हुआ है वह जगह, संसद और राष्ट्रपति भवन के बेहद पास है। श्री खेड़ा ने कहा कि किसी भी आतंकी हमले को 'एक्ट ऑफ वॉर' मानने की बात करने वाली सरकार ने घटना के 48 घंटे बाद कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर माना कि यह एक आतंकी घटना है। उनका कहना था कि इस स्थिति में देश जानना चाहता है कि सरकार इस हमले को किस तरह से देख रही है।

## हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं, कुछ ही लोग भंग कर रहे हैं शांति : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुँचा रहे हैं। श्री अब्दुल्ला ने गुरुवार को यहाँ पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''यह विस्फोट बेहद निंदनीय है। किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है। घटना की जांच होनी चाहिए, लेकिन हमें यह भी याद रखना होगा कि हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं है और केवल कुछ ही लोग हैं जो शांति और भाईचारा खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि



ऐसी दुखद घटनाओं के बाद जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है तो यह न केवल अन्याय है बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है। अगर हम हर कश्मीरी को एक ही नजर से देखेंगे और उसे आतंकवादी मानेंगे तो लोगों को सही रास्ते पर लाना मुश्किल हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, '''इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन उनके परिवारों या निर्दोष नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने संदिग्धों के पेशेवर पृष्ठभूमि वाले होने पर टिप्पणी करते हुए सुरक्षा एजेंसियों की नाकामी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ''यह पहली बार नहीं है कि किसी पढ़े-लिखे व्यक्ति का नाम ऐसी घटनाओं में आया हो। इससे पहले भी विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसरों का नाम ऐसे मामलों से जुड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार केंद्र के साथ पूरा सहयोग कर रही है।उन्होंने कहा, '''हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि कश्मीर और पूरे देश में शांति बनी रहे तथा निर्दोष नागरिकों को ऐसी घटनाओं का खामियाजा न भुगतना पड़े।

## सेनाओं के बीच जमीन पर शानदार तालमेल देखने को मिला अखंड प्रहार अभ्यास में

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेना की दक्षिणी कमान ने तीनों सेनाओं के अभ्यास 'त्रिशूल' के तहत रेगिस्तानी क्षेत्र में अखंड प्रहार अभ्यास का सफलतापूर्वक आयोजन किया जिसमें तीनों सेनाओं के बीच विभिन्न अभियानों में शानदार तालमेल देखने को मिला। अभ्यास के दौरान दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने अभ्यास के दौरान कोणार्क कोर की विभिन्न अभियानों में संचालन तत्परता तथा मारक क्षमता की समीक्षा की।

सेना ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इस अभ्यास ने रुद्र ब्रिगेड द्वारा जमीनी अभियानों, विशेष हेलीबोर्न अभियानों और सेना विमानन द्वारा समन्वित हमलावर हेलीकॉप्टर मिशनों सहित



मशीनीकृत पैदल सेना युद्धाभ्यासों से लेकर सभी हथियारों और सेवाओं के एकीकृत उपयोग के माध्यम से कोणार्क कोर की पूर्ण-स्पेक्ट्रम युद्ध तत्परता को प्रमाणित किया।

अभ्यास में सेना और वायु सेना के बीच सहज तालमेल भी देखा गया जिसमें थल सैनिकों की सहायता के लिए वायु सेना के जमीनी हमलों से संबंधित मिशन भी शामिल थे। इस अभ्यास ने यथार्थवादी युद्धक्षेत्र परिस्थितियों में अगली पीढ़ी की स्वदेशी प्रौद्योगिकी के मूल्यांकन के लिए वास्तविक समय परीक्षण स्थल के रूप में भी कार्य किया। स्वदेशी ड्रोन, मानवरहित प्रणालियां, ड्रोन-रोधी प्रणालियां और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध ग्रिड के इस्तेमाल ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप भारत की बढ़ती प्रौद्योगिकी ताकत का प्रदर्शन किया। अभ्यास के माध्यम से कोणार्क कोर के एक आधुनिक, चुस्त और नेटवर्कयुक्त बल में परिवर्तन की पुष्टि भी हुई जो भविष्य के बहु-क्षेत्रीय और उच्च-गति वाले अभियानों के लिए तैयार है। अखंड प्रहार अभ्यास ने संचालन उत्कृष्टता, संयुक्त बल एकीकरण और सटीक युद्ध के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## बोत्सवाना ने राष्ट्रपति मुर्मु की मौजूदगी में प्रोजेक्ट चीता के तहत भारत को आठ चीते भेंट किए

एजेंसी

नयी दिल्ली। बोत्सवाना ने प्रोजेक्ट चीता के अगले चरण के लिए गुरुवार को भारत को आठ चीते भेंट किए । बोत्सवाना की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह बोत्सवाना के राष्ट्रपति एडवोकेट ड्यूमा गिदोन बोको के साथ बोत्सवाना में मोकोलोडी नेचर रिजर्व का दौरा किया। भारत और बोत्सवाना के विशेषज्ञों द्वारा घांजी क्षेत्र से पकड़े गए चीतों को दोनों नेताओं की मौजूदगी में संगरोध क्षेत्र में छोड़ा गया। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट चीता के तहत बोत्सवाना द्वारा भारत को आठ चीतों के प्रतीकात्मक दान का प्रतीक है। यह आयोजन वन्यजीव संरक्षण में भारत-बोत्सवाना सहयोग में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। बाद में अलग-अलग बैठकों में बोत्सवाना के उपराष्ट्रपति नदाबा नकोसिनथी गौलाथे और अंतर्राष्ट्रीय संबंध मंत्री डॉ. फ़ेन्यो बुटाले ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। स्वदेश रवाना होने से पहले राष्ट्रपति ने गेबोरोन स्थित भारत के उच्चायुक्त द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर जल शक्ति एवं रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और सांसद प्रभुभाई नागरभाई वसावा एवं डी. के. अरुणा भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि भारत को उन लोगों के योगदान पर गर्व है। वे भारत के सच्चे सांस्कृतिक राजदूत हैं जो कड़ी मेहनत, ईमानदारी और सद्भाव के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये मूल्य भारत और बोत्सवाना दोनों की पहचान हैं। उन्होंने उनसे भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत रखते हुए बोत्सवाना की प्रगति में योगदान जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने उन्हें ओसीआई योजना और प्रवासी भारतीय दिवस जैसी पहलों का लाभ उठाने और भारत के विकास में अपने अनुभव साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## मालदीव के अधिकारियों को सुशासन और स्मार्ट सिटी विकास का अनुभव साझा करेगा भारत : जितेन्द्र सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत मालदीव के अधिकारियों की क्षमता वृद्धि के लिए सार्वजनिक नीति, नीली अर्थव्यवस्था, महासागरीय तकनीक, स्टार्टअप नीति और बुनियादी ढांचा विकास जैसे क्षेत्रों में अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने को तैयार है। भारत की सशक्त सिविल सेवा प्रणाली विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और सार्वजनिक संस्थाओं के बीच समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे सुशासन और प्रशासनिक सुधारों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

डॉ. सिंह ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय सुशासन केंद्र में मालदीव के 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। यह



प्रतिनिधिमंडल मालदीव के नगर, स्थानीय सरकार और सार्वजनिक कार्य मंत्रालय के राज्यमंत्री अहमद सलीम के नेतृत्व में आया था।

यह दल 3 से 14 नवंबर तक मसूरी स्थित राष्ट्रीय सुशासन केंद्र में स्मार्ट सिटी मिशन पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत मालदीव के अधिकारियों के लिए आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी तैयार करने के लिए तत्पर है। उन्होंने मालदीव के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे भारत की विकास योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री गति शक्ति मिशन और महिलाओं के सशक्तीकरण योजनाओं से सीख लें। उन्होंने कहा कि भारत-मालदीव के बीच यह सहयोग दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करेगा तथा साझा ज्ञान और अनुभव से सुशासन की नई दिशा स्थापित होगी।

## दिल्ली सरकार ने अनुकंपा के आधार पर रोजगार नीति को दी स्वीकृति

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने 1984 के सिख विरोधी दंगों में मारे गए पीड़ितों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर रोजगार प्रदान करने की नीति को मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत 1984 के सिख विरोधी दंगों में मारे गए पीड़ितों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर रोजगार प्रदान करने की नीति को मंजूरी दी गई। दिल्ली सरकार का यह महत्वपूर्ण निर्णय न केवल सरकार की संवेदनशीलता और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि उन पीड़ित परिवारों के लिए राहत और सम्मान का प्रतीक है, जो चार दशकों से अधिक समय से न्याय और आर्थिक पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की यह नई नीति वर्ष 2007 में लिए गए मंत्रिमंडलीय निर्णय के बाद से लंबित पड़े रोजगार सहायता मामलों को शीघ्रता से निपटाने की दिशा में एक ठोस पहल है। पिछले 18 वर्षों से यह प्रक्रिया विभिन्न कारणों से पूर्ण रूप से संपन्न नहीं हो सकी थी। इस लंबे विलंब को समाप्त करने के लिए अब सरकार ने एक स्पष्ट, व्यवस्थित और समयबद्ध नीति लागू की है, जिससे पात्र परिवारों को शीघ्र रोजगार सहायता प्राप्त हो सकेगी और कोई भी योग्य आश्रित वंचित नहीं होगा। मुख्यमंत्री के अनुसार नई नीति की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि जिन पीड़ितों के आश्रित अब 50 वर्ष से अधिक आयु के हो चुके हैं और सेवा ग्रहण करने की स्थिति में नहीं हैं, उन्हें परिवार की अगली पीढ़ी जैसे पुत्र, पुत्री, बहू या दामाद के नामांकन का विकल्प दिया गया है। इससे परिवार को वास्तविक रूप से रोजगार का लाभ मिल सकेगा और सहायता का उद्देश्य सार्थक रूप से पूरा होगा।

## राज्यसभा के सभापति ने शीतकालीन सत्र की तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को संसद भवन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव के साथ आगामी शीतकालीन सत्र की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में सत्र के दौरान सदन के सुचारू संचालन, कार्यसूची प्रबंधन और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। सभापति ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि सत्र के दौरान सभी प्रशासनिक और तकनीकी व्यवस्थाएं समय पर पूरी हों ताकि सदन का कामकाज प्रभावी ढंग से चल सके। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, यह बैठक आगामी शीतकालीन सत्र की तैयारियों की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। सत्र में महत्वपूर्ण विधायी कार्यों और चर्चाओं को ध्यान में रखते हुए सदन की कार्यवाही को अधिक उत्पादक और सुव्यवस्थित बनाने के उपायों पर भी विचार किया गया।

## पेज एक का शेष

### बाबरी बरसी...

और केएमपी एक्सप्रेसवे पर देखी गई थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और एनआईए की टीमों ने फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में छापेमारी की। विश्वविद्यालय परिसर से डॉ. नबी और डॉ. मुजम्मिल के कमरों से डायरियां, नोटबुक और डिजिटल उपकरण बरामद किए गए। इनमें कई जगह ऑपरेशन शब्द लिखा था और तारीखें 8 से 12 नवंबर के बीच दर्ज थीं। माना जा रहा है कि इन्हीं दिनों साजिश का अंतिम चरण चल रहा था। डायरियों में दर्ज कुछ कोडवर्ड जैसे M-Day, Drop Point, Ship 13 और Route 26 की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इनका संबंध संभावित धमाके के स्थानों से हो सकता है। अब तक की जांच में एजेंसियों ने करीब 2500 किलो विस्फोटक सामग्री – अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर – जब्त की है। साजिश के लिए आतंकियों ने 32 कारें खरीदी थीं, जिनमें स्विफ्ट डिज़ायर, ब्रेज़ा, इकोस्पोर्ट और आई 20 शामिल हैं। चार कारें अब तक बरामद हो चुकी हैं, बाकी की तलाश जारी है। जांच में यह भी सामने आया है कि इन वाहनों को अलग-अलग राज्यों के फर्जी आईडी कार्ड और नंबर प्लेट के साथ पंजीकृत किया गया था, ताकि पुलिस का ध्यान न जाए। अब तक धमाके में मरने वालों की संख्या 13 हो चुकी है। इनमें से एक व्यक्ति, बिलाल (गुलाम हसन का बेटा), एलएनजेपी अस्पताल में इलाज के दौरान 13 नवंबर की सुबह दम तोड़ गया। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। एनआईए, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, और इंटेलिजेंस ब्यूरो की संयुक्त टीम इस अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल की कड़ियों को जोड़ रही है। पुलिस को शक है कि यह मॉड्यूल सिर्फ दिल्ली नहीं, बल्कि लखनऊ, जयपुर, भोपाल, और मुंबई में भी कार बम विस्फोट करने की योजना बना रहा था। सुरक्षा एजेंसियों ने देश के प्रमुख शहरों में हाई अलर्ट जारी किया है। अल फलाह यूनिवर्सिटी के कई शिक्षकों और छात्रों से पूछताछ जारी है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने फरार डॉ. निसार को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

### पटाखा फैक्ट्री...

निर्माण किये जाते और पास पड़ोस के जनपदों में आपूर्ति की जाती है। जानकार बताते हैं कि आज गुरुवार को कारखाने में करीब 10 लोग पटाखा निर्माण कार्य कर रहे थे।अचानक तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते छत भर भरा कर ढह गई। ग्रामीणों के अनुसार एक के बाद एक कई रुक रुक कर करीब चार घंटे तक धमाके होते रहे। देखते ही देखते पूरा कारखाना जमीदोज हुआ। आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े और मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुट गए सूचना पर एसडीएम अनुराग सिंह फायर बिग्रेड पुलिस और चिकित्सा टीम के साथ पहुंचे कई एंबुलेंस मौके पर बुलाई गई गंभीर रूप से घायल खालिद व उसके भाई को लखनऊ रेफर किया गया है जबकि अन्य घायलों का इलाज का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में किया जा रहा है फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर बेरिकेटिंग कर दी मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और मलबे से सैंपल लेकर जांच शुरू कर दी पता चला है कि खालिद 2012 में पटाखा बनाने का लाइसेंस लेकर कार्य शुरू किया था।फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया दीपावली से पूर्व हुई रूटीन जांच में सभी सुरक्षा मानक सही पाए गए थे।फैक्ट्री आबादी से दूर खेतों में स्थापित थी घटना की सूचना पर अयोध्या रेंज आईजी प्रवीण कुमार, पुलिस अधीक्षक विजय वर्गीय व एडीएम प्रशासन ने भी मौके पर पहुंचकर पटना स्थल का निरीक्षण किया तथा उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए।

### शाहीन सईद का अतीत...

सुरक्षा एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं। हालांकि 2006 में एमडी करने के बाद से उसका मोतीलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज से कोई नाता नहीं रहा। लेकिन शाहीन सईद की एमबीबीएस में प्रवेश के समय फार्म पर लगाई गई फोटो सामने आई है। इसके अलावा एक अन्य फोटो में वह अपने दोस्तों के साथ नजर आ रही है। सूत्रों की माने तो अभी तक जांच एजेंसियों को डॉक्टर शाहीन सईद के बारे में कोई पुख्ता जानकारी यहां से नहीं मिली है।

### बिहार में मतगणना...

चुनाव आयोग ने कहा है कि 7,45,26,858 पंजीकृत मतदाताओं वाले बिहार में यह रिकॉर्ड आयोग की दक्षता और मतदाताओं की जागरूकता का प्रमाण है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं, राजनीतिक दलों और मीडिया संस्थानों से अपील की है कि वे परिणामों की जानकारी केवल आयोग के आधिकारिक पोर्टल से प्राप्त करें। आयोग ने कहा है कि, 'किसी भी प्रकार की अफवाहों, अप्रमाणिक संदेशों या गैर-आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा न करें। सभी सटीक और प्रमाणित परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। आयोग के अनुसार, बिहार ने इस बार न केवल शांतिपूर्ण चुनाव का उदाहरण पेश किया, बल्कि 67.13 प्रतिशत मतदान के साथ लोकतंत्र के प्रति जनता की आस्था भी दर्शाई है।

### 43 दिन बाद...

कर रखा है। आज, हम एक स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि हम कभी भी जबरन वसूली के आगे नहीं झुकेंगे। सीएनएन न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर की शुरुआत से नवंबर के मध्य तक चले इस शटडाउन ने कई सरकारी सेवाओं को निलंबित कर दिया था और लगभग 14 लाख संघीय कर्मचारियों को या तो छुट्टी पर भेज दिया गया था या बिना वेतन के उन्हें काम करना पड़ा था। देश भर में खाद्य सहायता कार्यक्रम और हवाई यात्रा बाधित हुई थी। आने वाले दिनों में सरकारी कामकाज फिर से शुरू होने की उम्मीद है। संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने शटडाउन से कर्मचारियों की कमी के कारण हाल के हफ्तों में हवाई यातायात संचालन कम कर दिया था। विधेयक पर हस्ताक्षर के दौरान श्री ट्रंप ने कहा, ''आज हम एक स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि हम कभी भी जबरन वसूली के आगे नहीं झुकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस हफ़्ते की शुरुआत में सीनेट ने इस विधेयक को पारित करने के लिए 60-40 मतों से मतदान किया। यह विधेयक सैन्य निर्माण, पूर्व सैनिकों के मामलों, कृषि विभाग और विधायी शाखा को 30 सितंबर तक और संघीय सरकार के बाकी हिस्सों को 30 जनवरी तक धन मुहैया कराएगा। आठ डेमोक्रेट्स ने 52 रिपब्लिकन्स के साथ मिलकर इस विधेयक को पारित किया और इसे सदन में भेजा।

### जनजातियों के विकास...

विकास मंच भी है। योगी सरकार में जनजातीय विकास के लिए हुआ बहुत कामः जयवीर इस अवसर पर पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जनजातीय भागीदारी उत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत की सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में जनजातियों के विकास के लिए बहुत काम हुआ है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन तो महज 25 वर्ष का था, मगर उनके योगदान की बराबरी कोई 250 साल में भी नहीं कर सका। इस मौके पर अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, उपाध्यक्ष बेचन राम, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश आदि मौजूद रहे।

# पटना जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों की ए.एन. कॉलेज परिसर में होगी मतगणना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की मतगणना को लेकर राजधानी पटना में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पटना जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 14 नवंबर को ए.एन. कॉलेज परिसर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला दंडाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से निर्धारित आदर्श आचार संहिता 16 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि में किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि या उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत मतगणना की तिथि से लेकर आचार संहिता की समाप्ति तक निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है। इसके तहत जिले में किसी भी राजनीतिक दल, व्यक्ति या संगठन द्वारा जुलूस, सभा, धरना, प्रदर्शन या किसी भी प्रकार की विजय रैली पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करने का निर्देश दिया गया है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर पर्यवेक्षण और गश्ती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मतगणना केंद्र और उसके आसपास सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष (0612-2219810 / 2219234) और आपातकालीन सेवा डायल 112 को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। जिला प्रशासन ने मतगणना के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है और चेतावनी दी है कि अनुशासनहीनता या उकसावे की किसी भी घटना पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मतगणना स्थल और सुरक्षा व्यवस्था का डीएम-एसपी ने लिया जायजा,दिए निर्देश

अररिया। अररिया जिला के छह विधानसभा में हुए चुनाव का मतगणना कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रांगण में शुक्रवारा को किया जाएगा। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सारी तैयारी पूरी कर ली गई। त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होने वाले मतगणना को लेकर जिला निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अनिल कुमार और आरक्षी अधीक्षक अंजनी कुमार ने अधिकारियों के साथ गुरुवार को कृषि उत्पादन बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल सहित सुरक्षा को लेकर बनाए गए नाका का निरीक्षण किया और ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मौजूद जिला निर्वाची पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि मतगणना को लेकर सारी व्यवस्था कर ली गई है।हरेक विधानसभा का मतगणना के लिए अलग अलग हॉल है।जहां प्रत्येक राउंड के लिए चौदह टेबल लगाए गए हैं।सीसीटीवी और वीडियो रिकॉर्डिंग के बीच मतगणना का कार्य सुबह आठ बजे शुरू होगा और पहले बैलेट पेपर की गिनती की जाएगी।

## मास्क लगाकर एमसीडी पहुंचे आआपा पार्षद, सदन में किया विरोध प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की बैठक में गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेताओं और पार्षदों ने राजधानी में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता और दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग के नेतृत्व में सभी आआपा पार्षद मुंह पर मास्क लगाकर सदन में पहुंचे और प्रदूषण के मुद्दे पर तत्काल चर्चा की मांग की। अंकुश नारंग ने सदन में कहा कि दिल्ली की हवा में जहर घुल रहा है। जनता सांस लेने को मजबूर है। बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदूषण पर चर्चा की मांग उठाते ही महापौर ने जनता के सवालों से बचते हुए सदन स्थगित कर दिया। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि दिल्ली की जनता कब तक इस जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर रहेगी? सरकार जवाब दे कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

# पंजाब में वीआईपी काफिले की गाड़ियों के लिए डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल की शिकायत पर पंजाब पुलिस ने की कार्रवाई**

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को वीआईपी काफिले में चलने वाली गाड़ियों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। साथ ही डीजीपी ने सर्जिकल स्ट्राइक के हीरो रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हुड्डा की कार को वीआईपी काफिले में शामिल पंजाब पुलिस की गाड़ी से टक्कर मारे जाने के पूरे घटनाक्रम पर खेद व्यक्त किया है। पंजाब पुलिस की कार्रवाई पर लेफ्टिनेंट जनरल हुड्डा ने संतुष्टि जताई है। दरअसल, जनरल हुड्डा बुधवार शाम अपनी पत्नी के साथ जीरकपुर फ्लाईओवर से जा रहे थे। इस दौरान अंबाला की ओर जा रहे एक वीआईपी काफिले को एस्कॉर्ट करती दो पंजाब पुलिस की गाड़ियां पीछे से सायरन बजाते हुए आईं। उन्होंने पहली गाड़ी को निकलने देने के लिए अपनी गाड़ी धीमी कर दी। भारी ट्रैफिक के कारण वीआईपी वाहन को निकलने में करीब तीन सेकंड ज्यादा लग गए। इससे पीछे आ रही एस्कॉर्ट जीप का चालक नाराज हो गया और बाईं ओर से ओवरटेक करते हुए जानबूझकर तेजी से दाईं ओर गाड़ी मोड़ दी, जिससे उनकी कार के अगले हिस्से में टक्कर लग गई। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पेशल डीजीपी ट्रैफिक एएस राय को मामले की जांच सौंपी है। दूसरी तरफ जरनल डीएस हुड्डा ने डीजीपी का धन्यवाद किया है। उन्होंने लिखा है कि आपके जवाब की मैं सराहना करता हूं। अगर उस व्यवहार की बात साबित करनी पड़ी, तो क्योंकि वहां डैश कैम नहीं था, मेरी बात पर ही भरोसा करना होगा। इस उठापटक के बीच पंजाब के डीजीपी ने गुरुवार को वीआईपी काफिले में शामिल एस्कार्ट वाहन जब कोई आपात स्थिति न हो, तो हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें। आम लोगों के रास्ते में कम से कम रुकावट हो, इसका ध्यान रखें। यात्रा के दौरान शालीनता और पेशेवर रवैया बनाए रखें। हर हाल में धैर्य और शांति से काम लें। अगर कोई घटना होती है, तो एस्कॉर्ट इंचार्ज तुरंत जानकारी दें। सभी जिलों में 48 घंटे के अंदर एस्कॉर्ट, पायलट और ट्रैफिक स्टाफ को अच्छे व्यवहार के बारे में बताया जाए।

# मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने जारी किया रूट मैप, वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुजफ्फरपुर। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद अब 14 नवंबर को मतगणना का कार्य होना है। मुजफ्फरपुर जिले के 11 विधानसभा क्षेत्र का मतगणना स्थल बाजार समिति में बनाया गया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना का कार्य पूरा करने में जिला प्रशासन की टीम हर मुकम्मल व्यवस्था कर रही है।

इसको लेकर अनुमंडल कार्यालय पूर्वी के तरफ से एक रोड मैप का आदेश जारी किया गया है । इसमें मतगणना को लेकर यातायात प्रबंधन रूट और पार्किंग का डिटेल किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार बाजार समिति मतगणना स्थल की ओर जाने वाली सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत रोक रहेगी। बाजार समिति मतगणना स्थल के गेट संख्या-2 से सभी उम्मीदवार और निर्वाचन अभिकर्ता प्रवेश करेंगे तो गेट संख्या एक से मतगणना पदाधिकारी और कर्मचारी एंट्री करेंगे साथ ही गेट संख्या 2 से ही मीडिया कर्मियों के भी मतगणना स्थल में एंट्री होगी वही मतदान पदाधिकारी और कर्मियों के लिए उनके वाहनों लगाने को पार्किंग के लिए भी जीरो माइल की तरफ से माता गणना के गेट नंबर 1 के बीच भाई एवं दाएं और बैरिकेडिंग के अंदर व्यवस्था की गई है । गेट नंबर 1 और गेट नंबर 2 के बीच चिन्हित पार्किंग स्थल पर सभी सहायक निर्वाचित पदाधिकारी अपना वाहन पार्क करेंगे तथा चुनाव पर्यवेक्षक को वरीय पदाधिकारी गण एवं निर्वाचित पदाधिकारी के वाहन पार्किंग के लिए बाजार समिति मतगणना स्थल के अंदर ही पार्किंग की व्यवस्था की गई है । साथ ही साथ यह भी कहा गया है कि बखरी मोड़ से आने वाले सभी प्रकार के वहां अहियापुर चौक से शाहबाजपुर होते हुए जीरो माइल की तरफ आएगी वहीं दादर पुल, एसकेएमसीएच, अखाड़ाघाट पुल की ओर से आने वाले वाहन बाजार समिति मतगणना स्थल की ओर प्रवेश नहीं करेंगे (अनिवार्य सेवा को छोड़कर) । सभी उम्मीदवार एवं गणन अभिकर्ता अपना वाहन गेट संख्या 2 से बखरी की ओर सड़क के दोनों तरफ लगाएंगे जहां पार्किंग जिला प्रशासन के तरफ से चिन्हित किया गया है। अखाड़ा घाट की तरफ से आने वाले सभी निर्वाचन अभिकर्ता अपना वाहन जीरो माइल सड़क के भाई और चिन्हित पार्किंग स्थल पर रखेंगे दादर पुल और मेडिकल के तरफ से आने वाले निर्वाचित अभिकर्ता अपना वाहन जीरो माइल से मेडिकल की ओर सड़क के दोनों तरफ चिन्हित पार्किंग स्थल पर रखेंगे।

## आईएसआई-पाकिस्तान समर्थित ग्रेनेड हमले के मॉड्यूल का भंडाफोड़, दस गुर्गे गिरफ्तार

लुधियाना। पंजाब में लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए आईएसआई-पाकिस्तान समर्थित ग्रेनेड हमले के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और विदेशी संचालकों के 10 प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी मलेशिया स्थित तीन गुर्गों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित संचालकों के संपर्क में थे, ताकि हथगोले की ढुलाई और डिलीवरी में समन्वय स्थापित किया जा सके। संचालकों ने राज्य में अशांति फैलाने के लिए आबादी वाले इलाके में ग्रेनेड हमला करने का काम सौंपा था। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस पंजाब में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आतंकवाद को खत्म करने और सीमा पार आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## यूपीएससी परीक्षा क्रैक की रहरिया की जया सहाय के गांव पहुंचने पर हुआ स्वागत

अररिया। यूपीएससी की सिविल सर्विसेज परीक्षा 2024 को क्रैक करने वाली रानीगंज के रहरिया गांव की बेटी जया सहाय के गांव पहुंचने पर गुरुवार को उनका स्वागत किया गया।मौजूद ग्रामीणों ने उसे बधाई देते हुए कहा कि यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। जया सहाय की उपलब्धि पर प्रो.नवल किशोर सहाय के आवास पर आयोजित अभिनंदन एवं सम्मान समारोह में उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाईएनपी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अशोक कुमार आलोक ने की।जबकि संचालन शिक्षक सह साहित्यकार संजय कुमार सिंह सारथी ने किया। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ अशोक आलोक ने कहा कि कल तक जया सहाय अपने माता- पिता मुकुल सहाय की बेटी थी,लेकिन आज वह पूरे रहरिया ग्राम ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की बेटी बन गई है।

# दिल्ली-सोनीपत के बीच डीटीसी की अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को महाराणा प्रताप (कश्मीरी गेट) आईएसबीटी से हरियाणा के सोनीपत के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की नई इलेक्ट्रिक बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली से सोनीपत तक नई अंतरराज्यीय बस सेवाओं की शुरुआत हमारे जन-सुविधा के संकल्प को और मजबूत बनाती है। ये आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल ईवी बसें राजधानी और हरियाणा के बीच यात्रा को और अधिक सहज, तेज़ और भरोसेमंद बनाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पड़ोसी राज्यों के बीच पहले बस सेवा हुआ करती थी लेकिन बाद में बंद हो गई थीं। अब दिल्ली सरकार ने तय किया है कि एक-एक करके सभी पुराने रूटों पर बस सेवा को फिर से बहाल किया जाएगा। सितंबर में उत्तर प्रदेश के बड़ौत के लिए ई-बस सेवा शुरू करने के बाद, दिल्ली-सोनीपत ई-बस सेवा इसी दिशा में एक और कदम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार लगातार डीटीसी बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल कर रही है, ताकि सार्वजनिक परिवहन पर्यावरण अनुकूल और प्रदूषण-मुक्त हो। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली का पूरा सार्वजनिक परिवहन जल्द ही पूर्णतः उत्सर्जन से मुक्त हो, जिससे राजधानी में वायु प्रदूषण नियंत्रण और मजबूत हो। इस मौके पर दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## बिहार के सासाराम में राजद उम्मीदवारों का स्ट्रांम रुम में काउंटिंग से पहले ट्रक पहुंचने को लेकर हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद सभी जिलों में अब मतगणना की तैयारियां चल रही हैं। इसी दौरान गुरुवार को रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम के तकिया बाजार स्थित बाजार समिति प्रांगण में स्ट्रांग रूम के बाहर महागठबंधन सहित अन्य दलों के उम्मीदवारों और उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि स्ट्रांग रुम के अंदर सीसीटीवी कैमरा को अचानक बंद कर दिया गया है और एक खाली ट्रक में ईवीएम लाया गया है। हंगामे की शुरुआत तब हुई जब महागठबंधन के उम्मीदवारों को पता चला कि स्ट्रांग रूम के अंदर का सीसीटीवी कैमरा अचानक बंद हो गया है। इसके साथ ही शाम के अंधेरे में एक ट्रक बिना किसी जांच के स्ट्रांग रूम परिसर के अंदर घुस गया। इस पर दिनारा के राजद उम्मीदवार राजेश यादव और सासाराम के राजद उम्मीदवार सत्येंद्र साह अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। वे स्ट्रांग रूम के ठीक सामने धरना पर बैठ गए। उम्मीदवारों ने जिला प्रशासन पर ईवीएम बदलने की साजिश का आरोप लगाया। राजद उम्मीदवार राजेश यादव ने कहा, ''अभी-अभी खाली ट्रक अंदर गया है, उसमें ईवीएम है। शिकायत के बाद भी प्रशासन सुनने को तैयार नहीं।

# बच्चों के रचनात्मक विकास पर दे विशेष ध्यान: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कार्यालय सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने बाल अधिकारों की सुरक्षा, पुनर्वास एवं सर्वांगीण विकास को लेकर गंभीरता दिखाई और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि बालश्रम में लिप्त बच्चों के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाय। उन्होंने बच्चों के रचनात्मक विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने जिला परिवीक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि संवेदनशील बच्चों के चिन्हीकरण का कार्य सहानुभूति से किया जाय और चिन्हित बच्चों को स्पॉन्सर स्कीम से भी जोड़ा जाय। साथ ही उन्होंने बचाव और पुनर्वास की प्रक्रिया को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को जनता के बीच जाकर समन्वय के साथ जागरुकता शिविर एवं आउटरीच सेशन आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही बाल श्रम पर नियमित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य और पुलिस विभाग को वन स्टॉप सेंटर से समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। उन्होंने बाल कल्याण समिति की पिछली कार्यकारिणी के लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने नशामुक्ति अभियान के तहत शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को मिलकर दुकानों में नशीले पदार्थों के संबंध में सघन चेकिंग अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ड्रॉपआउट बच्चों की काउंसलिंग, अनाथ और एकल माता-पिता वाले बच्चों की सूची तैयार की जाए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके। इसके लिए उन्होंने ग्राम प्रहरी, पटवारी और स्थानीय प्रतिनिधियों का सहयोग लेने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में कोई भी बच्चा शैक्षणिक, सामाजिक या मानसिक रूप से उपेक्षित न रहे। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में फँसे बच्चों के पुनर्वास हेतु एक विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिये। बैठक में अवगत कराया गया कि कोटद्वार में राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र में बालिकाओं को विद्यालय जाने, चिकित्सा तथा अन्य आपातकालीन सुविधाओं के लिए वाहन की आवश्यकता है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लेकर वाहन व्यवस्था हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परिवीक्षा अधिकारी ने समिति के कार्यों, उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों को शिक्षा, खेल, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है तथा एक्सपोजर विजिट के माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिव मोहन शुक्ला, अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी अनिल सेमवाल, सहायक बाल विकास अधिकारी आशा रावत आदि शामिल रहे।

## मतदाताओं को धमकाने वाला मुखिया प्रतिनिधि गिरफ्तार

नवादा। बिहार के नवादा में एक मुखिया प्रतिनिधि को ग्रामीणों को डरा-धमकाकर एक विशेष पार्टी को वोट देने के लिए मजबूर करने के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद की गई, जिसमें आरोपी अपने सहयोगियों के साथ ग्रामीणों से मारपीट करते और धमकाते नजर आ रहा था। घटना रोह थाना क्षेत्र की है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त को हिरासत में ले लिया है। सूचना मिलते ही प्राथमिकी दर्जः दिनांक 12 नवंबर 2025 को रोह थाना को सूचना मिली कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में एक व्यक्ति अपने सहयोगियों के साथ मिलकर ग्रामीणों को डरा-धमकाकर और मारपीट करते हुए किसी विशेष पार्टी को वोट देने की बात कह रहा था। इसकी गंभीरता को देखते हुए एक पीड़ित ने थाने में लिखित आवेदन दिया, जिसके आधार पर रोह थाना कांड संख्या 385/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू कर दी गई। वीडियो की सत्यता की पुष्टिः पुलिस ने जांच के दौरान वायरल वीडियो का सत्यापन किया और संबंधित ग्रामीणों से पूछताछ की। पूछताछ में घटना की सत्यता सामने आई, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि वीडियो में दिख रही हरकतें वास्तविक हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063